
भारतीय सेना का कमाल... 110 फुट लंबा बेली पुल 12 घंटे में बनकर तैयार - 7


भारतीय अर्थव्यवस्था को लगे पंख, जीडीपी वृद्धि दर जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत-10


ट्रंप के स्वास्थ्य पर उठे सवालों के बीच वेंस बोले-शीर्ष पद संभालने के लिए तैयार-11


भारतीय हॉकी टीम का एशिया कप में विजयी आगाज-12


आज का मौसम 27.0° अधिकतम तापमान 23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.49 सूर्यास्त 06.38


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष सप्तमी 10:46 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 30 अगस्त 2025, वर्ष 6, अंक 280, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### 61 पैसे टूटकर रुपया सबसे निचले स्तर पर

**मुंबई।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बढ़ते तनाव के बीच रुपया शुक्रवार को पहली बार 88 के स्तर को पार कर गया। यह 61 पैसे की भारी गिरावट के साथ 88 .19 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के भारी शुल्क लगाने, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और महीने के अंत में अमेरिकी डॉलर की मांग से रुपया लगातार दबाव में है। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया।

### भारत की मंगल पर उतरने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत अगले चार दशकों में मंगल ग्रह पर 3डी-मुद्रित आवास स्थापित करने और मनुष्यों को उतारने के लिए पूर्ववर्ती मिशन शुरू करने की योजना बना रहा है। यह बात भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा तैयार किए गए रोडमैप में कही गई है। रोडमैप के अनुसार, भारत की योजना 2047 तक चंद्रमा पर एक 'क्रू स्टेशन' बनाने, खनिजों और अन्य संसाधनों के लिए खनन करने, चालक दल वाले चंद्र भू-भाग वाहनों को संचालित करने और प्रणोदक डिपो बनाने की है, जो अंतर-ग्रहीय अभियानों को ईंधन प्रदान कर सकें और अंतरिक्ष यात्रियों के प्रवास को सहायता प्रदान कर सकें।

# जापान-भारत मिलकर करेंगे प्रौद्योगिकी क्रांति का नेतृत्व

## भारत के विकास में जापान अहम साझेदार : प्रधानमंत्री

**टोक्यो, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां शुक्रवार को जापान को भारत की विकास यात्रा में अहम साझेदार करार देते हुए जापानी उद्योग जगत से विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, नई पीढ़ी के बुनियादी ढांचे , स्वच्छ ऊर्जा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में मिलकर आगे बढ़ने का आह्वान किया और कहा कि जापान की प्रौद्योगिकी और भारत की प्रतिभा मिलकर इस सदी की प्रौद्योगिकी क्रांति का नेतृत्व कर सकते हैं।

जापान की दो दिन की यात्रा पर सुबह यहां पहुंचे मोदी ने अपने जापानी समकक्ष के साथ भारत-जापान आर्थिक फोरम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष रूप से आटो सेक्टर तथा विनिर्माण क्षेत्र में भारत और जापान की साझेदारी की सफलता का उल्लेख करते हुए जापानी उद्योग जगत से भारत के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मैं आप सबसे आग्रह करता हूँ- आइए मेक इन इंडिया , मेक फॉर द वर्ल्ड बनाएं।


संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

### भारत में 10 हजार अरब येन का निवेश करेगा जापान

**तोक्यो।** जापान ने भारत में एक दशक में 10 हजार अरब येन के निवेश का लक्ष्य रखा और दोनों पक्षों ने महत्वपूर्ण खनिजों, रक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक बड़ी रूपरेखा तैयार की। यह निर्णय व्यापार और शुल्क पर अमेरिकी ट्रंप प्रशासन की नीतियों के कारण आर्थिक उथल-पुथल के बीच लिया गया। विशेष रणनीतिक और साझेदारी के विस्तार की घोषणाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के बीच शिखर वार्ता के बाद की गईं।

### चंद्रयान-5 मिशन के लिए किया समझौता

**तोक्यो।** भारत और जापान ने शनिवार को चंद्रयान-5 मिशन के लिए कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए, जो दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा चंद्रमा के ध्रुवीय क्षेत्र का संयुक्त अन्वेषण है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) के बीच हस्ताक्षर किए गए। चंद्रयान-5 मिशन का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में स्थायी रूप से छायांकित क्षेत्र के आसपास के क्षेत्र में पानी समेत अस्थिर पदार्थों का अध्ययन करना है।

# संभल : सपा-कांग्रेस के कार्यकाल में निशाना बने हिंदू

● योगी बोले-डेमोग्राफी बदलने के लिए रची गई थी साजिश

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रतापगढ़**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने संभल हिंसा पर आई न्यायिक आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के शासनकाल में चुन-चुनकर हिंदुओं को निशाना बनाया गया।

उस वक्त हिन्दुओं की डेमोग्राफी (जनसांख्यिकी) बदलने की साजिशें रची गईं। योगी ने संकल्प जताया कि डबल इंजन सरकार किसी भी कीमत पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं होने देगी। जो भी प्रदेश की डेमोग्राफी बदलने का प्रयास करेगा, उसे स्वयं पलायन करना होगा।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को प्रतापगढ़ में 570 करोड़ रुपये की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसके पहले सीएम योगी ने बेल्हा देवी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की।


मुख्यमंत्री को प्रतीक के तौर पर गणेश प्रतिमा देते परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य।

### मोदी पर अभद्र टिप्पणी सूरज पर थूकने जैसा

मुख्यमंत्री ने हाल ही में बिहार में इंडिया गठबंधन की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां पर की गई अभद्र टिप्पणियों पर कहा कि ऐसे लोग राजनीति में रहने के लायक नहीं हैं। इन लोगों को समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उनके प्रति अपशब्दों का प्रयोग का मतलब सूरज पर थूकने जैसा है। यह थूक इनके ऊपर आ रहा है। इन लोगों की भाषा से 140 करोड़ भारतवासी अपने आपको अपमानित महसूस कर रहे हैं।

## उत्तराखंड में बादल फटने से पांच की जान गई, 11 लापता

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तराखंड के चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी और बागेश्वर जिलों में शुक्रवार तड़के बादल फटने, अतिवृष्टि, बरसाती नालों में बाढ़ के साथ मलबा आने और भूस्खलन से पांच की मौत हो गई जबकि 11 से ज्यादा लापता हैं। बागेश्वर के कपकोट के पौसारी गांव में शुक्रवार तड़के पहाड़ी से मलबा आने से आधा दर्जन घर दब गए जिससे दो महिलाओं की मृत्यु हो गई तथा तीन लोग लापता हो गए। चमोली के थराली तहसील के मोपाटा गांव में बारिश व भूस्खलन में कमला देवी उनके पति तारा सिंह की मौत हो गई। रुद्रप्रयाग के बसुकेदार तथा जखोली क्षेत्रों के तालजामण, छेनागाड़, बड़ेथ, स्यूरं, किमाणा तथा अरखुंड में मलबे में दबकर जखोली निवासी सरिता देवी की मौत हो गई जबकि आठ लोग लापता हो गए।

# एमबीबीएस में 64 फर्जी दाखिले

● फ्रीडम फाइटर आश्रित के फर्जी प्रमाणपत्र पर लिए प्रवेश, जांच के बाद दाखिले निरस्त

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** मेडिकल प्रवेश में फर्जीवाड़ा पर लगाम नहीं लग पा रही। बीते वर्ष फर्जी जाति प्रमाणपत्र की तरह इस वर्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के फर्जी प्रमाणपत्र पर एमबीबीएस में बड़ी संख्या में दाखिला लेने का राजफाश हुआ है। जांच में प्रमाणपत्र फर्जी मिलने पर दाखिले निरस्त कर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया फिरोजाबाद स्थित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में एक छात्रा के दाखिले में संदेह होने पर जांच कराई गई। डीएम आगरा ने फ्रीडम फाइटर प्रमाणपत्र को फर्जी बताया। जिसके बाद दाखिला निरस्त कर दिया गया। नौ जिलों में करीब 64 छात्रों के प्रमाण पत्र जाली मिले हैं। संबंधित डीएम को जांच कराकर एफआईआर कराने के आदेश दिए हैं। जिन जिलों में मामले फर्जी पाए गए उनमें बलिया, मेरठ, सहारनपुर, गाजियाबाद, बुलंदशहर, आगरा, वाराणसी और मेरठ शामिल हैं। एमबीबीएस में 88 सीटें फ्रीडम फाइटर कोटे के लिए आरक्षित थीं। इनमें 79 सीटों पर अभी तक दाखिला लिया गया है।







न्यूज ब्रीफ

### योगी ने काशी विश्वनाथ के किए दर्शन-पूजन



**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम दो दिवसीय दौरे पर काशी में पुराधिपति बाबा विश्वनाथ और काशी कोतवाल बाबा काल भैरव के दरबार में हाजिरी लगाई। मुख्यमंत्री ने लोकमंगल और जनकल्याण की कामना के साथ बाबा विश्वनाथ का षोडशोपचार पूजन-अभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। मुख्यमंत्री ने भी भक्तों का अभिवादन स्वीकार किया।

### अक्टूबर में आएगी वृद्धा पेंशन, सत्यापन के निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** अक्टूबर में आने वाली वृद्धा पेंशन की दूसरी किस्त के लिए समाज कल्याण विभाग लाभार्थियों का सत्यापन कराएगा। मुख्यालय से सभी जिलों को सितंबर तक हर हाल में सत्यापन पूर्ण करने के निर्देश जारी किए हैं। इस प्रक्रिया में पहले किस्त पाने वाले 67 .50 लाख लाभार्थी व इस बीच बढ़े नये लाभार्थियों का सत्यापन ईओ व बीडीओ स्तर से कराया जाएगा। समाज कल्याण विभाग भी अपने एडीओ व वीडीओ से सत्यापन कराएगा। इसी माह से प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। निदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रक्रिया के तहत पारदर्शिता के लिए सत्यापन कराएंगे। सभी जिलों को निर्देश जारी किए हैं।

### जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने चेतावनी दी कि भविष्य में सुनवाई के दौरान सक्षम अधिकारियों की अनुपस्थिति पर उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा जाएगा। राजेश वर्मा ने शुक्रवार को इंदिरा भवन, लखनऊ स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जिलों से प्राप्त 30 शिकायतों व पत्रावलियों की जनसुनवाई की। रमेश सिंह एवं दिनेश कुमार के सेवानिवृत्ति बाद देयकों के भुगतान से संबंधित मामले में सहकारिता विभाग के अधिकारियों के उपस्थित न होने पर आयोग ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और प्रमुख सचिव सहकारिता को पत्र भेजने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, सीतापुर की उमा देवी के गांव की भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में उपजिलाधिकारी, सिधौली की लापरवाही को गंभीर मानते हुए नियुक्ति विभाग को अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

### हर घर तक पहुंचाएंगे सड़क : केशव मौर्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सड़कों के बनने से किसानों और ग्रामीण उद्यमों को फायदा हो रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि हर गांव को सड़क से जोड़ा जाए, जैसे हर घर में नल का पानी पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) में ग्रामीण सड़क नेटवर्क को सघन किया जाएगा। वे शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उप्र ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण (यूपीआरआरडीए) और इंडियन रोड कांग्रेस (आइआरसी) द्वारा 'सड़क निर्माण में एफडीआर तकनीक व ग्रीन टेक्नोलाजी का उपयोग' विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार की शुरुआत करते हुए बोल रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि फुल डेप्थ रिक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक से कम लागत में पर्यावरण संतुलन के साथ अधिक टिकाऊ सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

### साइबर अपराधों को लेकर किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर अपराधी इन दिनों स्मार्ट फोन पर सामान्यतौर पर प्रयोग में आने वाले उपयोगी विषयों को हथियार बनाकर आमजन को न केवल ठगी का शिकार बना रहे हैं बल्कि ब्लैकमेल कर वसूली भी कर रहे हैं। इसी विषय पर जागरुक करने के मद्देनजर उ.प्र. राज्य महिला आयोग में साइबर क्राइम, एआई विषयक एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने की। जागरुकता कार्यक्रम में अरुण कुमार द्वारा फिशिंग लिंक और विशिंग कॉल्स से किये जाने वाले साइबर अपराधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने ऑनलाइन बाजार, एटीएम कार्ड, सिम स्वैपिंग या सिम क्लोनिंग से जुड़े साइबर अपराधों के बारे में भी बताकर लोगों को जागरूक किया।

# आतंक के खौफनाक मॉडयूल से संभल बना अराजकता का गढ़

## संभल हिंसा : न्यायिक आयोग की रिपोर्ट में सरकार को दिए गए सबूत, गजवा-ए-हिंद की साजिश से पर्दा हटाने की कोशिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** संभल हिंसा की जांच करने वाले न्यायिक आयोग की रिपोर्ट में वैश्विक आतंकवाद के खौफनाक मॉड्यूल और गजवा-ए-हिंद की साजिश से पर्दा हटाने कोशिश की गई है। आजादी के बाद यहां बार-बार हुए खूनी खेल, लव जिहाद से हिंदू आजिज हो गए। वहां से पलायन के बाद कभी 45 प्रतिशत हिंदुओं की आबादी वाले संभल में अब उनकी जनसंख्या मात्र 15 प्रतिशत ही बच गई है।

संभल हिंसा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार हिंदू आबादी को कम करने के लिए आतंकिस्तान बनाने का गंदा खेल खेला गया है। तुर्कों ने



यहां कन्वर्टेड आतंकियों का नेटवर्क खड़ा किया। संभल में हरकत-उल-मुजाहिदीन, तहरीक-ए-तालिबान, अलकायदा जैसे खौफनाक आतंकी संगठनों का नेटवर्क है। संभल का मौलाना आसिम उमर अमेरिका की टॉपटेन लिस्ट में रहा है। अहमद रजा उर्फ शाहरुख, मोहम्मद आसिफ भी संभल के आतंकी थे। संभल से भारतीय उपमहाद्वीप का अलकायदा चीफ मौलाना असीम था। जबकि जफर मसूद अलकायदा में युवाओं को भर्ती करने का काम पाकिस्तान से करता था। एनआईए और दिल्ली पुलिस ने संभल से इस्लामिक स्टेट के आतंकी पकड़े थे।

संभल का ही हिजबुल मुजाहिद्दीन का आतंकी एक मदरसे का मौलाना शाहरुख था। यहीं से समूचे दक्षिण एशिया में आतंकी नेटवर्क का विस्तार हो रहा था। पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी संभल से निकले आतंकियों का कनेक्शन रहा है। आज भी खुफिया एजेंसियां और पुलिस यहां से गायब चार संदिग्धों का पता नहीं लगा पाई हैं। इन्हीं वैश्विक आतंकियों की टॉपटेन लिस्ट में संभल का कनेक्शन और खास राजनीतिक परिवार और कुछ धर्मगुरुओं का संरक्षण 24 नवंबर 2024 की हिंसा के लिए जिम्मेदार माना गया है।

### पाकिस्तान से चल रहा नेटवर्क, मिले सबूत

आयोग की रिपोर्ट में 24 नवंबर 2024 को हुई संभल हिंसा में हिंदुओं के सफाए की योजना का खुलासा हुआ है। साथ ही हिंदू पलायन की सबसे खौफनाक कहानी भी दर्ज है। कहा गया है कि पाकिस्तान, यहां गजवा ए हिन्द का कनेक्शन चल रहा था। अंतरराष्ट्रीय फंडिंग के तमाम बयान व सबूत भी मिले हैं। संभल से ही पाकिस्तानी घुसपैठियों के तार उजागर हुआ है। तुर्क बनाम कन्वर्टेड हिन्दू पठान के झगड़े से भी कई खुलासे हुए हैं।

### दंगों और लव जिहाद ने बदली जिले की डेमोग्राफी

न्यायिक आयोग ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि बाबर के समय से पांच सौ साल तक मुगलों के अत्याचार होते रहे, बाद में अंग्रेज आए, फिर भी नहीं रुके। लेकिन, देश की आजादी के बाद भी दंगों में बच्चियों के साथ दुराचार हुए। लव जिहाद के नाम हिंदू बहन-बेटियों को जबरदस्ती मुसलमान बनाया गया। उनके घर-खेत ही नहीं, पूजा स्थल तक कब्जाए गए। हिंदू अस्मिता के तमाम ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल-तीर्थ नष्ट-भ्रष्ट कर दिए गए, लिहाजा 30 फीसदी हिंदू आबादी समाप्त हो गई। रिपोर्ट में संभल से ब्रेनवाश और लव जिहाद की सबसे खौफनाक कहानी भी दर्ज है।

### अराजकता फैलाता रहा है जिया उर रहमान बर्क का परिवार

आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि जिया उर रहमान बर्क का परिवार यहां हिंदुओं के खिलाफ आराजकता फैलाता रहा है। उसके डर से सरकारें खौफ में रही हैं। सीएए पर भी जबरदस्ती 6 दिन तक बाजारों को बंद करवाया गया, लेकिन योगी राज में तब भी सख्ती हुई और इसबार दंगों से हिंदुओं की जान बची। जबकि पहले हर दंगे में हिंदुओं पर ही मुकदमे चले। यहां दंगाइयों को सरकार का खुला संरक्षण होता था, हिंदुओं की एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई। नेताओं और जिहादियों का गंदा गठजोड़ था।

### पलायन का प्रोपोगंडा भाजपा सरकार की नाकामी : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को संभल प्रकरण को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों द्वारा पलायन का प्रोपोगंडा फैलाना दरअसल 9 साल पुरानी भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है। अखिलेश का तर्क है कि मानसिक स्तर पर इसका मतलब ये हुआ कि सामाजिक स्तर पर इसका मतलब यह है कि भाजपा सरकार अपनी नफरत की साम्प्रदायिक राजनीति की वजह से समाज में सौहार्द नहीं ला पायी। सपा प्रमुख का आरोप है कि भाजपा सरकार ने गुजरात के लोगों को ठेकों में उत्तर प्रदेश के लोगों से ज्यादा काम दिया। इसलिए काम की तलाश में लोगों को नाउम्मीद होकर दूसरे राज्यों में जाना पड़ा।

# हर खिलाड़ी समाज के लिए हीरो : मुख्यमंत्री

## खेल दिवस पर योगी ने 88 पदक विजेताओं का किया सम्मान, सहायक खेल प्रशिक्षकों को दिए नियुक्ति पत्र

- हर कमिश्नरी में स्पोर्ट्स कॉलेज और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की होगी स्थापना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए कहा कि हर खिलाड़ी अपने आप में समाज के लिए एक हीरो होता है। हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखने, समन्वय स्थापित करने और जीवन में उत्कृष्टता के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने गांव से लेकर प्रदेश तक खेल सुविधाओं के विस्तार का जिक्र करके हुए कहा कि हर कमिश्नरी में स्पोर्ट्स कॉलेज और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना भी हो रही है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को पद्मश्री मोहम्मद शाहिद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता प्रदेश के 88 खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि और सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के उपरांत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच देशभर में सांसद खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसे खेल एवं युवा कल्याण विभाग आयोजित कराएगा।

योगी ने प्रदेश के खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन धनराशि का भी जिक्र किया। बताया कि ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, वर्ल्ड चैंपियनशिप, नेशनल स्टेट गेम्स में एकल और टीम गेम में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से मदद कर रही है। प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए 2 प्रतिशत हॉरिजेंटल आरक्षण लागू किया गया है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, सांसद ब्रजलाल, संजय सेठ, विधायक जय देवी, योगेश शुक्ला, इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



लखनऊ में खिलाड़ी को पुरस्कार देकर सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी।



शॉट लगाकर हॉकी प्रतियोगिता की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

### इन परियोजनाओं का लोकार्पण

- आजमगढ़ के स्पोर्ट्स स्टेडियम में समर्पित छात्रावास भवन का जीर्णोद्धार
- बस्ती के स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्मित छात्रावास भवन का लोकार्पण व खेल अवस्थापनाओं के जीर्णोद्धार संबंधी कार्य
- पीलीभीत के बहुउद्देशीय क्रीड़ाहाल एवं प्रशासनिक भवन का जीर्णोद्धार
- गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में इंडोर वॉलीबाल हॉल का जीर्णोद्धार कार्य
- बांदा के स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिम उपकरणों की स्थापना का कार्य
- मऊ में स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्मित खेल अवस्थापनाओं के जीर्णोद्धार कार्य व सिंथेटिक हॉकी मैदान के निर्माण कार्य का लोकार्पण

### योगी ने शॉट लगाया और शपथ दिलाई

मुख्यमंत्री योगी ने कार्यक्रम के दौरान हॉकी स्टिक से गेंद को हिट करके स्टेट हॉकी प्रतियोगिता की भी शुरुआत की। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल गतिविधियों में सम्मिलित होने और फिटनेस के प्रति जागरूक रहने की शपथ भी दिलाई।

### सीएम ने देखा हॉकी मैच

सीएम योगी ने विजयंत खंड स्थित मोहम्मद शाहिद हॉकी स्टेडियम में स्पोर्ट्स हॉस्टल बनाम स्पोर्ट्स कॉलेज का रोमांचक हॉकी मैच भी देखा। उन्होंने कहा कि यह खेल कितना फास्ट है, कितनी ऊर्जा और टीमवर्क मांगता है। यह मैच इसका जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने नई खेल नीति लागू की है, जिससे खिलाड़ियों को मंच, कोच और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो रहा है।

# यूपी से ही है भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने किया राज्य निर्वाचन आयोग के आधुनिक कार्यालय भवन का शिलान्यास

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अवध विहार योजना में उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आधुनिक कार्यालय भवन का शिलान्यास किया। उहोंने कहा कि यूपी से ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

योगी ने बताया कि करीब 50 करोड़ की लागत से बनने वाला यह भवन 2618.59 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैला होगा और इसमें स्टिल्ट फ्लोर सहित कुल छह मंजिलें होंगी। भवन की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए छत पर 25 हजार लीटर क्षमता का आरसीसी टैंक और भूमिगत स्तर पर एक लाख लीटर क्षमता का अंडरग्राउंड टैंक स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि राजकीय निर्माण निगम 18 महीनों से भी कम समय में इस छह मंजिला आधुनिक भवन का निर्माण पूरा कर देगा। कहा कि यह भवन पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन व्यवस्था को नई मजबूती देगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाएगा।

इस अवसर पर मंत्री ओम प्रकाश राजभर, राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह, यूपी महिला आयोग की अध्यक्ष, एससी-एसटी आयोग की अध्यक्ष, पंचायती राज्य आयोग के अधिकारीगण और अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### बाढ़ पीड़ितों को प्राथमिकता पर दें राहत : योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में विकास परियोजनाओं, कानून-व्यवस्था और बाढ़ राहत कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि बाढ़ पीड़ितों को प्राथमिकता पर राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए और उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति तत्काल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को समय से मुआवजा वितरण हो और राहत कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योगी ने जोर देकर कहा कि जिले में चल रही सभी विकास परियोजनाओं को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने रिंग रोड फेज-2 को जनवरी 2026 तक तथा कज्जाकपुरा फ्लाईओवर को नवंबर 2025 तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 66 बड़ी परियोजनाएं लगभग 15,000 करोड़ की लागत से जनपद में गतिमान हैं।

# राहुल गांधी के खिलाफ याचिका देने वाले को सुरक्षा देने का आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट ने माना, याची को है खतरा, मिल रहीं धमकियां

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाले एस. विग्नेश शिशिर को 24 घंटे सुरक्षा देने के आदेश गृह मंत्रालय, भारत सरकार को दिए हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि प्रथमदृष्टया हम इस बात से संतुष्ट हैं कि मामले में विचार की आवश्यकता है, क्योंकि याची ने एक अत्यधिक शक्तिशाली व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमे कर रखे हैं। उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं। उसे रायबरेली पुलिस के समक्ष स्वयं द्वारा दर्ज करायी गई शिकायत के सिलसिले में उपस्थित भी होना है। इसी के साथ कोर्ट ने गृह मंत्रालय व आईबी तथा अन्य से जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने एस. विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से दलील दी गई कि उसने राहुल गांधी के विरुद्ध जून 2024 में सीबीआई के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। जिसकी विवेचना एंटी करप्शन को स्थानांतरित कर दी गई। कहा गया कि उक्त विवेचना के दौरान याची कई बार जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित हुआ तथा साक्ष्य उपलब्ध कराए।

### चपरासी ने खुद को बताया सीएमएस, मंत्री ने किया निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** खुद को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बताने वाले चपरासी को निलंबित कर दिया गया है। दरअसल, जिला चिकित्सालय फतेहपुर में निरीक्षण के दौरान एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने चपरासी प्रमोद कुमार से परिचय पूछा तो उसने स्वयं को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के स्थान पर कार्यरत बताकर अधिकारियों को भ्रमित करने का प्रयास किया।

मंत्री सचान ने इसे सरकारी आचरण नियमावली का उल्लंघन मानते सख्ती दिखाते हुए मरीजों को गुमराह करने वाले चपरासी प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने के निर्देश दिए। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा प्रमोद कुमार को निलम्बित कर दिया गया।

# पहले व दूसरे मातृत्व अवकाश के मध्य 180 दिनों का अंतराल आवश्यक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक को कोर्ट में प्रस्तुत होने का आदेश दिया

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महिला कर्मचारी के मातृत्व अवकाश आवेदन को अस्वीकार करने के मामले में उत्तर प्रदेश उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक के आचरण को गंभीरता से लेते हुए उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में प्रस्तुत होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि न्यायालय द्वारा कई मामलों में दिए गए स्पष्ट निर्देशों के बावजूद निदेशक ने बिना किसी उचित कारण के मातृत्व अवकाश आवेदन को अस्वीकार किया। यह आचरण कोर्ट के आदेश की सीधी अवमानना है।

कोर्ट ने ध्यान दिया कि वर्तमान मामले में निदेशक ने कोर्ट के बाध्यकारी निर्देशों की अनदेखी की और वही आधार दोहराया, जिसे कोर्ट पहले ही खारिज कर चुकी है। उक्त तल्ख टिप्पणी न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने सुशीला पटेल की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। उत्तर प्रदेश के बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में कार्यरत एक महिला कर्मचारी ने मातृत्व अवकाश के संबंध में संबंधित निदेशक के समक्ष एक आवेदन किया, जिसे निदेशक ने यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि पहले और दूसरे मातृत्व अवकाश के बीच दो वर्ष का अंतराल पूरा नहीं हुआ।

कोर्ट ने अप्रैल 2022 में गुड्डी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि मातृत्व अवकाश की मंजूरी के लिए दो गर्भधारण के बीच 180 दिन या दो वर्ष का अंतराल अनिवार्य नहीं है। इसके बावजूद याची के 7 दिसंबर 2024 को दाखिल नए आवेदन को भी निदेशक ने उसी आधार पर खारिज कर दिया। अंत में कोर्ट ने निदेशक को आदेश दिया कि वे 1 सितंबर को व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत हों और बताएं कि क्यों न उनके विरुद्ध न्यायालय अवमानना अधिनियम, 1971 के तहत कार्रवाई शुरू की जाए।

### राधा अष्टमी में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना

**मथुरा, एजेंसी :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के बाद अब मथुरा में राधा अष्टमी का पर्व पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाने की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और बरसाना स्थित श्री राधारानी मंदिर में 30 अगस्त से शुरू होने वाले इस दो दिवसीय उत्सव में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यह उत्सव 30 अगस्त की शाम को शुरू होगा, जब नंदगांव और बरसाना के गोस्वामी समुदाय के लोग मंदिर में बधाई गान प्रस्तुत करेंगे। श्री राधारानी मंदिर के सेवायत सुशील गोस्वामी ने बताया कि मंदिर बंद होने के बाद, भक्तों और संतों द्वारा बरसाना में विभिन्न स्थानों पर भजन और बधाई गान किए जाएंगे।

पहल | पीईटी परीक्षा की तारीख, परीक्षा केंद्र और सभी जानकारी एप पर मौजूद

# अधीनस्थ सेवा आयोग का एप देगा समाधान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्र गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं एप
- मोबाइल एप पर होगी अधीनस्थ सेवा आयोग की पूरी जानकारी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने अपना मोबाइल एंड्रायड एप लांच किया है। इस एप के माध्यम से छात्रों को आयोग की परीक्षा संबंधित सभी जानकारियां एक क्लिक पर मौजूद होंगी। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) परीक्षा समेत सभी एग्जाम की जानकारी, डेट, परीक्षा केंद्र और परिणाम सहित सभी जानकारी हासिल की जा सकती हैं। आगामी 6 और 7 सितंबर को होने वाली पीईटी के ठीक पहले आयोग ने अपना एप जारी किया है। जिसे मोबाइल में डाउनलोड कर छात्र न केवल



अपनी परीक्षा केंद्र की जानकारी ले सकते हैं, बल्कि प्रवेश पत्र भी निकाल सकते हैं।

आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 01 परीक्षा/2025 प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 की लिखित परीक्षा आगामी 6 व 7 सितम्बर को प्रदेश के 48 जनपदों में प्रत्येक दिन दो पालियों में आयोजित होने जा रही है। यह एक प्रकार से अर्हता परीक्षा होती है। जिसके आधार पर आयोग अपनी अन्य परीक्षाओं में अभ्यर्थियों का मूल्यांकन करता है। आयोग द्वारा परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना 27 अगस्त को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट upsssc.gov.in पर जारी की जा चुकी है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आयोग ने नई डिजिटल पहल की है। जिसमें एंड्रॉएड मोबाइल एप लांच किया गया है। इसे गूगल प्ले स्टोर पर एंड्रॉएड एप उपलब्ध कराया गया है। हालांकि आयोग ने पहली बार अभ्यर्थियों के पंजीकृत ईमेल पर परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना भेजी है।

### तकनीकी माध्यमों से बढ़ेगी सुविधा

आयोग का कहना है कि तकनीकी माध्यमों से और अधिक सुगम, पारदर्शी व त्वरित सेवाएं प्रदान करने का लक्ष्य है। इस पहल से परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी, अनावश्यक कठिनाइयां कम होंगी और अभ्यर्थी अपने समय व संसाधनों का प्रभावी उपयोग कर सकेंगे। भविष्य में इस मोबाइल एप में और भी सुविधाएं जोड़ी जाएंगी, ताकि अभ्यर्थियों को एक ही मंच पर सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

### प्रदेश के दो विवि में 518 शैक्षिक पदों का सृजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद और मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर में कुल 518 अस्थायी शैक्षिक पदों के सृजन को स्वीकृति दी है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के लिए प्रोफेसर के 39, एसोसिएट प्रोफेसर के 78 एवं असिस्टेंट प्रोफेसर के 156 यानी कुल 273 पद तथा मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के लिए प्रोफेसर के 35, एसोसिएट प्रोफेसर के 70 एवं असिस्टेंट प्रोफेसर के 140 यानी कुल 245 पद सृजित किए गए हैं। सभी नियुक्तियां निर्धारित प्रक्रिया और आरक्षण संबंधी नियमों का अनुपालन करते हुए की जाएंगी।

# दोषी का बचना नहीं, निर्दोष का फंसना घातक : राज्यपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सिविल जज प्रशिक्षुओं को दिया निष्पक्षता का संदेश



**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) 2022 बैच के 70 नवनियुक्त प्रशिक्षुओं ने शुक्रवार को राजभवन में मुलाकात ती। इस दौरान राज्यपाल ने प्रशिक्षु न्यायाधीशों को सीख देते हुए कहा कि न्यायिक पद की सबसे बड़ी कसौटी निष्पक्षता और संवेदनशीलता है। किसी दोषी का छूट जाना उतना घातक नहीं, जितना किसी निर्दोष को सजा मिलना।

राज्यपाल ने प्रशिक्षुओं को संदेश दिया कि वे जनता की समस्याओं को सहानुभूति से सुने और हर निर्णय में मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं। न्याय केवल कानून की किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के दर्द को समझने और सही समय पर न्याय देने की जिम्मेदारी भी है। अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जेलों में अधिकांश कैदी दहेज प्रथा, भूमि विवाद और धोखाधड़ी जैसे मामलों से जुड़े होते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे अपराधों की रोकथाम के लिए संवाद व जागरूकता कार्यक्रम जरूर चलाए जाएं।

न्यूज ब्रीफ

### अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के लिए उत्तराखंड तैयार : धामी

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड अब अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के आयोजन के लिए तैयार है। शुक्रवार को राजधानी देहरादून में मेजर ध्यानचंद जयंती पर बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह में मुख्यमंत्री ने परेड ग्राउंड में एथलेटिक सिंथेटिक ट्रैक बनाने और पवेलियन फुटबाल ग्राउंड में सिंथेटिक फुटबाल टर्फ लगाने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने खेल स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों मानसी नेगी को खेल विभाग और मो. अरशद को पुलिस विभाग में आउट ऑफ टर्न नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए।

### रेल पटरी से युवक व युवती के कटे शव मिले

**बांदा, एजेंसी :** ललितपुर जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को पुलिस ने रेल पटरी से एक युवक और एक युवती के कटे शवों को बरामद किया। ललितपुर के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कालू सिंह ने बताया कि तलाशी से मिले पहचान पत्रों से उनकी पहचान शिवानी (20) निवासी गुमाई बांदा और अशोक रैकवार (21) निवासी चंदला छतरपुर (मप्र) के रूप में हुई है। हादसे की सूचना दोनों के परिजनों को देकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

### 32 हजार स्वंयसेवक बिछायेंगे 28 लाख दीप

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम की नगरी अयोध्या एक बार फिर दीपोत्सव के भव्य आयोजन के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बार राम की पैड़ी पर नौवें आयोजन के दौरान 26.11 लाख दीप प्रज्वलन का लक्ष्य रखा है। इसके लिए 32 हजार स्वंयसेवक 28 लाख दीप बिछाएंगे और प्रज्वलित करेंगे। 19 अक्टूबर की शाम लेजर लाइट शो और ग्रीन आतिशबाजी से और भी आकर्षक होगा। यह आतिशबाजी पर्यावरण के अनुकूल होगी, जिससे प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी। दीपोत्सव के इस आयोजन में स्थानीय लोगों के साथ-साथ देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की भी भारी भीड़ की उम्मीद है।

# पंजीकरण केवल विवाह का प्रमाण वैधता का आधार नहीं : हाईकोर्ट

## कोर्ट ने कहा- हिंदू विवाह केवल रजिस्ट्रेशन के अभाव में नहीं माना जा सकता अवैध

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विवाह विच्छेद के एक मामले में अपने महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि हिंदू विवाह केवल पंजीकरण के अभाव में अवैध नहीं माना जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि विवाह का पंजीकरण सिर्फ़ सुविधाजनक साक्ष्य के रूप में है, लेकिन यह विवाह की वैधता की शर्त नहीं है। हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 8 की उपधारा (5) इस बात को साफ़ तौर पर स्पष्ट करती है कि यदि विवाह का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ हो तो भी विवाह की वैधता प्रभावित नहीं होती।

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि पंजीकरण प्रमाणपत्र केवल विवाह का प्रमाण है, न कि विवाह की वैधता का आधार। इस आधार पर किसी विवाह को अमान्य ठहराना कानून के विपरीत होगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की एकलपीठ ने सुनील दूबे की याचिका स्वीकार करते हुए पारित किया।

मामले के अनुसार याची और उनकी पत्नी ने 23 अक्टूबर 2024 को आपसी सहमति से तलाक की संयुक्त याचिका दाखिल की थी। कार्यवाही के दौरान परिवार न्यायालय, आजमगढ़ ने विवाह पंजीकरण प्रमाणपत्र दाखिल करने का



निर्देश दिया। चूंकि विवाह जून 2010 में हुआ था और उस समय पंजीकरण नहीं कराया गया था, पति ने प्रमाणपत्र दाखिल करने से छूट मांगी। पत्नी ने भी इसका समर्थन किया, लेकिन परिवार न्यायालय ने हिंदू विवाह और तलाक नियम, 1956 के नियम 3(ए) का हवाला देते हुए छूट की अर्जी खारिज कर दी। इस आदेश को चुनौती देते हुए पति ने हाईकोर्ट में वर्तमान याचिका दाखिल की। जिस पर विचार करते हुए कोर्ट ने पाया कि 1955 के अधिनियम की धारा 8 में पंजीकरण का प्रावधान है। लेकिन यह अनिवार्य नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2017 में विवाह पंजीकरण नियम बनाए हैं। लेकिन इन नियमों में भी स्पष्ट है कि पंजीकरण के अभाव में विवाह अवैध नहीं होगा।

कोर्ट ने दोहराया कि विवाह का पंजीकरण साक्ष्य की सुविधा के लिए है, न कि विवाह की वैधता का निर्धारक तत्व।

### महिला ने कलेक्ट्रेट में बच्चे के साथ किया आत्मदाह का प्रयास

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जमीन के लिए एक महिला ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर बच्चे के साथ आत्मदाह की कोशिश की। महिला एडीएम प्रशासन की गाड़ी के शीशे पर पत्थर मार गाड़ी और खुद पर तेल उड़ेलकर आग लगाने लगी। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह बच्चे को छुड़वाकर माचिस छीनी। डीएम के निर्देश पर एसएसपी ने जांच सीओ हाईवे को सौंप दी।

थाना मूंढापांडे के नियामतपुर इकरौटिया निवासी अली जान और मियां जान दो भाई थे। अली जान ने 25 साल पहले बिहार के गया निवासी एक महिला से शादी कर ली थी। जो पहले से ही शादीशुदा थी। उस पर पांच वर्षीय बेटी थी। शादी के बाद महिला बेटी को लेकर नियामतपुर इकरौटिया आ गई। वह लगभग पांच साल तक अली जान के साथ रही। इसी बीच तीन बेटे जन्मे। 2004 में अली जान की मौत हो गई

## योनो एप एक्टिवेशन के नाम पर 4.12 लाख रुपये ठगे

**संवाददाता, हल्द्वानी**

- **साइबर ठग ने 1.50 लाख रुपये का लोन भी निकाल दिया**

**अमृत विचार:** एसबीआई योनो एप को एक्टिव कराने के प्रयास में हल्द्वानी निवासी एक सेवानिवृत्त कर्मचारी से अज्ञात साइबर ठगों ने 4.12 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। साइबर ठग ने उनके नाम पर लोन भी निकाल दिया।

पीड़ित हरीश चंद्र खुल्वे, निवासी वार्ड नंबर 9, विवेकानंद इनक्लेव, तल्ली बमौरी ने बताया कि वे फॉरेस्ट विभाग से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने 29 जुलाई 2025 को एसबीआई मुखानी शाखा में योनो एप एक्टिवेट कराने के लिए संपर्क किया था, लेकिन एप एक्टिवेट नहीं हो सका। अगले दिन 30 जुलाई को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एसबीआई का कर्मचारी बताया और एप एक्टिवेशन के लिए जरूरी जानकारी मांगी।

पीड़ित ने कहा कि वह बैंक गए थे, इसलिए उन्हें भरोसा हो गया कि फोन करने वाला बैंक का ही कोई कर्मचारी है। पीड़ित ने आधार कार्ड नंबर और बैंक खाता संख्या साझा कर दी। उसके बाद व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से बात हुई, जिसमें ठग ने ओटीपी साझा न करने की हिदायत भी दी। हालांकि, कुछ समय बाद हरीश चंद्र ने अपने मोबाइल में बैलेंस चेक किया तो पाया कि उनके खाते से 2.50 लाख और एक लाख की तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 4,12,000 रुपये निकाल लिए गए हैं।

## शव का लावारिस में पोस्टमार्टम कराने में 6 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** साथियों संग बृजघाट से कांवड़ लेने गया अजीत घायल अवस्था में अमरोहा के डिडौली क्षेत्र में घायल अवस्था में पड़ा मिला तो उसे टीएमयू में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी।

पाकबड़ा पुलिस ने 72 घंटे बाद बगैर तस्दीक कराए उसका लावारिस में अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के बाद परिजन पोस्टमार्टम रिपोर्ट मांगने पहुंचे तो पुलिस ने रिपोर्ट देने के लिए भी शर्त रख दी। पुलिस के रवैये से परेशान युवक की मां सर्वेश देवी एसएसपी के पास पहुंची। गुरुवार देर रात रात पाकबड़ा इंस्पेक्टर विनोद कुमार समेत छह को लाइन हाजिर कर दिया। एसएसपी ने पूरे प्रकरण की जांच सीओ हाईवे को सौंपकर सात दिन के अंदर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है।

थाना मझोला क्षेत्र के मोहल्ला एकता कॉलोनी आजाद नगर निवासी अजीत मोहल्ले के ही दीपक, किशन, सुनील समेत चार युवकों के साथ 27 जुलाई की रात लगभग 8 बजे बृजघाट से कांवड़ लेने के लिए गया था। उसी रात में अमरोहा जिले के डिडौली क्षेत्र के दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर राहगीरों ने अजीत को लहूलुहान स्थिति में पड़ा देखा तो डिडौली पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और घायल को पाकबड़ा क्षेत्र के टीएमयू अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां 29 को उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। अस्पताल प्रशासन ने जानकारी पाकबड़ा पुलिस को दी। पुलिस ने पंचनामा भर शव की शिनाख्त नहीं होने पर मोर्चरी में रखवा दिया। उधर, जब अजीत घर वापस नहीं पहुंचा तो परिजनों ने मझोला थाने में 29 जुलाई को गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

### अमर ज्योति कंपनी मामले में अगली सुनवाई 10 सितंबर को

**बदायूं, अमृत विचार :** अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी हजारों लोगों के करोड़ों रुपये लेकर भाग चुकी है। कंपनी के निदेशक और एजेंटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने दर्ज कराए गए तीन मामलों की फाइल एकत्र करके एक साथ सुनने का फैसला लिया है। तीन अन्य मामलों में उन्हें आंतरिम जमानत मिल चुकी है। अगली सुनवाई 10 सितंबर नीयत की गई है। अधिवक्ताओं के अनुसार कोर्ट ने निदेशकों से निवेशकों के रुपये लौटाने के संबंध में योजना के बारे में पूछा। निदेशक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। बस और समय देने की मांग करते रहे। कोर्ट ने कहा कि किसी भी प्रकार का बहाना नहीं चलेगा। निदेशक बताएं वह रुपये कब और कैसे लौटाएंगे।

## नाबालिग को मोबाइल न देने व बेटियों को रिवॉल्वर थमाने के प्रस्ताव पर छिड़ी बहस

**बागपत, एजेंसी**

- **राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी ने रिवॉल्वर देने को गलत बताया**

जिले में नाबालिग लड़कियों को मोबाइल से दूर रखने की सलाह और बेटियों को रिवॉल्वर थमाने के प्रस्ताव को लेकर बहस छिड़ गई है। राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने नाबालिग लड़कियों को मोबाइल फोन देने को पूरी तरह गलत ठहराते हुए उस पर रोक लगाने की वकालत की है, जबकि अभा क्षत्रिय महासभा की महापंचायत में बेटियों को आत्मरक्षा के लिए रिवॉल्वर देने का प्रस्ताव आया है। भराला गुरुवार को खिंदोड़ा गांव में एक लापता बच्ची के परिजनों से मिलने पहुंचीं थीं।

उन्होंने कहा कि 18 साल से कम उम्र की लड़कियों को मोबाइल फोन नहीं देना चाहिए। मोबाइल की वजह से आए दिन ब्लैकमेलिंग, वीडियो वायरल किये जाने और आत्महत्या जैसी घटनाएं सामने आती हैं। अभिभावकों को बेटियों की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए। इससे पहले अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष ठाकुर कुंवर अजय प्रताप सिंह ने रविवार को गौरीपुर मितली गांव में आयोजित ठाकुर समाज की केसरिया महापंचायत में कहा था कि बदलते हालात में विवाह के समय सोना-चांदी के बजाय बेटियों को आत्मरक्षा के लिए तलवार, कटार या रिवॉल्वर दी जानी चाहिए। इन बयानों पर स्थानीय महिलाओं और समाजसेवियों की राय बंटी नजर आई। लधवाड़ी गांव की प्रधान शुभलक्ष्मणा ने कहा कि रिवॉल्वर कन्यादान में देना व्यावहारिक नहीं है। इसका मतलब होगा कि आप बेटी को घर बसाने के लिए नहीं, बल्कि अपराध की राह पर भेज रहे हैं। हां, आत्मरक्षा का प्रशिक्षण हर लड़की को मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मोबाइल पर पाबंदी की बात सही है, कम उम्र में फोन नहीं मिलना चाहिए। वहीं गौरीपुर हबीबपुर ग्राम पंचायत की प्रधान राधा ने कहा कि मोबाइल हो या रिवॉल्वर, हर चीज का सकारात्मक और नकारात्मक पहलू है। उन्होंने कहा कि मोबाइल शिक्षा और जानकारी का जरिया भी है। सवाल जिम्मेदारी और नियंत्रण का है। सही मार्गदर्शन मिले तो किसी पाबंदी की जरूरत नहीं। महिला जनशक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष मधु शर्मा ने कहा कि आज की परिस्थितियों में मोबाइल पढ़ाई और सुरक्षा का जरिया है। रिवॉल्वर देना कोई व्यावहारिक समाधान नहीं है।

### छह दिन के भीतर बाघ ने दो किसानों की ली जान

**सीतापुर, अमृत विचार:** बाघ ने हमला कर किसान को मौत के घाट उतार दिया। पिछले छह दिनों के भीतर बाघ के दूसरे हमले से अब तक दो किसान की मौत हो चुकी है। पांच किमी से कुछ अधिक सर्किल क्षेत्र में हुई घटना को लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग को जिम्मेदार ठहराया। बढ़ते आक्रोश के बीच भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। डीएफओ का कहना है कि बाघ का हमला है या नहीं ये पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट किया जा सकता है।

महोली तहसील क्षेत्र के बसारा गांव वासी 50 वर्षीय किसान राकेश कुमार खेत में घास काटने निकले थे, तभी यूकेलिप्टस पेड़ के नजदीक झाड़ियों के पास से अचानक बाघ सामने आ गया, किसान के भागने से पहले ही बाघ झपट पड़ा, चीख – पुकार के बीच खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़ पड़े, बाघ भीड़ बढ़ती देख किसान को छोड़कर भाग निकला।

## शाहजहांपुर के सामूहिक आत्महत्या में पहली गिरफ्तारी

**संवाददाता, शाहजहांपुर/ रोजा**

- **पुलिस ने सूदखोर शैंकी आनंद को गिरफ्तार किया**

**अमृत विचार:** दुर्गा इन्कलेव में मासूम बेटे को जहर पिलाकर आत्महत्या करने वाले दंपती के मामले में रोजा पुलिस ने मुख्य आरोपी सूदखोर शैंकी आनंद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूदखोर से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने फरार दो सूदखोरों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगा दिए है। पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में गैर जिले गई है।

रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला दुर्गा इन्कलेव कालोनी निवासी संध्या मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी पुत्री शिवांगी की शादी 8 वर्ष पूर्व सचिन ग्रोवर निवासी दुर्गा इन्कलेव कॉलोनी थाना रोजा के साथ की थी। उसके दामाद सचिन की संकट मोचन मंदिर के मोहनगंज में हरियाणा हैंडलूम के नाम से व्यवसाय करते थे। उसके दामाद ने अपने व्यवसाय के लिए शैन्की आनंद व विक्की बग्गा निवासी रामनगर कॉलोनी थाना सदर बाजार व देवांग खन्ना निवासी चौक कोतवाली से पैसा ब्याज पर उधार लिया था। जो सूदखोर और अपराधी किस्म के व्यक्ति हैं। आरोपी मनचाहा ब्याज उसकी बेटी शिवांगी व दामाद सचिन से वसूला करते थे। उसकी बेटी व दामाद अदायगी करते-करते परेशान थे। तीनों सूदखोर आपस में साजिश करके उसकी बेटी व दामाद को परेशान किया करते थे। उसकी बेटी व दामाद इस प्रताड़ना से काफी परेशान हो गए थे। सूदखोरों ने दामाद और बेटी से कहा कि कहीं से रुपये लाकर दो। उसके दामाद रचिन ने अपने भाई मोहित व अन्य परिवार से मदद मांगी तो किसी ने नहीं की। प्रताड़ना से तंग आकर उसकी बेटी व दामाद ने सुसाइड नोट लिखा। 26 अगस्त की रात में अपने पुत्र फतेह को कोल्डड्रिंक में जहर मिलाकर पिला दिया और उसकी बेटी व दामाद ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सूदखोर आरोपी शैन्की आनंद, विक्की बग्गा व देवांग खन्ना के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

### विमान में बैठते ही हालत बिगड़ी, अस्पताल में मौत

**सरोजनीनगर, अमृत विचार:** दिल्ली जाने के लिए शुक्रवार को विमान में सवार हुए राजधानी के बुजुर्ग की हालत बिगड़ गई। उन्हें एंबुलेंस से लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि लखनऊ निवासी ऋषि राज शर्मा (88) शुक्रवार सुबह पत्नी रितु के साथ दिल्ली जाने के लिए चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंचे। उन्हें सुबह 9 बजे एयर इंडिया के विमान एआई 2500 से दिल्ली जाना था।

## मलबे ने रोका हल्द्वानी-भीमताल मार्ग

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** बारिश की वजह से मार्गों का बंद होने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को हल्द्वानी से भीमताल मार्ग पर ब्रिज के पास मलबा आ गया। मलबे के बाद यातायात पूरी तरह से बंद हो गया। जेसीबी की मदद से मलबा हटाया गया और करीब तीन घंटे बाद मार्ग पर यातायात सुगम हो पाया।

हल्द्वानी-भीमताल राज्य मार्ग संख्या 10 पर एचएमटी से आगे ब्रिज के सामने वाली पहाड़ी से



मार्ग पर आया मलबा।

मलबा आने लगा। अचानक ही मलबा आने से लोग इधर-उधर भागने लगा। मलबा काफी देर तक नीचे आता रहा।

मलबा आने के बाद मार्ग पर बड़े बोल्डर भी आ गए। दोनों ही तरफ का यातायात बंद हो गया। इस मार्ग का इस्तेमाल करके लोग हल्द्वानी से भीमताल, भवाली, रामगढ़, मुक्तेश्वर, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, रानीखेत और चंपावत आदि स्थानों पर जाते हैं। एक तरह से यह मार्ग कुमाऊं की लाइफ लाइन है। संबंधित विभाग ने मार्ग को खुलवाने के लिए जेसीबी की मदद से मलबा हटाया।

### पुलिस को मनमाने ढंग से हिस्ट्रीशीट खोलने का निरंकुश अधिकार नहीं

**विधि संवाददाता, प्रयागराज : अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आठ साल पुराने केस में हिस्ट्रीशीट फिर से खोलने पर आपत्ति जताते हुए स्पष्ट किया कि पुलिस किसी व्यक्ति की पसंद या नापसंद के आधार पर उसकी हिस्ट्रीशीट नहीं खोल सकती। कोर्ट ने कहा कि हिस्ट्रीशीट दर्ज करने या निगरानी रजिस्टर में नाम दर्ज करने के लिए ठोस और विश्वसनीय सामग्री आवश्यक है।

## मृत पुलिसकर्मियों के परिजन को दी गई सहायता राशि

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शुक्रवार को मुख्यालय में हादसों में मृत हुए पुलिसकर्मियों के परिजन और घायल पुलिसकर्मियों को 20 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की। राशि बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ हुए पुलिस सैलरी पैकेज समझौते के तहत प्रदान की गई है।

पुलिस मुख्यालय में आयोजित सादे समारोह में डीजीपी राजीव कृष्ण ने लखीमपुर खीरी में तैनात दरोगा विनोद कुमार सिंह के परिजन को दो करोड़ रुपये की चेक दी। विनोद की 14 मार्च 2025 को ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इसी तरह मेरठ में तैनात प्रदीप कुमार की कार ट्रक से टकराने से मौत 30 अप्रैल को हो गई। मुजफ्फरनगर में तैनात एसआई नीरज कुमार की ड्यूटी के दौरान 16 मार्च, प्रतापगढ़ में तैनात शेषनाथ सिंह यादव की ड्यूटी के दौरान 8 फरवरी, प्रयागराज में तैनात महिला एसआई नेहा शुक्ला की 12 दिसंबर 2024 को सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इन सभी पुलिसकर्मियों के परिजन को 1.70-1.70 करोड़ रुपये के चेक दिए गए। डीजीपी कार्यालय में तैनात कांस्टेबल अभय कुमार की 30 अप्रैल को सड़क हादसे में मौत हो गई थी। उनके परिजन को 1.90 करोड़ रुपये का चेक दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य मृत पुलिसकर्मियों के परिजन को भी सहायता राशि प्रदान की गई। इस दौरान एडीजी लॉ एडं ऑर्डर अमिताभ यश, आईजी पुलिस भवन कल्याण आरके भारद्वाज, बैंक ऑफ बड़ौदा के जीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एजीएम कमलेश राठौर, शाखा प्रबंधक शिशिकांत सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।




पुलिस मुख्यालय में मृत पुलिसकर्मियों के परिजन को चेक प्रदान करते अधिकारी।

## निवेशकों ने प्रदेश में 1,63,324 करोड़ के प्रस्तावों में दिखायी दिलचस्पी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- **एमएसएमई निर्यात संवर्धन परिषद से जारी की रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** एमएसएमई निर्यात संवर्धन परिषद से शुक्रवार को जारी एक स्टडी के मुताबिक, 2024-25 में राज्य ने 1,63,324 करोड़ रुपये के नए निवेश प्रस्ताव आकर्षित किए हैं, जबकि 2023-24 में यह 1,59,200 करोड़ रुपये था। एमएसएमई ईपीसी के अध्यक्ष डॉ. डी.एस. रावत ने बताया कि वित्त वर्ष 2021-22 और 2024-25 के बीच, राज्य ने 6,14,049 करोड़ रुपये की परियोजनाएँ आकर्षित की हैं। उन्होंने बताया कि ये आँकड़े सेंटर फॉर मॉनिटरिंग ऑफ इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) से लिए गए हैं।

2024-25 में 1,63,323 करोड़ रुपये के निवेश में से, निजी क्षेत्र ने 1,20,455 करोड़ रुपये के प्रस्तावों की घोषणा की है। यह भी ध्यान दिया गया कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा फिनटेक, एआई, एडटेक और डीप-टेक स्टार्टअप्स के लिए प्रमुख केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं, जहां प्रमुख वैश्विक कंपनियां निवेश में रुचि दिखा रही हैं। कारखानों और औद्योगिक रोजगार के मामले में यह राज्य शीर्ष राज्यों में शुमार है।

यूपी में 2021-22 से 2024-25 के बीच निवेश, विकास और वृद्धि पर अध्ययन के दूसरे संस्करण को जारी करते हुए, रावत ने कहा, 2021-22 के दौरान, सभी परियोजनाओं के लिए नया निवेश 1,18,625 करोड़ रुपये का था, 2022-23 में 1,72,900 करोड़ रुपये, 2023-24 में कुल प्रस्ताव 1,59,200 करोड़ रुपये और 2024-25 में 1,63,323 करोड़ रुपये के थे।

2024-25 में, 64,634 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पूरे हो चुके थे और बकाया परियोजनाएं 15,55,855 करोड़ रुपये की परियोजनाएं लंबित थीं। इसलिए, लागत वृद्धि से बचने के लिए, एमएसएमई ईपीसी ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रस्तावों को शीघ्रता से पूरा करने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति के गठन का सुझाव दिया है।

**पर्यटन क्षमता का पूरा दोहन करने की आवश्यकता :** उत्तर प्रदेश घरेलू और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने वाले शीर्ष तीन राज्यों में शामिल है। खासकर आगरा, वाराणसी, लखनऊ, अयोध्या और सारनाथ प्रमुख पर्यटक स्थल हैं।

संभल हिंसा रिपोर्ट

कोई ईंट भट्ठा व प्रापर्टी का धंधा तो कोई लगा रहा प्लास्टिक के सामानों का ठेला

# न्यायिक आयोग ने जिन्हें खूंखार आतंकी माना, वे कर रहे व्यापार

**धीरेंद्र सिंह, लखनऊ**

**अमृत विचार :** संभल का एक सच यह भी है कि न्यायिक आयोग ने जिन्हें खूंखार आतंकी और गजवा-ए-हिंद का सिपहसालार माना है, वे जेल से छूटकर व्यापार कर रहे हैं। कोई ईंट-भट्ठा चला रहा है, तो कोई मैंथा की ट्रेडिंग कंपनी चला रहा। एक मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में पढ़ाता है, जबकि एक आतंकी प्लास्टिक के सामानों का ठेला लगाता है। सिर्फ तिहाड़ से सजा काटकर लौटा अलकायदा का भारत चीफ मो. आसिफ और आतंकी बनाने वाला जफर मसूद उर्फ गुड्डू को ही संभल प्रशासन ने जिला बदर किया है।

### न्यायिक आयोग ने जेल से छूटे कुछ आरोपियों पर लगाए गंभीर आरोप

दिल्ली पुलिस, संभल पुलिस के बाद यूपी एटीएस ने भी वर्ष 2023 में संभल के पक्का बाग निवासी अलीगढ़ तक टैक्सी चलाने वाले नाजिम, डूगर सराय निवासी अलीगढ़ में पढ़ने वाले नोमान और चंदौसी के नावेद को गिरफ्तार करके लखनऊ में केस दर्ज किया था। ये सभी जेल से छूट गए हैं। हालांकि न्यायिक आयोग की रिपोर्ट में इन पर दर्ज मामलों के आधार पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

### आतंकवादी गतिविधियों में शामिल, कोर्ट से हुए बरी

आतंकवादी और आईएसआई गतिविधियों में संभल के असद हिलाल, हबीबुर्रहमान, मो. वसीम और हनीफ को पकड़ा गया था। सभी पर हिजबुल मुजाहिदीन के साथ जुड़े होने का आरोप है। जेल से छूटने के बाद असद हिलाल ईंट-भट्ठा चला रहा है। हबीबुर्रहमान का निजी व्यापार चल रहा है। वसीम ईंट-भट्ठा और मैंथा ट्रेडिंग का व्यापार कर रहा है। उसके भाई का अस्पताल है। इसी तरह सिमी की गतिविधियों में हिफजुर्रहमान उर्फ हिफजी और रईस अहमद गिरफ्तार होने के बाद कोर्ट से बरी हो गए। रईस मिशन इंटरनेशनल एकेडमी हयातनगर में पढ़ा रहा है। जबकि हिफजी वर्तमान में प्लास्टिक के सामानों का मोहल्ला सरायतरीन में ठेला लगाता है।

संभल में बीते साल 24 नवंबर को हुए मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा हुई थी। पुलिस पर हमले किए गए। जांच में हाइकोर्ट के सेवानिवृत न्यायमूर्ति देवेंद्र अरोड़ा, पूर्व डीजीपी एके जैन और सेवानिवृत्त आईएएस अमित मोहन प्रसाद की टीम ने 450 पन्ने की रिपोर्ट में जिन पर आतंक फैलाने का आरोप लगाया है, इनमें तमाम मौज की जिंदगी काट रहे हैं। यह रिपोर्ट जिला प्रशासन ने शासन को भेजी है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 में संभल के मोहल्ला मियां सराय निवासी इमामुर्रहमान को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों समेत कई धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, जो जमानत पर आकर प्रापर्टी का धंधा कर रहा है। दीपा सराय मदीना नगर निवासी मो. आसिफ को मुरादाबाद और संभल के बीच 14 दिसंबर 2015 को पकड़ा गया था। आसिफ एक साल पहले 14 सितंबर को सऊदी अरब से पासपोर्ट खो जाने के कारण संभल वापस आया था। इस पर अलकायदा इंडिया सब कोंटीनेंट नामक आतंकी संगठन का भारत में चीफ होने और

- **अलकायदा के भारत चीफ आसिफ और युवकों को आतंकी बनाने वाले जफर ही अभी जिला बदर**

संभल आकर नए युवकों की भर्ती का आरोप लगा। दो दिन बाद संभल के मोहल्ला रोजा दीपासराय निवासी जफर मसूद उर्फ गुड्डू को भी दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस पर पाकिस्तान तक जाकर आतंकियों की भर्ती का आरोप था। दोनों तिहाड़ जेल में थे, इस बीच फरवरी 2023 को कोर्ट से 5 साल 4 माह की सजा हुई। दोनों 2015 से जेल में थे, लिहाजा मई 2023 में छूटकर संभल अपने घर आ गए। अब पुलिस ने उन्हें जिला बदर कर रखा है।

# बिना पंजीकरण चल रहा अस्पताल सील

## अभियान के दौरान पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, कोई भी मेडिकल दस्तावेज नहीं दिखा सके संचालक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले के फतेहगंज पश्चिमी स्थित लाइफ लाइन अस्पताल बिना विभागीय पंजीकरण के संचालित मिला जिस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर संचालक को नोटिस जारी कर दिया है।

झोलाछाप नियंत्रण सेल और अस्पताल पंजीकरण और नवीनीकरण के नोडल अधिकारी डॉ. अमित ने बताया कि वह दोपहर करीब दो बजे फतेहगंज पश्चिमी में अस्पतालों की चेकिंग कर रहे थे। इस पर जब वह लाइफ लाइन अस्पताल पहुंचे तो यहां कोई मरीज भर्ती नहीं था, यहां मौजूद स्टाफ से जब उन्होंने पंजीकरण समेत अन्य मेडिकल दस्तावेज दिखाने को कहा तो वह टालमटोल करने लगा। इस पर टीम के सदस्यों ने अस्पताल को सील कर दिया है। डॉ. अमित ने बताया कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ छापेमारी अभियान जारी रहेगा। अनियमितता मिलने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



अस्पताल को सील करती टीम।

### तीन मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी, रिकॉर्ड में भी गड़बड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** शासन की ओर से प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री की रोकथाम को लेकर आदेश जारी किया है जिसके तहत शुक्रवार को औषधि विभाग की टीम ने शहर के 3 मेडिकल स्टोरों की चेकिंग की, जिसमें कई खामियां सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। एफएसडीए के सहायक खाद्य आयुक्त संदीप चौरसिया के नेतृत्व में टीम ने गली नवाबान स्थित वैष्णो इंटरप्राइजेज, लखनऊ ड्रग एजेंसी और शास्त्री बाजार स्थित शिवा मेडिको में छापेमारी की तो यहां प्रतिबंधित दवाएं नही पाई गईं, लेकिन तीनों ही स्टोरों में जो दवा का भंडारण कक्ष बनाया गया था उसमें गंदगी मिली इसके साथ ही दवा का रखरखाव भी ठीक नहीं मिला, वहीं जो दवाएं ग्राहकों को बेची गई थीं, इनके बिल के रिकॉर्ड में भी काफी खामियां मिलीं। इस पर टीम ने संचालकों को नोटिस जारी किया है। इस संबंध में औषधि निरीक्षण अनामिका अंकुर जैन ने बताया कि शासन के निर्देश पर स्टोरों की चेकिंग की थी कुछ खामियां मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।


मेडिकल स्टोर पर जांच करती ड्रग विभाग की टीम।

# वाटर कूलर में निकला कीड़ा पानी पीने से कई छात्र बीमार

संवाददाता नवाबगंज

- **शिकायत करने पर वाटर कूलर सप्लायर ने लाइब्रेरी संचालक को पीटा, दी तहरीर**

**अमृत विचार :** एक लाइब्रेरी में वाटर कूलर का पानी पीने से कई छात्र बीमार हो गए। वाटर कूलर खोलर को देखा तो उसमें कीड़ा निकला। संचालक ने शिकायत की तो वाटर कूलर सप्लायर ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है।

मोहल्ला दयालपुरा निवासी गुरुप्रीत सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह बिजौरिया रोड पर लाइब्रेरी चलाते हैं। जिसमें करीब 100 छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने आते हैं। छात्रों के लिए कबाड़ खाना रोड से वाटर कूलर मांगते हैं। गुरुवार को वाटर कूलर का पानी पीने के बाद कई छात्रों की तबीयत बिगड़ने लगी। वाटर कूलर खोल कर देखा तो उसमें कीड़ा था। इसकी शिकायत वाटर कूलर सप्लायर से की तो वह झगड़ने लगा। विरोध करने पर उसने साथियों के साथ मिलकर उन्हें पीटा। शिकायत करने आरोपियों ने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, सदमे में परिजन

**मीरगंज, अमृत विचार :** रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। गांव नगरिया कल्याणपुर निवासी जाफर उस्मानी शुक्रवार सुबह करीब पौने सात बजे रेल लाइन की ओर जा रहा था। वहीं, डाउन लाइन से ट्रेन आ रही थी। इस दौरान ट्रेन से कटकर उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जाफर चार भाइयों में सबसे छोटा था। वह कस्बा स्थित एक सैलून पर काम करता था। इस घटना से युवक के परिजन सदमे में हैं।

### तांबे का तार चोरी कर बर्तन व्यापारी को बेचा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज क्षेत्र में तांबे का तार चोरी कर आरोपी ने कस्बे के एक बर्तन व्यापारी को बेच दिया। जांच में यह बात सामने आई है। सीबीगंज पुलिस आरोपी को पकड़कर यहां लाई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने आरोपी बर्तन व्यापारी की एक वीडियो कॉल के माध्यम से शिनाख्त भी की। हालांकि, मामले को निपटाने की कोशिश की जा रही है।

### अनुदेशक पर पेड़ कटवा कर बेचने का आरोप

**बहेड़ी, अमृत विचार :** ग्राम प्रधान गजनफर अली ने अनुदेशक पर स्कूल से पेड़ कटवाकर बेचने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत एसडीएम से की है। पत्र में बताया कि 28 अगस्त को ग्राम पंचायत लहसोई स्थित कंपोजिट विद्यालय में खड़े पेड़ों को स्कूल के अनुदेशक ने चोरी से कटवा कर बेच दिया। उन्होंने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### अफीम के साथ दो बाइक सवार गिरफ्तार

**आंवला, अमृत विचार :** पुलिस ने गुरुवार रात आंवला अलीगंज रोड पर एक केला गोदाम के पास से अफीम के साथ दो बाइक सवार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पांच सौ ग्राम अफीम बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम खेमपाल निवासी भीमपुर कठौती थाना सिरौली और राजेश निवासी ग्राम ढकिया थाना अलीगंज बताया है। उन्होंने बताया कि वह भीमपुर कठौती निवासी जमुना प्रसाद से अफीम खरीद कर बेचने को ले जा रहे थे। पुलिस ने बाइक सीज कर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### दाऊद का वीडियो वायरल किया

**नवाबगंज, अमृत विचार :** गांव सिजौलिया के एक युवक ने दाऊद इब्राहीम का एक वीडियो वायरल किया है। पुलिस युवक को हिरातस में लेकर पूछताछ कर रही है। बता दें कि पहले भी इस गांव के दो युवक आपत्तिजनक वीडियो वायरल कर चुके हैं। इसमें एक को पुलिस जेल भेज चुकी है।

### चोरी हुए रुपये के बारे में पूछने पर पीटा

**कैंट, अमृत विचार :** गांव कमालपुर निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि 27 अगस्त को दोपहर करीब 12 बजे उनके घर पर कोई नहीं था। तभी उनके घर से किसी व्यक्ति ने 4 हजार रुपये चोरी कर लिए। ओम प्रकाश के मुताबिक पड़ोस में रहने वाला भारत का उनके घर आना जाना था। 28 अगस्त की सुबह उन्होंने शक के आधार पर भारत से चोरी किए गए रुपयों के बारे में पूछा तो वह गाली गलौज करने लगा। विरोध पर भारत, उसका भाई धारा सिंह, मां जमनी, बहन गुड़िया ने उनके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गए। शिकायत पर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## निकाह के डेढ़ माह बाद महिला को पीटकर घर से निकाला

- **ससुरालियों पर देह व्यापार करने का दबाव बनाने का आरोप**

**फरीदपुर, अमृत विचार :** निकाह के डेढ़ माह बाद ससुरालियों ने महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। महिला ने पति और सास पर देह व्यापार करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत एसएसपी से की है।

कुशीनगर निवासी युवती ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका निकाह कस्बे के युवक से 12 जुलाई 2025 को हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद पति, सास देह व्यापार करने का दबाव बनाने लगे। आरोप है कि सास ने नशीली चाय पिलाकर उसके साथ गलत कार्य कराया। होश आने पर उसे इसकी जानकारी हुई। शिकायत करने की बात कही तो सास ने अश्लील वीडियो दिखाकर वायरल करने की धमकी दी। पति ने भी अपनी मां का पक्ष लिया। उसे पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले में कई बार थाना पुलिस से शिकायत की, मगर सुनवाई नहीं हुई। शुक्रवार को पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

## आंवला सांसद ने सुनीं समस्याएं सत्ता पक्ष पर साधा निशाना


लोगों की समस्याएं सुनते सांसद नीरज मौर्य। ● अमृत विचार

**आंवला, अमृत विचार :** सांसद नीरज मौर्य ने शुक्रवार को पूर्व विधायक महिपाल सिंह यादव के कस्बा स्थित कार्यालय पर जनता की समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता की और तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। इसके बाद सांसद ने रामनगर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेसवार्ता में सत्ता पक्ष पर विभिन्न आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव के बाद बिहार में 65 लाख मतदाताओं के वोट काटे गए, जो नियमविरुद्ध है। कई ऐसे लोग हैं जिनके चार-चार वोट बने हुए हैं, जबकि कई पात्र लोगों के वोट नहीं बन पाए। सांसद ने सरकार पर निशाना साधा। कहा कि ग्राम पंचायत, नगर निकाय और विधानसभा की वोटर लिस्ट एक जैसी होनी चाहिए। उन्होंने निर्वाचन आयोग को सरकार के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्टेशन पर कोरोना काल में बंद हुई ट्रेनों को पुनः चालू करने और क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग की है। उन्होंने भमोरा और रेवती फाटक पर ओवरब्रिज बनाने और रेवती बहोडा खेडा स्टेशन को पूर्व की भांति शुरू कराने का प्रयास करने की बात कही। सिरौली क्षेत्र के एक गांव में हुए उच्च स्तरीय पशु चिकित्सालय के शिलान्यास कार्यक्रम में आमंत्रण न मिलने को मौर्य ने सौतेला व्यवहार बताते हुए कहा कि लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इंद्रपाल सिंह यादव, भूपेंद्र सिंह, विकार अली गुड्डू, भारती चौहान, रणजीत सिंह पीयूष वर्मा, रईस अहमद, प्रमोद चौहान, परमाल सिंह यादव, इरशाद अहमद, महावीर सिंह यादव, राकेश प्रताप सिंह, लालाराम यादव आदि मौजूद रहे।

# लापरवाही : युवक की मौत के बाद भी नहीं टूटी बिजली विभाग की नींद

संवाददाता, भमोरा

- **हादसे के बाद भी देवचरा में झूल रहे तारों को ठीक नहीं कराया**
- **नाराज ग्रामीणों ने अवर अभिंयता को ज्ञापन सौंपा**

**अमृत विचार :** ग्राम देवचरा में झूल रहे तारों से हाथ छूने के बाद करंट से युवक की हुई मौत के बाद भी बिजली विभाग की नींद नहीं टूटी है। झूलते तारों को अभी तक ठीक नहीं किया गया है। इससे नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को अवर अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

गणेश चतुर्थी के दिन देवचरा निवासी अंशुल सोनी घर के सामने खाली पड़ी जगह में पंडाल लग रहे थे। इस दौरान उनका झूलते तारों से हाथ छू गया था। करंट लगने से उनकी मौत हो गई थी। ग्रामीणों के साथ भाजपा नेता डॉ. टीआर गोले ने विभाग से तार ठीक करने को कई बार शिकायत की थी, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। शुक्रवार दोपहर ग्रामीणों ने विद्युत उपखंड भमोरा पर जेई जागेश कुमार को ज्ञापन सौंपकर जल्द तार ठीक न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।


अवर अभियंता को ज्ञापन देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## महिला ने फंदे से लटककर दी जान

**कैंट, अमृत विचार :** गांव कांधरपुर में एक महिला ने फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कांधरपुर स्थित पटेल मार्केट निवासी प्रदीप पटेल की पत्नी मिरजेश पटेल (32) ने गुरुवार देर रात 10:30 बजे गले में दुपट्टे का फंदा लगाकर पंखे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजन आनन फानन में फंदे से उतार कर उन्हें अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मौके से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। दोनों पक्षों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इन्कार किया है। मिरजेश पटेल की शादी करीब 9 साल पहले हुई थी।

## खेलकूद में भाग लेने वाले बच्चे पुरस्कृत

**फतेहगंज पूर्वी , अमृत विचार :** राष्ट्रीय खेल दिवस पर ग्राम सिमरा हरचंद सिंह स्थित परिषदीय स्कूल में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया। प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा ने प्रतिभाग करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। वहीं, निवड़िया स्कूल में प्रधानाध्यापिका अपर्णा शर्मा ने खेलकूद में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया।


नवाबगंज के बिजलीघर में जलभराव के चलते उपभोक्ताओं को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। ● अमृत विचार

## शादी न करने पर तेजाब डालने की दी धमकी, आरोपी पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** एक युवक ने युवती पर जबरन शादी करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपी ने उसके चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी दी। मामले में सीओ के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने बताया कि उसकी कस्बे के एक मोहल्ले के युवक से शादी तय हो गयी है। उसकी बड़ी बहन की शादी अलीगंज क्षेत्र के एक गांव में हुई है। वह बहन के घर आती जाती है। बताया कि गांव बिहारीपुर देहाजागीर निवासी यशपाल ने किसी तरह उसका मोबाइल नम्बर हासिल कर लिया। वह बार बार कॉल करता था। जब इसका विरोध किया तो यशपाल ने उसे बदनाम करने और शादी न करने पर चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी दी। जिस व्यक्ति से उसका रिश्ता तय हुआ है, आरोपी उसे भी धमका रहा है।

**प्रेमी से मिलने पहुंच गई किशोरी,**

**आंवला:** मोहल्ला त्रिपौलिया ढाल पर शुक्रवार शाम फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र की किशोरी प्रेमी से मिलने आई। शक होने पर दुकानदारों ने पूछताछ की तो किशोरी ने बताया कि प्रेमी उसका फोन नहीं उठा रहा है। पुलिस किशोरी को थाना ले आई और परिजनों को सूचना दी।

## विजिलेंस टीम ने 11 घरों में पकड़ी बिजली चोरी

**आंवला, अमृत विचार :** बिजली विभाग ने विजिलेंस टीम के साथ शुक्रवार को मोहल्ला लठैता में चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 11 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई।
मीटर वाईपास कर और सर्विस केबल काटकर बिजली चोरी की जा रही थी। इस दौरान अधिशासी अभियंता विश्वास कुमार, विजिलेंस प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, जेई विजिलेंस सुजीत कुमार, एसडीओ कामेश कुमार, जेई मनोज यादव, कांस्टेबल अर्जुन सिंह, विपिन कुमार, अमित कुमार, सुरेन्द्र सिंह, टीजी टू ममकई, लाइनमैन बृजेश पाल, मलिक आदि मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**देवरनियां, अमृत विचार :** पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त नईम निवासी ग्राम गिरधरपुर को गिरफ्तार किया है। नईम पर आरोप है कि उसने साथियों के साथ मिलकर 16 अप्रैल को भाजपा नेता अफराज हुसैन पर जानलेवा हमला किया था।

## मीरगंज में नकली नमक बेचने के मामले में आठ दुकानदारों पर रिपोर्ट

- **टाटा साल्ट कंपनी के अफसरों के साथ पुलिस टीम ने दुकानों पर की थी छापामारी**

**मीरगंज, अमृत विचार :** नामचीन कंपनी के नाम से नकली नमक बेचने के मामले में पुलिस ने आठ दुकानदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गुरुवार को टाटा साल्ट कंपनी मुंबई के नरीमन प्वाइंट कार्यालय से आए अधिकारी अजय कुमार ने पुलिस टीम के साथ कस्बा और हुरहुरी अड्डे पर स्थित सात दुकानों के साथ एक गोदाम पर छापामारी की थी। इस दौरान तोताराम निवासी ग्राम हुरहुरी चौराहे पर 88, राजू गुप्ता निवासी ग्राम हुरहुरी की दुकान पर 64, धर्मेंद्र निवासी ग्राम हुरहुरी के पास 11, आफताब आलम कस्बा निवासी के पास 70, वसीम की दुकान पर 52, सरताज की दुकान से 50, प्रजापति किराना स्टोर के संचालक भगवानदास की दुकान से 73 पैकेट नकली टाटा नमक के मिले थे। वहीं, मोहल्ला टीचर कॉलोनी में गिरीश गुप्ता के गोदाम से नकली टाटा नमक का जखीरा बरामद हुआ। पैकेट पर छपा बारकोड फर्जी था। वहीं, बताते हैं कि लंबे समय से क्षेत्र में नकली नमक तैयार कर बेचने काम चल रहा था। इसमें प्रमुख नाम गिरीश गुप्ता का सामने आया है। उसके कई अंडग्राउंड गोदाम हैं। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

## न्यूज डायरी



### बीईओ ने बा स्कूल में व्यवस्थाएं देखीं

**शेरगढ़, अमृत विचार :** बीईओ मुकेश कुमार भारती ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का शुक्रवार को निरीक्षण किया। उन्होंने बालिकाओं के शैक्षिक स्तर, भोजन, साफ सफाई, पेयजल आदि व्यवस्थाओं को परखा। बीईओ को एक शौचालय का दरवाजा व दो बेड टूटे मिले, जिन्हें दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नवनिर्मित छात्रावास को भी देखा। छात्रावास में विज्ञान लैब बन गई है, लेकिन बाउंड्रीवॉल नहीं होने की वजह से शुरू नहीं हो सकी है। इस दौरान फुल टाइम टीचर दीपिका आनंद, पार्ट टाइम टीचर अमिता सिंह अवकाश पर थीं।



### धरना प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा

**शेरगढ़, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव शोयब इजहार खान के आवास पर शुक्रवार को कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें 11 सितंबर को कमिश्नरी पर होने वाले धरना प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा की गई। आसिफ अली को जिला सचिव व सरदार सज्जन सिंह को युवा जिलाध्यक्ष बनाया गया। वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि नहर विभाग की ओर से हर बार नहरों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। छोटे अल्वी, शादाब अल्वी, लक्ष्मी राठौर, दानिश सलमानी मौजूद रहे।




### मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई

**रिठौरा, अमृत विचार :** कस्बे में दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, पीएन दीवान पब्लिक स्कूल, निहाल –श्याम डिग्री कालेज में शुक्रवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। सचिव जितेंद्र पाल सिंह ने खेलों का महत्व बताया। प्रदीप कुमार गुप्ता, दीपिका बनर्जी, राजेंद्र सक्सेना, खूबकरन लाल, अध्यक्ष बीएल वर्मा, निर्देशिका प्रीति सिंह, प्राचार्य डॉ. सीएम गंगवार आदि मौजूद रहे।



### खेल दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**मीरगंज, अमृत विचार :** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। मेजर ध्यानचंद के कृतित्व एवं व्यक्तित्व विषय पर संगोष्ठी भी हुई। प्राचार्य प्रो. शिव कुमार सिंह ने संगोष्ठी की शुरुआत की। प्रो. विजय बहादुर सिंह बिष्ट ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ. नवनीत शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह वीरेंद्र शर्मा, डॉ. सुरेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## नदी क्षेत्र के सीमांकन में जुटी राजस्व टीम

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पनधैली नदी किनारे अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। इससे नदी का दायरा सिमट रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए राजस्व टीम ने नदी क्षेत्र के सीमांकन करने में जुट गई है।

शुक्रवार को नदी किनारे की भूमि की पैमाइश की गई। पालिकाध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने शासन से नदी तटों के सौंदर्यीकरण के साथ जल शोधन प्लांट लगाए जाने की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने मंडलायुक्त से नदी के तटों को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की थी। कमिश्नर के निर्देश पर राजस्व टीम दो दिनों से नदी के परिक्षेत्र के सीमांकन में जुटी है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध
8077344353
समय :- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
7906732664, 8445507002

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र रोहित तिवारी तथा उसकी पत्नी चांदनी तिवारी को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **कुन्ती देवी पत्नी राजेन्द्र प्रसाद तिवारी निवासी मोहल्ला बरखेरवा थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी (उ.प्र.)**

**सूचना**

मैंने हाईस्कूल की परीक्षा सत्र 2017-18 में शेरिया अल्प संख्यक इण्टर कॉलेज देवरनियां जिला बरेली से उत्तीर्ण की थी। मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 0931233 है। जो कि वास्तव में कही गुम हो गयी है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिली। **मो. गालिब पुत्र श्री मो. आरिफ निवासी वार्ड नं 13 नई बस्ती कस्बा व थाना देवरनियां तहसील बहेड़ी, जिला बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**सूचना**

मैंने अपनी पत्नी दन्नो देवी, पुत्री रामवती पत्नी अरविंद निवासी ग्राम नगरिया, आंवला। पुत्री कुसुम पत्नी राकेश निवासी ग्राम बिलौरी, आंवला। पुत्री मैका देवी पत्नी छोटे लाल निवासी ग्राम फरीदापुर, बिथरी चैनपुर के दुर्व्यवहार के कारण सम्बंध विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा कोई वास्ता ना होगा। श्यामलाल पुत्र स्व.काशीराम निवासी ग्राम बेहटी देह जागीर थाना- सुभाष नगर, बरेली।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक प्लाट नं. 10 जिसका क्षेत्रफल 67.4 वर्गमीटर स्थित चन्दपुरी बिचपुरी पर. तह. बरेली खरीदा था जिसका खसरा नं.-497 है। मैंने उस बैनामें की रजिस्ट्री अमित सेट्टी 20.04.2022 को करायी थी जिसकी वही सं.-1 जिल्द सं. 13347 पेज नं. 259 से 276 और सीरियल नं.- 6162 है। दिनांक 25.08.2025 को स्टेट बैंक से फोन आया कि आपका मूल बैनामा बैंक जमा नहीं है, तो मैं करीब 12 बजे दिन बैनामा की फोटो स्टेट कराने बीसलपुर चौराहा पर पहुंचा और बाईक में लगे बैग से बैनामा निकालने को हुआ तो देखा बाईक के बैग में बैनामा नहीं है। वह घर से आते बीसलपुर चौराहा के बीच में कहीं गिर गया। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **पंकज कुमार शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी नवादा जोगियान थाना बारादरी, जिला बरेली**

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने दो बदमाशों को जेल भेजा

**देवरनियां, अमृत विचार :** पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो बदमाशों को तमंचा, करतूस और चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों की पहचान भूरा और गुड्डू निवासी मुडिया जागीर के रूप में हुई है। दोनों पर कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार भूरा कपड़े का काम करता है, जो दिल्ली से कपड़े लाकर घर पर ही बेचता है। जबकि गुड्डू ड्राइवर है। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी, उपनिरीक्षक राहुल चौधरी, जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल सचिन कुमार आदि शामिल रहे।

### दस ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कैंट, अमृत विचार :** नकटिया चौकी इंचार्ज रोहित तोमर ने गुरुवार देर रात ठिरिया निजावत खां स्थित मनपुरिया मोड़ के पास एक तस्कर को दस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम इरशाद उर्फ हेडन निवासी मोहनपुर बताया। पुलिस ने शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### युवक को घेरकर पीटा रिपोर्ट दर्ज

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** गांव भोलापुर में खेत से घर आ रहे युवक को मोहल्ले के कुछ लोगों ने घेरकर पीटकर घायल कर दिया। गांव भोलापुर निवासी वीरपाल गुरुवार रात खेत से घर लौट रहे थे, आरोप है मोहल्ले के नन्हुकी लाल, किशन लाल,दान सिंह ने उन्हें लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पोल और ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की

**भदपुरा, अमृत विचार :** भाजपा नेता सर्वेश गंगवार ने अधिशासी अभियंता विद्युत खंड को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत डडिया सफदर अली में पोल और 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में बताया कि 18 साल पहले गांव में दो ट्रांसफार्मर थे, मगर अब एक ही है, जबकि कनेक्शन संख्या बढ़ गई है। वहीं कई जगह पोल जर्जर स्थिति में हैं। इसकी वजह से आए दिन आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है। ओवरलोड होकर ट्रांसफार्मर फुंक जाता है।

# तैयारी : नाथधाम टाउनशिप का शीघ्र जारी होगा नोटिफिकेशन

## आयुक्त सभागार में मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में उद्यमियों ने रखीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



उद्यमियों के साथ बैठक करतीं कमिश्नर सौम्या अग्रवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंडल स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयुक्त सभागार में संपन्न हुई। इसमें रामगंगा बैराज के निकट बरेली-बदायूं मार्ग पर विकसित की जाने वाली नाथधाम टाउनशिप में मिनी ट्रांसपोर्ट नगर बनाने के प्रस्ताव पर सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि चकबंदी के संबंध में सुनवाई कर ली गई है। शीघ्र ही नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा।

उद्यमियों ने परसाखेड़ा एवं सीबीगंज औद्योगिक आस्थान में बिजली की समस्या को लेकर कहा कि अधिकारी सुनते नहीं हैं। इस पर मंडलायुक्त ने चीफ इंजीनियर से कहा कि तत्काल अतिरिक्त स्टाफ को तैनात करें। दोबारा यह शिकायत न सुनने को मिले। उद्यमी अजय शुक्ला, गुरप्रीत आदि ने भोजीपुरा औद्योगिक आस्थान की विद्युत आपूर्ति के लिए लगे स्वतंत्र फीडर से सभी बाहरी इकाइयों के विद्युत कनेक्शनों को हटाए जाने पर मंडलायुक्त को धन्यवाद दिया। अजय शुक्ला ने कहा कि यह समस्या लंबे समय से उद्योग बंधु की बैठक में उठाई जा रही थी। बीते 24 जून को मंडलायुक्त ने आश्वासन दिया था। इसके कुछ दिन बाद ही समस्या का निदान कर दिया गया। औद्योगिक इकाइयों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को लेकर मंडलायुक्त को बताया गया कि फतेहगंज के पास ग्राम टूलिया में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर ट्रक ले बाय बनाये जाने का कार्य प्रगति पर है। औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में फायर स्टेशन की स्थापना को लेकर सीएफओ ने बताया कि डीजी अग्निशमन से सैद्धांतिक अनुमति के लिए अनुरोध किया गया है। इस पर मंडलायुक्त ने सीएफओ को व्यक्तिगत रुचि लेते हुए एक सप्ताह के अंदर अद्यतन प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए। संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेंद्र कुमार, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, डीडी पर्यटन रविन्द्र कुमार, उद्यमी राजेश गुप्ता, पवन अरोड़ा, आरिफ, तनुज भसीन उपस्थित रहे।

## लापरवाही करने पर चार सचिवों का वेतन रोका

**पीलीभीत, अमृत विचार :** तमाम निर्देश के बावजूद परिवार रजिस्टार के डिजिटलाइजेशन कार्य में लापरवाही बरतने वाले चार सचिवों पर आखिरकार गाज गिर ही गई। प्रभारी डीपीआरओ ने चारों सचिवों के अगस्त माह के वेतन आहरण पर रोक लगा दी है। लापरवाह सचिवों को 31 अगस्त तक शत प्रतिशत कार्य पूरा न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जनपद में 720 ग्राम पंचायतें हैं। अभी तक ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल के लिए सचिवों और सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, मगर, अब ग्रामीणों को इसके लिए चक्कर नहीं लगाने होंगे। शासन ने सभी ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टर को ऑनलाइन करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती ने सभी पंचायत सचिवों को ऑनलाइन रजिस्टर का सत्यापन करते हुए ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश दिए थे। मगर, संबंधित पंचायत सचिव बार-बार निर्देश दिए जाने के बाद भी इस कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं।

## भागवत के बयान का मौलाना शहाबुद्दीन ने किया समर्थन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मौलाना ने कहा, संघ भारत का सबसे बड़ा संगठन, सबको जोड़ने के प्रयासों का खुला समर्थन
- टकराव से किसी का भला नहीं होता, भारत की तरक्की को सबको साथ मिलकर चलना होगा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के हालिया बयान को लेकर इस्लामिक स्कॉलर और आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी उनके समर्थन में खुलकर सामने आए हैं। मौलाना ने कहा कि संघ भारत का सबसे बड़ा संगठन है और इसका उद्देश्य समाज को जोड़ना है। साफ कहा कि टकराव से किसी भी समुदाय का भला नहीं होता और भारत की तरक्की के लिए सबको साथ मिलकर चलना होगा।

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि डॉ. मोहन भागवत भारत की महान शख्सियत और विद्वान व्यक्ति हैं। उन्होंने हमेशा समाज को जोड़ने वाले विचार रखे हैं। मौलाना ने याद दिलाया कि संघ प्रमुख ने पहले कहा था कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर मत तलाशो और अब विज्ञान भवन, दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि हर जगह शिवलिंग मत ढूंढो। साथ ही उन्होंने यह संदेश दिया कि जब सभी समुदाय साथ मिलकर चलेंगे तभी भारत प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने संघ प्रमुख के इन विचारों को सकारात्मक बताते हुए कहा कि ऐसे वक्तव्यों से हिंदू-मुस्लिम तनाव में कमी आएगी और समाज में सौहार्द बढ़ेगा।

मौलाना ने कहा कि आज देश को नफरत और टकराव से ज्यादा मेल-जोल और भाईचारे की जरूरत है। टकराव से न समाज तरक्की करता है, न ही देश। मौलाना ने यह भी उल्लेख किया कि बीते दो वर्षों में देश के कई हिस्सों में मस्जिदों, मदरसों, मकबरों और मजारों को असामाजिक तत्वों द्वारा निशाना बनाया गया, जिससे तनावपूर्ण हालात बने। संघ प्रमुख की सकारात्मक सोच ने मुसलमानों के बीच यह उम्मीद जगाई है कि ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

# किसानों को दी आधुनिक कृषि की जानकारी

संवाददाता, बरेली/शेरगढ़



मेले में लगे स्टाल का निरीक्षण करते एमएलसी बहरोन लाल मौर्य व अन्य।

- कृषि विज्ञान केंद्र, आईवीआरआई ने ब्योंधा गांव में किया किसान मेला का आयोजन

**अमृत विचार:** कृषि विज्ञान केंद्र, आईवीआरआई के तत्वाधान में शुक्रवार को ब्योंधा गांव के मिनी खेल स्टेडियम में किसान मेले की मुख्य अतिथि एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने शुरुआत की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से हमारे देश के वैज्ञानिक किसानों तक पहुंच रहे हैं। उसी के तहत यह किसान मेला आयोजित किया गया ताकि किसानों की समस्याओं को हल करने के साथ उनको नवीन तकनीकियों की जानकारी मिल सके।

संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रूपसी तिवारी ने कहा कि किसान मेला कई मायनों में महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे आधुनिक बीज, उन्नत नस्ल, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन और जैविक खेती जैसी विधियों का किसानों को ज्ञान प्राप्त होगा। केवीके के वैज्ञानिक डॉ. हंसराज मीणा ने जैविक खेती करने के साथ ही कृषि उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। डॉ. महेश चंद्रा ने पशुओं में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपाय बताए। डॉ. हरि राम ने पशुओं में अंतः एवं बाह्य परजीवी के नियंत्रण करने के उपायों पर चर्चा की। डॉ. विश्व बंधु चतुर्वेदी ने पशु पोषण, डॉ. अखिलेश ने पशुओं में अधिक दुग्ध उत्पादन विधि, कृषि तकनीकी प्रबंधक दर्शन लाल गंगवार ने फसलों में लगने वाले रोगों की रोकथाम, मेले में पशुपालन समेत कई विभागों के स्टाल लगाए गए। सहायक निदेशक प्रसार डॉ. रूपसी तिवारी, प्रधान राजेश कुमारी ने किसान अशोक पाल सिंह समेत कई को सम्मानित किया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. समर राही, डॉ. रंजीत सिंह, डॉ. महेश चन्द्र, डॉ. एजी तेंलग, डॉ. मदन, डा. श्रुति, एडीओ कृषि हरिनंदन प्रसाद, सुरेश पाल सिंह, सुंदरलाल राजपूत, अशोक पाल आदि मौजूद रहे।

## गर्रा नदी में जल भरने के दौरान बालिका डूबी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव चांदापुर में शुक्रवार की सुबह उस समय चीख-पुकार मच गई जब हरदेव राजा की पूजा के लिए नदी से जल लेने गई सात वर्षीय बालिका अपनी छोटी बहन को बचाते-बचाते गर्रा नदी की लहरों में समा गई।

गांव निवासी रामप्रसाद की पुत्री विश्रांति देवी (7 वर्ष) सुबह करीब साढ़े छह बजे अपनी छोटी बहन क्रांति और गांव की 25-30 हमउम्र लड़कियों के साथ गर्रा नदी पर पूजा के लिए जल लेने गई थी। जल भरते समय क्रांति का पैर फिसल गया और वह नदी की गहराई में डूबने लगी। यह देख विश्रांति ने तत्काल हिम्मत दिखाई और बहन को खींचकर ऊपर कर दिया। लेकिन खुद संतुलन खो बैठी और नदी की तेज धार में बह गई। देखते ही देखते मासूम पानी में समा गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों के साथ पुलिस मौके पर पहुंची।

# प्रवर्तन दल ने किया काम, अब कर्मचारी को राहत दे रहा विभाग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नवाबगंज में है तैनाती, फरीदपुर के आवास पर लाखों का मिला सामान
- तीन रिपोर्ट दर्ज हुईं, लेकिन 36 घंटे बाद भी टीजी-2 पर नहीं हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रवर्तन दल ने सटीक काम किया और विद्युत निगम के कर्मचारी के सरकारी आवास पर छापेमारी कर भारी मात्रा में बिजली का सामान पकड़ लिया। वहीं विभागीय अधिकारी अब कर्मचारी को राहत देने की कोशिश में लगे हुए हैं। बिजली कर्मचारी व उसके दो बेटों के घर से सामान बरामद व बिजली चोरी पकड़े जाने के 36 घंटे व एफआईआर दर्ज होने के 24 घंटे बाद भी विभागीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अधिकारी एक दूसरे पर कार्रवाई करने की बात कहकर टालमटोल रहे हैं।

फरीदपुर में प्रवर्तन दल ने गुरुवार सुबह को छापेमारी कर 127 मीटर समेत केबल व अन्य उपकरण भारी मात्रा में बरामद किए थे। उसी घर में चार्जिंग स्टेशन चलाये जाने और विद्युत चोरी का मामला भी पकड़ा गया है। तीनों मामलों में सरकारी कर्मचारी सलीम शाह, उसके बेटे मोहम्मद नईम और मोहम्मद फईम के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज हुए। इस कार्रवाई के 24 घंटे बीतने के बाद भी शुक्रवार रात तक सलीम शाह पर विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मुख्य अभियंता के मुताबिक सलीम के निलंबन और बेटों पर लगे चोरी के मामलों में जल्द से जल्द वसूली करने के निर्देश भी दे दिए हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर इस तरह की कोई कार्रवाई नहीं दिखाई दी है।

### मुख्य अभियंता ने निलंबन के दिए आदेश अधीक्षण अभियंता ने कहा वेट

इस मामले में मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि शुक्रवार दोपहर ही उन्होंने एसई ग्रामीण ज्ञानेंद्र सिंह को कर्मचारी को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए थे। वहीं आरोपी सलीम के बेटों से विद्युत चोरी के मामले में वसूली कर कठोर कार्रवाई के लिए भी कहा है। इसी प्रकरण में जब अधीक्षण अभियंता ग्रामीण ज्ञानेंद्र सिंह से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके बाद शुक्रवार रात संदेश भेजकर उनसे जानकारी ली। उन्होंने 36 घंटे बाद भी इंतजार करने का संदेश भेज दिया।

# सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को साइबर खतरे से किया आगाह

- पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल पर डीआरएम ने किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल में अगस्त में सेवानिवृत्त हुए एक सहायक कार्मिक अधिकारी सहित आठ रेल कर्मचारियों को शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक सभा कक्ष में सम्मानित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा ने सभी को समापक राशि का भुगतान परिपत्र, मेडिकल कार्ड, अन्य सेवानिवृत्ति दस्तावेज और गोल्ड प्लेटेड मेडल भेंट किए। डीआरएम ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी कर्मचारी रेल परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं। जागरूकता संदेश देते हुए कहा कि किसी के साथ बैंक अकाउंट का ओटीपी साझा न करें और जीवनभर की कमाई को सोच-समझकर ही निवेश करें। साइबर अपराधियों से अपनी पूंजी और मेहनत की कमाई को बचाए रखना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सहित सभी शाखा अधिकारी, यूनियन और एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

रेल प्रशासन ने बताया कि डीआरएम के नेतृत्व में मंडल में एक नई पहल की गई है, जिसके तहत सेवानिवृत्ति से रिक्त हुई पदों पर उसी दिन पदोन्नति देकर योग्य कर्मचारियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। सेवानिवृत्त होने वालों में सहायक कार्मिक अधिकारी अशोक कुमार बंसल, ट्रैकमैन हरीश सिंह बिष्ट (लालकुआं), सुरेश कुमार (कानपुर अनवरगंज), मुख्य वाणिज्य अधीक्षक रमेश प्रसाद (काठगोदाम), ओम प्रकाश (पीलीभीत), प्वांटिंग मास्टर सुरेश कुमार शर्मा (काशीपुर) और वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर अनुपम दीक्षित (फर्रुखाबाद) शामिल रहे। वरिष्ठ मंडल इंजीनियर योगेश कुमार, राजकुमार, भरत तिवारी, मंडल वित्त प्रबंधक बीएस पवार आदि उपस्थिति रहे। संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी संदीप सिंह ने किया।

## मां की हत्या में बेटी और पीडब्ल्यूडी के एई को उम्रकैद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** डीएम कंपाउंड में रहने वाली महिला की हत्या के केस में न्यायालय ने मृतका की बेटी और पीडब्लू के सहायक अभियंता को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। इंजीनियर और मृतका की बेटी के बीच प्रेम संबंध थे। महिला विरोध करती थी। इसी बात पर दोनों उसकी हत्या कर दी थी।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव ढकिया हमीदनगर निवासी रामबेटी अपनी बेटी पुष्पा के साथ सदर बाजार थाना क्षेत्र में डीएम कंपाउंड में रहती थी। थोड़ी दूर पर उसका बेटा मुकेश अपने परिवार के साथ रहता था। मुकेश ने 29 जुलाई 2023 में तहरीर देकर बताया था कि वह अपनी मां रामबेटी की 27 जुलाई को मिलकर आया था। वह उस समय ठीक थी। 28 जुलाई की सुबह सात बजे उसके बच्चे जीतू, अंकुश, अरुण अपनी दादी के पास पैर छूने के लिए थे तो रामबेटी चारपाई पर मृत अवस्था में मिली थी।

# हाथ जोड़कर खंड प्रेरक ने सचिव से मांगी माफी

- बीडीओ की जांच में प्रथम दृष्टया सचिव विशाल को पीटने की हुई थी पुष्टि
- डीपीआरओ कार्यालय में माफी नामा दिया, इसके बाद हुआ समझौता

**बरेली,अमृत विचार:** खंड प्रेरक संजीव कुमार ने सचिव विशाल दीक्षित को घर में घुसकर पीटने के मामले में माफी मांग ली। डीपीआरओ कार्यालय में सचिवों के समक्ष मामला रफा-दफा कर दिया गया।

बीडीओ की जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही मिलने पर खंड प्रेरक पर कार्रवाई की बात कहने वाले अफसर बैकफुट पर नजर आए। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ इस फैसले से नाखुश है। संघ ने कहा कि जांच में आरोप सिद्ध होने पर अफसरों ने खंड प्रेरक को मोहलत दी। जिसके बाद सचिव पर दबाव बनवाकर समझौता करा लिया।

बता दें भदपुरा ब्लाक में तैनात सचिव विशाल दीक्षित के मामले ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के पदाधिकारियों ने विकास भवन में डीपीआरओ कमल किशोर को ज्ञापन सौंपा था। मामला डीएम के संज्ञान में पहुंचने पर डीपीआरओ ने खंड प्रेरक से स्पष्टीकरण मांगा था और बीडीओ से विस्तृत जांच कर रिपोर्ट मांगी थी। बीडीओ ओमप्रकाश प्रजापति ने प्रथम दृष्टया जांच में आरोपों की पुष्टि करते हुए दो दिन पहले रिपोर्ट डीएम को भेज दी थी। डीपीआरओ भी कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई से बचते रहे। शुक्रवार को खंड प्रेरक संजीव कुमार और सचिव विशाल दीक्षित के साथ सुरेंद्र वीर, करन सिंह, अमित, सुरेंद्र समेत कई सचिव डीपीआरओ कार्यालय पहुंचे। यहां डीपीआरओ कमल किशोर और उनके कार्यालय के बाबू प्रेमपाल और सचिवों के समक्ष खंड प्रेरक ने माफी नामे देकर अपनी गलती स्वीकार की है।

## सिटी डायरी

### सीडीओ ने आरसेटी भवन का किया निरीक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** सीडीओ देवयानी ने शुक्रवार को भोजीपुरा में बैंक ऑफ बड़ौदा कार्यालय परिसर में बन रहे आरसेटी भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन भवन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से कार्य पूर्ण रूप से स्थगित है। बिजली वायरिंग, चाहरदीवारी और फर्श का काम होना प्रस्तावित है। इस पर सीडीओ ने निर्देश दिए कि सभी कार्य 11 नवंबर तक पूर्ण हो जाने चाहिए। 30 नवंबर को आरसेटी भवन निदेशक को सौंप दिया जाएगा क्योंकि 1 दिसंबर से यहां प्रशिक्षण का कार्य शुरू किया जाना प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा, अंचल कार्यालय के आरसेटी परिसर प्रभारी और बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान आरसेटी के निदेशक उपस्थित रहे।



### गोलू देवता मंदिर पर भजन कीर्तन

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा के गांव सुरला स्थित गोलू देवता मंदिर पर शुक्रवार को महिलाओं ने भजन कीर्तन किए और प्रार्थना की। मंदिर में आजकल काफी रौनक हो रही है। हरियाली और कमल के फूल और सुंदरता बढ़ा रहे हैं। भजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सर्वेश कुमार, सुमित कुमार, रामौतार प्रजापति ने प्रसाद वितरण किया। प्रधान सुमन देवी ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया। डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना, फूलवती प्रजापति आदि महिलाएं मौजूद रहीं।



### परशुराम धाम पहुंचे आंवला सांसद

**कैंट, अमृत विचार :** दूरदर्शन केन्द्र के सामने स्थित भगवान परशुराम धाम पर शुक्रवार को आंवला सांसद नीरज मौर्य पहुंचे। सांसद ने मंदिर में भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर प्रबंध कमेटी ने सांसद का स्वागत किया। अध्यक्ष सुरेंद्र पाण्डेय, संरक्षक सीके मिश्रा ने मंदिर परिसर में हो रहे जलभराव को दिखाते हुए सांसद से नाला निर्माण की मांग की। पीके मिश्रा, कौशल सारस्वत, त्रिभुवन शर्मा, सचिव गजेन्द्र पाण्डेय, सपा प्रदेश प्रवक्ता मयंक शुक्ला मोंटी, डॉ. नरेंद्र गौतम, अरविन्द शंखधार, पीयूष वर्मा आदि मौजूद रहे।

### विभिन्न मांगों को लेकर बीएसए से मिले शिक्षक



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक के जिलाध्यक्ष शिवस्वरूप शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी बीएसए संजय सिंह से मिले और विद्यालयों के अवरुद्ध वेतन आहरित करने की मांग की। बीएसए ने संबंधित लिपिक को बुलाकर अवरुद्ध वेतन वाले 257 विद्यालयों की सूची मंगाकर हस्ताक्षर किए। आश्वासन दिया शनिवार को शेष बचे विद्यालयों के शिक्षकों का वेतन जारी हो जाएगा। ऑफलाइन और ऑनलाइन चयन वेतनमान की मांग को लेकर बीएसए ने कहा कि संगठन को परेशान होने की जरूरत नहीं है। जल्द ही चयन वेतनमान स्वीकृत कर दिए जाएंगे। रोहित सिंह, वनबारी लाल, रोहित शर्मा, संतोष कुमार, अमित सिंह, अरुण पांडेय, प्रमोद शर्मा, सरल कुमार, त्रिवेदी शशिभूषण, संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**नई पहल** | बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कार्यक्रम का आयोजन

# नव-भारत साक्षरता : सभी को साक्षर बनाने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में तीन दिवसीय नव-भारत साक्षरता कार्यक्रम शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह और डॉ. वेल्लादुरई नारायनन ने की।

प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह ने बताया कि केंद्र सरकार ने 2022 से 2027 तक की अवधि के लिए नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत नई योजना शुरू की है, जिसे उल्लास (अंडरस्टैंडिंग ऑफ लाइफलॉन्ग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी) के नाम से भी जाना जाता है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप है और इसका मुख्य उद्देश्य देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के उन सभी नागरिकों को साक्षर बनाना है, जिन्हें औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर नहीं मिला। इस महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य पांच वर्षों के भीतर 5 करोड़ निरक्षर लोगों को साक्षरता के दायरे में लाना है। 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 15 वर्ष से अधिक आयु के 25.76 करोड़ निरक्षर थे, जिनमें 16.68 करोड़ महिलाएं थीं। यह अभियान न केवल बुनियादी अक्षर ज्ञान प्रदान करने पर केंद्रित है, बल्कि इसका उद्देश्य नागरिकों को देश के विकास में योगदान करने के लिए सशक्त बनाना भी है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में असिस्टेंट प्रोफेसर अंजू सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में सभी को जागरूक किया और कार्यक्रम के लक्ष्य, उद्देश्य और अन्य सभी बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में असिस्टेंट प्रोफेसर, रवि शंकर पाल और अनुराग शर्मा के नेतृत्व में छात्रों ने सरदार पटेल कन्या इंटर कॉलेज का भ्रमण किया और सभी छात्राओं, शिक्षिकाओं एवं स्टाफ को नव-भारत साक्षरता अभियान के बारे में बताया और नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया था। आयोजन नर्सिंग कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर रवि शंकर पाल ने किया। सहायक के तौर पर पीजी नर्सिंग ट्यूटर अनुराग शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतिम दिवस में प्रतिभागी छात्रों ने पीपीटी के माध्यम से विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया।

# आगरा एक्सप्रेस वे पर हादसे में अपर नगर मजिस्ट्रेट की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार सुबह मैनपुरी जिले में हुए हादसे में आगरा में तैनात अपर नगर मजिस्ट्रेट की मौत हो गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वह लखनऊ से आगरा जा रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव गृह जनपद देवरिया ले गए हैं।



पुलिस के मुताबिक मूलतः देवरिया निवासी राजेश जायसवाल आगरा में अपर नगर मजिस्ट्रेट थे। वह शुक्रवार को निजी कार से लखनऊ से आगरा जा रहे थे। कार पंकज कुमार वर्मा चला रहा था। आगरा एक्सप्रेसवे पर मैनपुरी जिले के करहल (माइल स्टोन 77) के पास अज्ञात वाहन ने उनकी कार में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजेश और चालक को चिकित्सा विवि सैफई पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने राजेश को मृत घोषित कर दिया।

# पिता ने बच्चे को उछाला, गिरकर मौत

## आरोपी पिता को गिरफ्तार कर भेजा चालान, शराब का आदी था गांव रेवाना निवासी सतीश

संवाददाता मितौली

**अमृत विचार:** शराब के नशे में धुत एक पिता की लापरवाही ने सात माह के मासूम की जिंदगी छीन ली। वह दरवाजे के बाहर कुर्सी पर बैठ कर बच्चे को हवा में खिला रहा था। खिलाते समय बच्चे को ठोका और कुर्सी समेत नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना के बाद लोगों का दिल दहल गया है। आरोपी के बड़े भाई की सूचना पर पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव रेवाना निवासी लालजी प्रसाद ने बताया कि उसका सगा भाई सतीश कुमार शराब का आदी है। वह गुरुवार देर शाम अपने सात माह के बच्चे सौरभ को लेकर दरवाजे के बाहर कुर्सी डालकर बैठा और बच्चे को उछाल- उछाल कर खिला रहा था। इसी दौरान वह कुर्सी समेत नीचे गिर गया। इससे सौरभ हवा में उछलकर जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि मासूम की मां मानसिक मंदित है। इसके दो पुत्र थे एक अपने ननिहाल में रहता है। आरोपी सतीश के बड़े भाई लालजी ने पुलिस को सूचना देकर बच्चे का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। गांव रेवाना में शराबी पिता ने अपने सात माह के बच्चे को खिलाते समय मौत के घाट उतार दिया। पहले बच्चे को ऊपर उछाला जब बच्चा गिरकर मर गया तब उस शराबी व्यक्ति ने बच्चे के शव को उल्टा एक पैर से पकड़कर ले जा रहा है। यह एक मानवता के लिए शर्मसार घटना है। लोग उस शराबी पिता के इस कृत्य की निंदा कर रहे हैं।



बच्चे की मौत के बाद शोकाकुल महिलाएं।

- **दरवाजे के बाहर कुर्सी पर बैठकर बच्चे को खिला रहा था**

### गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**मितौली, अमृत विचार :** रेवाना गांव में पिता के हाथों से हुई मासूम की मौत के मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। मृतक मासूम दो भाई था। पांच वर्ष का बड़ा भाई अपनी ननिहाल में रहता है। उसकी ननिहाल थाना हैदराबाद क्षेत्र में है। मां मानसिक मंदित है और कुछ बता नहीं पा रही है। सतीश सात भाई हैं, सब अलग-अलग रहते हैं।

# फर्जी दाखिला गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के प्रतिष्ठित कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिले के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करके उसके दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 1.34 करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों के अभिभावकों को बड़ी संख्या में एसएमएस भेजकर ठगी की।

## UPSIDA — U.P. State Industrial Development Authority

UPSIDA Complex: A-1/4, Lakhanpur, Kanpur-208024

**"Expression of Interest"**
**for the Development of Railway Material Siding, Orai, Distt. Jalaun**

Uttar Pradesh is rapidly expanding its industrial landscape UPSIDA being the pioneer land development authority intends to expand and efficiently utilize the land bank in UP. In the endeavour Uttar Pradesh State Industrial Development Authority invites "Expression of Interest" for the development of Railway Material Siding, Orai, Distt. Jaluan measuring 10 Acres land in Orai, District Jalaun. UPSIDA intends to develop Industrial Areas as part of its ongoing initiatives in these aforementioned areas. For the same, UPSIDA intends to gauge interest from interested players to setup Railway Material Siding. The EOI document will be available on our website www.onlineupsida.com. Last date for submission of expressions against EOI will be **13.09.25**. Interested firms / agencies are requested to send their responses at email address iasectionupsidc@gmail.com. For any other further information contact Shri Digvijay Singh I/c- IA. **Mob.: 93540 45158.**

**Chief Executive Officer, UPSIDA**

## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई–प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है।, **क्रम सं:– 1., ई–प्रापण निविदा संख्याः–** NER-GKP-RSP-2025-14, **कार्य का नामः–** सीवान (एस.वी.) भटनी (बी. टी.टी.) सेक्शन के बीच जीरादेई (जेडआरडीई) यार्ड में किमी 396/29–31 पर एल. सी. संख्या 96 के स्थान पर दो लेन वाले एंड–टू–एंड रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण, जिसमें आरई वॉल/पीएससी गर्डर/कम्पोजिट गर्डर शामिल हैं और पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी डिवीजन के रेलवे हिस्से में आरडीएसओ के कैमल बैंक ट्रस प्रकार के गर्डर का उपयोग किया जाएगा।, **अनुमानित निविदा मूल्यः–** 507927851.43, **बयाना राशिः–** 2689600.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०):–** 0.00 शून्य, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः–** 24 महीने, • बिड प्रारम्भ करने की तिथि–दिनांक 08.09.2025, • उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि–दिनांक 22.09.2025, 15:00 बजे तक, • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 22.09.2025, 15:00 बजे, • निविदा सूचना योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।, • निविदा सूचना में यदि हिंदी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**अधिशासी अभियन्ता/निर्माण/आर.एस.पी गोरखपुर**

**मुजाधि/डब्लू–229**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई–प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी., पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **ई–प्रापण निविदा सं.: NER-GKP-RSP-2025-12** शुद्धि पत्र सं. 01 सहित; **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के मैजापुर–कर्नलगंज रेलवे स्टेशनों के बीच किमी 679/2–3 पर एल.सी. संख्या 276/सी के स्थान पर एलएचएस के साथ दो लेन के एंड–टू–एंड रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण, जिसमें पहुंच मार्ग में आरई वॉल/पीएससी गर्डर/कम्पोजिट गर्डर शामिल हैं और रेलवे हिस्से में आरडीएसओ के कैमल बैक ट्रस प्रकार के गर्डर का उपयोग किया जाएगा।; **अनुमानित निविदा मूल्य (₹):** ₹51,18,85,717.14; **बयाना राशि (₹):** ₹27,09,400/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** 0.00 शून्य; **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 महीने। • बिड प्रारम्भ करने की तिथि – दिनांक **09.09.2025.** • उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अंतिम तिथि–दिनांक **23.09.2025,** 15:00 बजे तक. • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि – दिनांक **23.09.2025,** 15:00 बजे. • निविदा सूचना योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिंदी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**अधिशासी अभियंता/निर्माण/आर.एस.पी. गोरखपुर**

**मुजाधि/डब्ल्यू–231**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## कार्यालय तहसीलदार मीरगंज (बरेली)

पत्रांक: 533/मत्सय पा.प.–नीलामी/रा.निरी.(कार्या.0/2025 दिनांक: 29.08.2025

मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा रिट याचिका संख्या7 54161/2003 इन्द्रपाल बनाम सरकार उ.प्र. व अन्य में पारित आदेश दिनांक 14.05.2009 व सिविलरिट याचिका संख्या 18838/2012 प्रमोद कहार व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य में पारित आदेश दिनांक 16.04.20212 के अनुपालन में तहसील मीरगंज में मत्स्य हेतु उपयुक्त तालाबों का आवंटन नीलामी पद्धति से किये जाने हेतु तहसील मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया है। शासनादेश संख्या- 3735/1-2-95-स-2 दिनांक 17.10.1995 में वर्णित नियमों के अनुरूप मछुआ समुदाय व अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों के मध्यम नीलामी पद्धति से तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा किया जायेगा। मा. राजस्व परिषद, लखनऊ के पत्र संख्या- आर.जी. 211/जी-5-23 आर (रिट) 2011 दिनांक 16.07.2013 के अन्तर्गत तालाबों की सूचना नियत प्रारूप पर नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न किये जाने प्रकाशित की जा रही है जो निम्नवत् है:-

नीलामी का स्थान- **तहसील सभागार मीरगंज** नीलामी की तिथि/समय- **09.09.2025/2:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक** नीलाम अधिकारी- **नायब तहसीलदार मीरगंज।**

| क्र. | नाम ग्राम | गाटा सं. | क्षेत्रफल | क्र. | नाम ग्राम | गाटा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 1. | 2. | 3. | 4. |
| 1. | जियानगला (शाही) | 403 | 1.290 | 16 | मनकरा | 245 | 0.291 |
| 2. | कुल्छा | 317 क | 1.379 | 17 | जाफरपुर | 542 | 0.253 |
| 3. | जगतपुर काशीराम | 230 | 0.202 | 18 | गुगई | 549ख | 0.405 |
| 4. | धनेटा | 299<br>474 | 0.525<br>0.278 | 19 | पहुंचा बुजुर्ग मु. | 449<br>450 | 0.215<br>0.253 |
| 5. | गनेशपुर | 220<br>277 मि. | 0.556<br>0.253 | 20 | करमपुर | 242<br>226 | 0.569<br>2.137 |
| 6. | मकरन्दपुर ठाकुरान | 537 | 0.392 | 21 | जियानगला | 95 | 0.329 |
| 7. | अमौर | 269 | 0.696 | 22 | सहसा | 712 | 0.266 |
| 8. | सिरोधी अंगदपुर | 28 | 0.202 | 23 | परचई | 254 | 0.670 |
| 9. | बलेही | 440 | 0.228 | 24 | मंसूरगंज | 284 | 0.266 |
| 10. | सहोड़ा | 198<br>130 | 0.278<br>0.696 | 25 | बुझिया जागीर | 318<br>121 ख | 0.696<br>2.371 |
| 11. | अक्सौरा | 20<br>174 | 0.846<br>0.341 | 26 | पहुंचा खुर्द | 117<br>146 | 0.414<br>0.494 |
| 12. | खरगपुर | 17 | 0.625 | 27 | परेवा मो. अली | 328 | 0.202 |
| 13. | बल्ली | 1530क | 0.253 | 28 | सुकटिया | 347 | 0.405 |
| 14. | तुरसा पट्टी | 167<br>230<br>542 | 0.784<br>1.290<br>0.607 | 29 | चमरौआ | 60<br>88<br>146 | 0.354<br>0.341<br>0.304 |
| 15. | संग्रामपुर | 77 मि. | 0.821 | 30. | मल्साखेड़ा | 69<br>95<br>126 | 0.215<br>0.506<br>0.347 |

नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता एवं शर्तें:- 1. नीलामी प्रक्रिया में बोली बोलने की पात्रता एवं शर्तें शासनादेश (यथा संशोधित) संख्या- 3736/1-2-95-रा-दिनांक 17.10.1995 के अनुरूप होगी जो तहसील मुख्यालय एवं राजस्व परिषद की वेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है। 2. मा. उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार तालाब पट्टा नीलामी की न्यूनतम धनराशि मू. 5,000/- प्रति हे. निर्धारित की गई है। 3. पट्ट की शर्तों एवं नीलामी से सम्बन्धित किसी अन्य जानकारी हेतु रजिस्ट्रार कानूनगी कार्यालय तहसील मीरगंज से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। 4. नीलामी में बोली बोलने के इच्छुक व्यक्ति को जमानत धनराशि बोली बोलने से पूर्व जमा करनी होगी तथा उपजिलाधिकारी महोदय मीरगंज की स्वीकृति उपरान्त नीलामी की शेष धनराशि 15 दिन के अन्दर जमा करनी होगी। ऐसा न करने पर जमानत के तौर पर जमा की गयी धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 5. नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार उपजिलाधिकारी महोदय मीरगंज में निहित है।

**तहसीलदार, मीरगंज**

# गुजरात के पूर्व भाजपा विधायक, आईपीएस समेत 14 को उम्रकैद

**अहमदाबाद, एजेंसी :** अहमदाबाद की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को गुजरात के पूर्व भाजपा विधायक नलिन कोटडिया, अमरेली जिले के पूर्व पुलिस अधीक्षक (एसपी) जगदीश पटेल और 12 अन्य को 2018 के बिटक्वाइन जबरन वसूली मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

- **बिटक्वाइन वसूली मामले में सत्र अदालत ने सुनाई सजा**

अहमदाबाद सत्र न्यायालय के न्यायाधीश बी बी जादव ने सूरत के बिल्डर शैलेश भट्ट और उनके साथी का 2018 में गांधीनगर से अपहरण करने और उस समय 32 करोड़ रुपये मूल्य के 200 बिटक्वाइन की जबरन वसूली में लिप्त रहने को लेकर कोटडिया, पटेल और अन्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

कोटडिया ने 2012 से 2017 के बीच अमरेली की धारी सीट का प्रतिनिधित्व किया था। अभियुक्त कांस्टेबल का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील परेश वाघेला ने कहा कि इस मामले में अभ्यारोपित किए गए कुल 15 आरोपियों में से अदालत ने कोटडिया समेत 14 लोगों को दोषी ठहराया, जबकि बिपिन पटेल को बरी कर दिया गया। आरोपियों को 200 बिटक्वाइन की जबरन वसूली की साजिश में शामिल होने का दोषी पाया गया। आरोपियों में अमरेली पुलिस के नौ कांस्टेबल भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि नौ पुलिसकर्मी एक सप्ताह में इस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे। बिल्डर भट्ट ने आरोप लगाया था कि अमरेली के पुलिसकर्मियों ने नौ फरवरी, 2018 को उन्हें और उनके व्यापारिक साझेदार किरीट पलाडिया को गांधीनगर से अगवा कर लिया था।

# मगरमच्छ के हमले में नाबालिग लड़के की मौत

**बहराइच, एजेंसी :** जिले में मगरमच्छ के हमले में 14 साल के एक लड़के की मौत हो गयी। वन विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार शाम कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के अंतर्गत गेरूआ नदी के किनारे स्थित अपने खेत से घास काट रहे 14 वर्षीय बालक को नदी से निकलकर आए मगरमच्छ ने जबड़े में दबोचा और उसे नदी में खींच ले गया।उसका शव शुक्रवार को नदी में तैरता मिला।

## कार्यालय उपायुक्त स्वतः रोजगार, बरेली

पत्रांक- 3252/एन.आर.एल.एम./सामुदायिक आंतरिक ऑडिटर चयन/2025-26 दिनाक: 29.08.2025

**विज्ञापन**

मिशन निदेशक महोदया, उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यालय पत्रांक 957/1922/एम.सी.एल.एफ./2024-25 दिनांक 03.06.2024 के द्वारा आंतरिक सामुदायिक ऑडिटर नीति के चयन के सम्बन्ध में भारत सरकार के दिशा निर्देश के अनुसर सभी सीएलएफ का त्रैमासिक ऑडिट होना चाहिए। उक्त के क्रम में सभी समूह, ग्राम संगठन एवं सकुल स्तरीय संघ में आंतरिक सामुदायिक ऑडिटर का चयन किया जाना है। जिस हेतु सी.एल.एफ. स्तर पर कुल-5 ऑडिटर, ग्राम संगठन स्तर पर कुल-21 ऑडिटर एवं समूह सामुदायिक ऑडिटर हेतु योग्यता/मापदण्ड-

| Aspects | Shg Level Community Auditor | Vo Level Community Auditor | Clf Level Community Auditor |
|---|---|---|---|
| Eligibility | 10th Pass | 10th Pass | 12th Pass |
| | Experience of minimum one year of record keeping at SHG Level | Experience of minimum 3 years of record keeping at SHG Level | Experience of minimum 3 years of record keeping at VO Level |

| क्र. | मद | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघ आंतरिक सामुदायिक ऑडिटर | समूह आंतरिक सामुदायिक ऑडिटर, ग्राम संगठन आंतरिक सामुदायिक ऑडिटर, संकुल स्तरीय संघ आंतरिक सामुदायिक ऑडिटर |
| 2. | जनपद में रिक्तियों की संख्या | स्वंय सहायता समूह आंतरिक सामुदायिक ऑडिटर-40<br>ग्राम संगठन आंतरिक सामुदायिक ऑडिटर-21<br>संकुल स्तरीय संघ आंतरिक सामुदायिक ऑडिटर-05 |
| 3. | पात्रता | उपरोक्तानुसार |
| 4. | आवेदन की अंतिम तिथि | 05.09.2025 |
| 5. | आवेदन पत्र जमा करने का स्थल | सम्बन्धित विकास खण्ड कार्यालय/कार्यालय उपायुक्त-स्वतः रोजगार-बरेली |
| 6. | आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख | 1. आवेदन पत्र (विकासखण्ड कार्यालय एवं संकुल के कार्यालय पर उपलब्ध)<br>2. आधार कार्ड की प्रति<br>3. आवेदित पदानुसार अंकतालिका की प्रति<br>4. आवेदित पदानुसार अनुभव प्रमाण पत्र। |
| 7. | कार्य आधारित मानदेय | समूह, ग्राम संगठन एवं सी.एल.एफ. में उपलब्ध धनराशि के अनुसार। |

**नोट:- विज्ञप्ति के पदों की संख्या को आवश्यकतानुसार कम या अधिक किया जा सकता है।**

**योगेन्द्र लाल भारती**
**उपायुक्त-स्वतः रोजगार, बरेली**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## नलकूप खण्ड–प्रथम, बदायूँ

पत्रांक–1493/न0ख0प्र0ब0/टेण्डर/2025–26/दिनांक–23.08.2025

अल्पकालीन निविदा संख्या–01/अधि0अभि0न0ख0प्र0ब0/2025–26

(बजट की प्रत्याशा में)

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद बदायूँ में 40 अदद् राजकीय नलकूपों की जल वितरण प्रणाली के जीर्णोद्धार/पुनरोद्धार एवं पम्पसेट, विद्युत सहायक उपकरणों के प्रतिस्थापन की परियोजना के अन्तर्गत पम्प हाउस की फेसलिफ्टिंग, गूल की रिलेयिंग/रिपेयरिंग तथा गूल के दोनों तरफ मिट्टी की ड्रेसिंग का कार्य करते हुए राजकीय नलकूप को आदर्श राजकीय नलकूप के रूप में विकसित करने के कार्य हेतु मुहरबन्द पृथक–अल्पकालीन निविदायें, (बजट की प्रत्याशा में) उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदाताओं से दिनांक–08.09.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। मुहरबन्द निविदायें दिनांक–08.09.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड–प्रथम, बदायूँ के कार्यालय में रखे गये निविदा बॉक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक–08.09.2025 को उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे से अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड–प्रथम, बदायूँ के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के अनुपस्थित होने पर निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। निविदा एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक–01.09.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक–06.09.2025 को सायं 05:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जोकि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड–प्रथम, बदायूँ के पक्ष में बन्धक होगी, जमा कराना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। यह निविदा/बिड सिंचाई विभाग की वेबसाईट www.idup.gov.in एवं सूचना निदेशक की वेबसाईट पर भी उपलब्ध रहेगी। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी। निविदा का कार्य विवरण, धरोहर धनराशि एवं अन्य विवरण निम्नवत् हैः–

(समस्त कार्य Bill of Quantity के अनुसार किया जाना है।)

| लॉट सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0) (जी0एस0टी0 रहित) | धरोहर राशि (लाख रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | पंजीकृत श्रेणी (सिविल/यांत्रिक कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जनपद बदायूँ के विकास खण्ड–जगत में राजकीय नलकूप सं0–55 बी0जी0, ग्राम–सखानू में स्थित राजकीय नलकूप पर पम्प हाउस की फेसलिफ्टिंग, गूल की रिलेयिंग/रिपेयरिंग तथा गूल के दोनों तरफ मिट्टी की ड्रेसिंग का कार्य करते हुए राजकीय नलकूप को आदर्श राजकीय नलकूप के रूप में विकसित करने का कार्य | 4.57 | 0.09 | 45 दिन | 225.00 + जी0एस0टी0 + 500.00 स्टेशनरी | "सी" अथवा उच्च श्रेणी (सिविल) |
| 02 | जनपद बदायूँ के विकास खण्ड–जगत में राजकीय नलकूप सं0–202 बी0जी0, ग्राम–बुधवाई में स्थित राजकीय नलकूप पर पम्प हाउस की फेसलिफ्टिंग, गूल की रिलेयिंग/रिपेयरिंग तथा गूल के दोनों तरफ मिट्टी की ड्रेसिंग का कार्य करते हुए राजकीय नलकूप को आदर्श राजकीय नलकूप के रूप में विकसित करने का कार्य | 4.35 | 0.09 | 45 दिन | 225.00 + जी0एस0टी0 + 500.00 स्टेशनरी | "सी" अथवा उच्च श्रेणी (सिविल) |
| 03 | जनपद बदायूँ के विकास खण्ड–जगत में राजकीय नलकूप सं0–96 बी0जी0, ग्राम–झण्डपुर में स्थित राजकीय नलकूप पर पम्प हाउस की फेसलिफ्टिंग, गूल की रिलेयिंग/रिपेयरिंग तथा गूल के दोनों तरफ मिट्टी की ड्रेसिंग का कार्य करते हुए राजकीय नलकूप को आदर्श राजकीय नलकूप के रूप में विकसित करने का कार्य | 4.12 | 0.08 | 45 दिन | 225.00 + जी0एस0टी0 + 500.00 स्टेशनरी | "सी" अथवा उच्च श्रेणी (सिविल) |
| 04 | जनपद बदायूँ के विकास खण्ड–जगत में राजकीय नलकूप सं0–151 बी0जी0, ग्राम–किसरूआ में स्थित राजकीय नलकूप पर पम्प हाउस की फेसलिफ्टिंग, गूल की रिलेयिंग/रिपेयरिंग तथा गूल के दोनों तरफ मिट्टी की ड्रेसिंग का कार्य करते हुए राजकीय नलकूप को आदर्श राजकीय नलकूप के रूप में विकसित करने का कार्य | 4.43 | 0.09 | 45 दिन | 225.00 + जी0एस0टी0 + 500.00 स्टेशनरी | "सी" अथवा उच्च श्रेणी (सिविल) |
| 05 | जनपद बदायूँ के विकास खण्ड–जगत में राजकीय नलकूप सं0–39 बी0जी0, ग्राम–गुलडिया में स्थित राजकीय नलकूप पर पम्प हाउस की फेसलिफ्टिंग, गूल की रिलेयिंग/रिपेयरिंग तथा गूल के दोनों तरफ मिट्टी की ड्रेसिंग का कार्य करते हुए राजकीय नलकूप को आदर्श राजकीय नलकूप के रूप में विकसित करने का कार्य | 4.12 | 0.08 | 45 दिन | 225.00 + जी0एस0टी0 + 500.00 स्टेशनरी | "सी" अथवा उच्च श्रेणी (सिविल) |
| 06 | जनपद बदायूँ के विकास खण्ड–सालारपुर में राजकीय नलकूप सं0–215 बी0जी0, ग्राम–कुनार में स्थित राजकीय नलकूप पर पम्प हाउस की फेसलिफ्टिंग, गूल की रिलेयिंग/रिपेयरिंग तथा गूल के दोनों तरफ मिट्टी की ड्रेसिंग का कार्य करते हुए राजकीय नलकूप को आदर्श राजकीय नलकूप के रूप में विकसित करने का कार्य | 4.09 | 0.08 | 45 दिन | 225.00 + जी0एस0टी0 + 500.00 स्टेशनरी | "सी" अथवा उच्च श्रेणी (सिविल) |
| 07 | जनपद बदायूँ के विकास खण्ड–सालारपुर में राजकीय नलकूप सं0–144 बी0जी0, ग्राम–कुंवरगांव में स्थित राजकीय नलकूप पर पम्प हाउस की फेसलिफ्टिंग, गूल की रिलेयिंग/रिपेयरिंग तथा गूल के दोनों तरफ मिट्टी की ड्रेसिंग का कार्य करते हुए राजकीय नलकूप को आदर्श राजकीय नलकूप के रूप में विकसित करने का कार्य | 4.87 | 0.1 | 45 दिन | 225.00 + जी0एस0टी0 + 500.00 स्टेशनरी | "सी" अथवा उच्च श्रेणी (सिविल) |
| 08 | जनपद बदायूँ के विकास खण्ड–सालारपुर में राजकीय नलकूप सं0–219 बी0जी0, ग्राम–फरीदपुर नौसाना में स्थित राजकीय नलकूप पर पम्प हाउस की फेसलिफ्टिंग, गूल की रिलेयिंग/रिपेयरिंग तथा गूल के दोनों तरफ मिट्टी की ड्रेसिंग का कार्य करते हुए राजकीय नलकूप को आदर्श राजकीय नलकूप के रूप में विकसित करने का कार्य | 4.11 | 0.08 | 45 दिन | 225.00 + जी0एस0टी0 + 500.00 स्टेशनरी | "सी" अथवा उच्च श्रेणी (सिविल) |
| 09 | जनपद बदायूँ के विकास खण्ड–सालारपुर में राजकीय नलकूप सं0–135 बी0जी0, ग्राम–कुनार में स्थित राजकीय नलकूप पर पम्प हाउस की फेसलिफ्टिंग, गूल की रिलेयिंग/रिपेयरिंग तथा गूल के दोनों तरफ मिट्टी की ड्रेसिंग का कार्य करते हुए राजकीय नलकूप को आदर्श राजकीय नलकूप के रूप में विकसित करने का कार्य | 4.92 | 0.1 | 45 दिन | 225.00 + जी0एस0टी0 + 500.00 स्टेशनरी | "सी" अथवा उच्च श्रेणी (सिविल) |
| 10 | जनपद बदायूँ के विकास खण्ड–सालारपुर में राजकीय नलकूप सं0–16 बी0जी0, ग्राम–दुगरैया में स्थित राजकीय नलकूप पर पम्प हाउस की फेसलिफ्टिंग, गूल की रिलेयिंग/रिपेयरिंग तथा गूल के दोनों तरफ मिट्टी की ड्रेसिंग का कार्य करते हुए राजकीय नलकूप को आदर्श राजकीय नलकूप के रूप में विकसित करने का कार्य | 4.33 | 0.09 | 45 दिन | 225.00 + जी0एस0टी0 + 500.00 स्टेशनरी | "सी" अथवा उच्च श्रेणी (सिविल) |

नोटः–

1. निविदा से सम्बन्धित विशेष शर्तें/अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड–प्रथम, बदायूँ के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।
2. निर्माण कार्य हेतु समस्त सामग्री, श्रमिक एवं उपकरणों सहित विभागीय मानक/ड्राइंग/क्रास सेक्शन के अनुरूप पूर्ण किया जाना है। सभी कार्यों का सम्पादन बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार कराया जाना है।

(सूर्य प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड–प्रथम, बदायूँ

**UP-237287 दिनांक 28.08.2025**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

## कार्यालय उपजिलाधिकारी मितौली खीरी।

पत्र सं0– /मत्स्य पालन पटटा–नीलामी/विज्ञापन/रा0नि0(कार्या0) दिनांकः– 26.08.2025

### विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा रिट संख्या 54161/2013 इन्द्रपाल बनाम उ0प्र0 सरकार में पारित आदेश दि0 14.05.2009 व सिविल रिट याचिका संख्या–18838/2012 प्रमोद कहार व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य में पारित आदेश दि0 16.04.2012 एवं राजस्व संहिता 2006 (यथा संशोधित) की धारा 61 के अनुपालन में तहसील मितौली जिला खीरी में मत्स्य पालन हेतु उपयुक्त तालाबों का आवंटन नीलामी पद्धति से किये जाने हेतु तहसील मुख्यालय पर शिविर का आयोजन कालम 6 में अंकित दिनांकों में किया गया है। शासनादेश संख्या–3776/1–2–95–रा–2 दिनांक 17.10.1995 में वर्णित नियमों के अनुरूप मछुआ समुदाय व अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों के मध्य नीलामी पद्धति से तालाबों का 10 वर्षीय पटटा किया जायेगा। 2.000 हे0 से अधिक क्षेत्रफल के तालाबों का आवंटन नीलामी पद्धति से पंजीकृत तथा मान्यता प्राप्त मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के मध्य किया जायेगा। मत्स्य पालन पटटे का लगान बकायादार व्यक्ति अथवा समिति को किसी भी दशा में मत्स्य पालन पटटा लेने हेतु बोली में शामिल नही किया जायेगा। मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के लिये यह अनिवार्यता होगी की समिति के अध्यक्ष/सचिव मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालन विकास अभिकरण से अदेयता प्रमाण पत्र प्राप्त कर नीलामी अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगें। ऐसा ना करने पर नीलामी प्रक्रिया में भाग न ले सकेगें। नीलामी माननीय राजस्व परिषद लखनऊ के पत्र संख्या आर0जी0–2011–जी0–5–23 (आर रिट)/2011 दिनांक 16 जुलाई 2013 के अन्तर्गत तालाबों की नियत प्रारूप पर वित्तीय वर्ष 2024–25 में नीलाम प्रक्रिया किये जाने हेतु प्रकाशित की जा रही है जो निम्नवत है–

नीलामी स्थल– तहसील सभागार, तहसील मितौली–खीरी।
नीलामी की तिथि व समय– 20 सितम्बर 2025, समय– प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक
नीलामी अधिकारी– नायब तहसीलदार मितौली–खीरी।

### नीलामी हेतु तालाबों का विवरण

| क0सं0 | ग्राम का नाम | आबंटन योग्य तालाबो का विवरण | | नीलामी से पूर्व जमानत के रूप में अग्रिम जमा की जाने वाली धनराषि (रू0 में) | नीलामी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | गाटा संख्या | क्षेत्रफल (हे0 में) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | रेवाना | 293 | 0.344 | 500 | |
| | | 601 | 0.518 | 500 | |
| 2 | जलालपुर | 121 | 0.421 | 500 | |
| | | 214 | 0.462 | 500 | |
| 3 | मगही | 134 | 0.324 | 500 | |
| | | 369 | 0.304 | 500 | |
| 4 | ढखियाजाट | 24 | 0.300 | 500 | |
| 5 | दीक्षितपुर | 258 | 1.043 | 1100 | |
| 6 | पिपरी कला | 235क | 0.450 | 500 | |
| 7 | बिसारीखेडा | 97 | 0.304 | 500 | |
| 8 | अटवा | 96 | 0.380 | 500 | |
| 9 | डहर | 30 | 2.096 | 2100 | |
| | | 80 | 2.254 | 2300 | |
| 10 | देवरी परगना पैला | 131 | 0.344 | 500 | |
| | | 135 | 0.505 | 500 | |
| | | 319क | 2.229 | 2300 | |
| | | 343मि0 | 1.192 | 1200 | |
| | | 392ग | 0.332 | 500 | |
| | | 542ख | 0.287 | 500 | |
| | | 650 | 0.375 | 500 | |
| | | 134 | 0.315 | 500 | |
| 11 | पहाडा | 129ख | 0.316 | 500 | |
| 12 | नयागावं | 360क | 0.607 | 550 | |
| 13 | जम्हौरा | 177 | 1.259 | 1200 | |
| | | 204मि | 1.740 | 1700 | |
| | | 293ख | 0.223 | 500 | |
| | | 640 | 0.214 | 500 | |
| 14 | नदौआ | 123 | 0.421 | 500 | |
| 15 | उदरहा | 977स मि0 | 0.749 | 800 | |
| 16 | पलियामाफी | 28 | 0.409 | 500 | |
| | | 290 | 0.368 | 500 | |
| 17 | अबगावां | 287 | 0.445 | 500 | |
| 18 | नीमगावां | 220 | 0.967 | 1000 | |
| | | 298 | 0.441 | 500 | |
| | | 306 | 2.221 | 2300 | |
| | | 431ख मि0 | 0.376 | 500 | |
| | | 548 | 0.231 | 500 | |
| | | 573 | 0.295 | 500 | |
| | | 661 | 0.466 | 500 | |
| | | 891 | 1.023 | 1100 | |
| 19 | परसेहरा कलां | 341 | 0.388 | 500 | |
| 20 | भदुरा | 215 | 0.202 | 500 | |
| | | 414 | 0.368 | 500 | |
| | | 147 | 0.421 | 500 | |
| | | 274 | 0.202 | 500 | |
| | | 425 | 0.279 | 500 | |
| | | 1896 | 0.316 | 500 | |
| 21 | भूलनपुर | 1896 | 0.279 | 500 | |
| | | 274 | 0.833 | 900 | |
| | | 2926 | 0.417 | 500 | |
| | | 2692ख | 0.324 | 500 | |
| 22 | लिधियाई | 926 | 0.454 | 500 | |
| 23 | कल्लुआमोती | 279 | 0.854 | 900 | |
| | | 455 | 0.454 | 500 | |
| | | 370मि0 | 0.'470 | 500 | |
| 24 | रामपुररामदास | 134 | 0.271 | 500 | |
| | | 144 | 0.209 | 500 | |
| | | 206 | 0.304 | 500 | |
| 25 | शिवपुरी | 291 | 0.275 | 500 | |
| | | 381 | 0.233 | 500 | |
| | | 447ख | 0.500 | 500 | |
| 26 | दरीनगर | 517 | 0.478 | 500 | |
| | | 1675 | 0.413 | 500 | |
| 27 | पैला | 259 | 0.202 | 500 | |
| | | 400क/3 | 0.425 | 500 | |
| | | 551 | 0.255 | 500 | |
| | | 646क | 0.372 | 500 | |
| | | 111 | 0.651 | 700 | |
| | | 275 | 0.202 | 500 | |
| | | 393 | 0.401 | 500 | |
| | | 1569 | 0.360 | 500 | |

मा0उच्च न्यायालय के सिविल मिस रिट पिटीशन संख्या–39590/2014 श्रीमती कौशल्या देवी बनाम उ0प्र0राज्य व अन्य एवं सिविल मिस रिट पिटीशन संख्या–41084/2014 शंकर बनाम उ0प्र0राज्य व अन्य में पारित आदेशों के अनुपालन में नीलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को नवीनतम आय एवं जाति प्रमाण पत्र (विज्ञापन की तिथि से 6 माह पुराना न हो) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले की पात्रता एवं शर्तेः–

1. नीलामी प्रक्रिया के बोली की पात्रता की शर्ते (यथा संशोधित) शासनादेश संख्या–3736/1–2–1995 रा–2 दिनांक 17.10.1995 के अनुरूप होंगी जो तहसील मुख्यालय एवं राजस्व परिषद की वेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।
2. राजस्व संहिता नियमावली 2006 के नियम 57/58 के अनुसार 2हे0 से कम क्षेत्रफल वाले तालाब पट्टा नीलामी की न्यूनतम धनराशि 2000रू प्रति प्रति एकड (5000 प्रति हेक्टेयर) प्रति वर्ष तथा 2हे0 से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों पट्टा नीलामी की न्युनतम धनराशि 4000रू0 प्रति एकड (10000 प्रति हेक्टेयर) प्रति वर्ष निर्धारित है।
3. पट्टे की शर्तो एवं नीलामी से सम्बन्धित किसी अन्य जानकारी हेतु रजिस्टार कानूनगों कार्यालय मितौली में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
4. विज्ञापन में सम्मिलित गाटों का यदि किसी व्यक्ति के नाम आवंटन पूर्व से पाया जाता है तो वह नीलामी तिथि से पूर्व जमा लगान आदि अभिलेखों के साथ कार्यालय में सूचित कर सकता है। ऐसे नम्बरान की नीलामी नही की जायेगी।
5. मत्स्य पालन के इच्छुक व्यक्तियों/मत्स्य पालक समितियों के अध्यक्ष/सचिव/सदस्यों को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त विज्ञापित/प्रकाशित गाटा संख्याओं के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण कर लें अथवा क्षेत्रीय लेखपाल से सम्पर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त कर लें कि सम्बन्धित गाटा संख्या आवंटन योग्य है, अथवा नही। आवंटन योग्य होने पर ही शिविर में आवेदन करें। आवंटन/नीलामी के उपरान्त किसी व्यक्ति का उक्त के सम्बन्ध में कोई दावा स्वीकार नही किया जायेगा।
6. नीलामी में बोली बोलने के इच्छुक व्यक्ति को जमानत धनराशि बोली बोलने से पूर्व जमा करनी होगी तथा नीलामी सम्पन्न होने के पश्चात नीलाम ग्रहीता को सर्वोच्च बोली की धनराशि जो तय होगी, उसकी प्रथम किस्त अर्थात एक वर्ष का लगान तत्काल जमा करना होगा। शेष धनराशि प्रति वर्ष जमा 30 जून तक अग्रिम के रूप में जमा करनी होगी। नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार उपजिलाधिकारी का है। पट्टा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अन्तिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी/उपजिलाधिकारी मितौली खीरी का होगा।
7. उपरोक्त नीलामी तिथि में जो तालाब अवशेष रह जाते है उनकी नीलामी उक्त विज्ञापन के अनुसार दिनांक 22 सितम्बर 2025 व इसके उपरान्त भी शेष रहे तालाबों की नीलामी दिनांक 24 सितम्बर 2025 को पुनः की जायेगी।

उप जिलाधिकारी
मितौली–खीरी।

**UP-237292 दिनांक 28.08.2025**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

नेशनल ब्रीफ

### एनएसजी ने जम्मू में आतंकवाद निरोधक अभ्यास किया

**जम्मू।** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने यहां तीन दिवसीय संयुक्त आतंकवाद निरोधक अभ्यास किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभ्यास 27-29 अगस्त को अनंतनाग के पहाड़ी इलाके में विशेष अभियान समूह (एसओजी) और जम्मू-कश्मीर पुलिस के सहयोग से जम्मू-कश्मीर में बहु-एजेंसी आतंकवाद-रोधी क्षमताओं को मज़बूत करने के लिए आयोजित किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि इस अभ्यास में दुर्गम इलाकों में आतंकवादियों को मार गिराने के लिए विभिन्न एजेंसियों ने तालमेल बढ़ाया।

### दिल्ली: 15 साल में सबसे अधिक बारिश अगस्त में

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार को भारी बारिश हुई जिससे प्रमुख मार्गों पर यातायात ठप हो गया, एक दीवार गिरने से तीन बच्चे घायल हो गए और शहर में जलभराव की समस्या को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में पिछले 15 वर्षों में यह सबसे अधिक बारिश वाला अगस्त दर्ज किया गया है, जहां अब तक 399.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, वर्ष 2010 के बाद से यह सबसे अधिक बारिश वाला अगस्त है, जब शहर में 455.8 मिमी बारिश हुई थी। भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजधानी में राजनीतिक घमासान छिड़ गया है।

### अरुणाचल के पूर्व मंत्री थिंगहाप ताइजू का निधन

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री थिंगहाप ताइजू का शुक्रवार को चांगलांग जिले में उनके आवास पर निधन हो गया। ताइजू पिछले दो दिन से अस्वस्थ थे और ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे। उनकी आयु 70 वर्ष से अधिक थी और उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं। ताइजू ने पहली बार 1995 में चांगलांग उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल करके विधानसभा में प्रवेश किया था और बाद में 1999 में कांग्रेस के टिकट पर इसे बरकरार रखा। 2009 में, वह उसी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक के रूप में फिर से चुने गए।

### सितंबर में 150 विशेष पूजा ट्रेन चलाई जाएंगी

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने त्योहारों के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ के मद्देनजर 21 सितंबर से 30 नवंबर तक 150 पूजा विशेष ट्रेन चलाने के संबंध में अधिसूचना जारी की है, जो कुल 2,024 चक्कर लगाएंगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पूजा स्पेशल ट्रेन श्रृंखला के तहत, दक्षिण मध्य रेलवे सबसे ज़्यादा 48 ट्रेन चलाएगा, जो 684 फेरे लगायेंगी। रेलवे की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, 'ये ट्रेन मुख्य रूप से हैदराबाद, सिकंदराबाद और विजयवाड़ा जैसे प्रमुख स्टेशनों से चलायी जायेंगी।

## भारतीय सेना का कमाल... 110 फुट लंबा बेली पुल 12 घंटे में बनकर तैयार

**तवी नदी के उफान से क्षतिग्रस्त हो गया था जम्मू का चौथा पुल, बंद था वाहन यातायात**

**जम्मू।** जम्मू में आवाजाही के लिहाज से जीवनरेखा कहे जाने वाले एक पुल के तवी नदी में आए उफान से बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के बाद आवाजाही बंद हुई तो भारतीय सेना ने 12 घंटे से भी कम समय में 110 फुट लंबा अस्थाई बेली पुल बनाकर उसे बहाल कर दिया।

टाइगर डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल मुकेश भानवाला ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 26 अगस्त को तवी नदी में आई भीषण बाढ़ के दौरान चौथे तवी पुल का पूर्वी हिस्सा भी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था जो जम्मू में आवाजाही के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। इससे पुल पर यातायात बंद हो गया, काफी वाहन भी दूसरी ओर फंसे हुए थे।

चूंकि पुल की मरम्मत कम समय में होना संभव नहीं थी, इस कारण टाइगर डिवीजन के अभियंताओं ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 110 फुट लंबा बेली पुल बनाया। उन्होंने कहा कि पुल 12 घंटे से भी कम समय में बनकर तैयार हो गया, जिससे वाहनों की आवाजाही संभव हो गई।



जम्मू में बेली पुल बनाने के लिए शुक्रवार को जोर-आजमाइश करते भारतीय सेना के जवान। • एजेंसी





### संचार संपर्क भी किया बहाल

बारिश और बाढ़ से जम्मू और श्रीनगर के बीच महत्वपूर्ण संचार संपर्क भी बाधित हो गया था। भारतीय सेना की राइजिंग स्टार कोर के जवानों ने युद्धस्तर पर वैकल्पिक ऑप्टिकल फाइबर केबल लाइन बिछाकर के लिए इसे बहाल कर दिया।

### एक हजार लोगों को बचाया

सेना ने जम्मू-गुरदासपुर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चलाए गए अभियानों के दौरान बच्चों, छात्रों और अर्धसैनिक बलों के जवानों सहित लगभग 1,000 फंसे हुए लोगों को बचाया है। इस दौरान जवानों को खुद बाढ़ के पानी और प्रतिकूल मौसम का डटकर सामना करना पड़ा।

# एसआईआर : आपत्तियां दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाने पर होगी सुप्रीम सुनवाई

**राजद और एआईएमआईएम की याचिकाओं पर शीर्ष अदालत ने 8 सितंबर की तिथि तय की**

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की ओर से दायर याचिकाओं पर आठ सितंबर को सुनवाई करने पर शुक्रवार को सहमति व्यक्त की। फिलहाल एसआईआर को लेकर दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तारीख एक सितंबर है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि वह आठ सितंबर को राजनीतिक दलों के आवेदनों पर सुनवाई करेगी। आदेश में कहा गया है, सभी अंतरिम आवेदनों को मुख्य मामले के साथ आठ सितंबर को सूचीबद्ध करें। इससे पहले राजद की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण और वरिष्ठ अधिवक्ता शोएब आलम ने कहा कि कई राजनीतिक दलों ने समयसीमा बढ़ाने के लिए आवेदन दायर किए हैं।

एआईएमआईएम की ओर से पेश हुए वकील निजाम पाशा ने कहा कि बड़े पैमाने पर दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के कारण समय सीमा बढ़ाने की जरूरत है। आलम ने कहा, दायर किए गए दावों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। समय सीमा बढ़ाने की जरूरत है। पाशा ने दलील दी कि 22 अगस्त के आदेश से पहले 80,000



दावे दायर किए गए थे, जबकि आदेश के बाद 95,000 दावे दायर किए गए हैं। पाशा ने कहा, हम अनुरोध करते हैं कि इन आवेदनों को जल्द से जल्द सूची में शामिल किया जाए।

पीठ ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि उन्होंने राहत के लिए निर्वाचन आयोग से संपर्क क्यों नहीं किया। इस पर भूषण ने कहा कि उन्होंने ऐसा किया है, लेकिन उनके अनुरोध पर विचार नहीं किया जा रहा है। राजद द्वारा अधिवक्ता फौजिया शकील के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि एसआईआर में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 90,712 हो गई है और पार्टी ने 47,506 मतदान केंद्रों पर बूथ स्तरीय एजेंट नियुक्त किए हैं, जो कुल मतदान केंद्रों का लगभग 52 प्रतिशत है।

पार्टी ने कहा कि 22 अगस्त के अदालती आदेश के बाद, आधार कार्ड के साथ दावे बीएलए द्वारा एकत्र किए गए थे और बीएलओ द्वारा दावों की पावती के बावजूद दावे दर्ज नहीं किए गए थे और पार्टी के खिलाफ दैनिक ईसी स्थिति रिपोर्ट में प्रतिबिंबित नहीं किए गए थे, जिससे यह गलत विमर्श पेश किया गया कि राजनीतिक दलों के बीएलए सहयोग नहीं कर रहे थे और दावे दायर नहीं कर रहे थे।

### एक और मामला... इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 21 बार टाली सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी, जल्द निपटारा करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक जमानत अर्जी पर सुनवाई 21 बार स्थगित होने से अप्रसन्न सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दोहराया कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में शीघ्रता से फैसला लिया जाना चाहिए। सीजेआई बीआर गवई, न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से मामले पर व्यक्तिगत रूप से गौर करने को कहा। पीठ ने कहा, हम बार-बार कहते आए हैं कि नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में सुनवाई और निर्णय शीघ्रता से होना चाहिए। इसलिए, हम इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वह इस मामले का जल्द निपटारा करें। पीठ कुलदीप नाम के एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उसके वकील ने बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में कुलदीप की जमानत अर्जी पर सुनवाई 21 बार स्थगित की गई और अब मामले को दो महीने बाद सूचीबद्ध किया गया है। जब कुलदीप के वकील ने एक हालिया मामले का जिक्र किया, जिसमें शीर्ष अदालत ने एक आरोपी को जमानत दे दी थी, क्योंकि उसकी याचिका पर सुनवाई 43 बार स्थगित हुई थी, तो सीजेआई ने कहा कि उन्होंने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से व्यक्तिगत रूप से इस पर गौर करने को कहा है।

### महिला वकीलों के लिए पोश एक्ट लागू करने की याचिका पर केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य बार काउंसिल या बार एसोसिएशन में नामांकित महिला वकीलों के लिए कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के कार्यान्वयन का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई। इस अधिनियम को आम बोलचाल की भाषा में पोश अधिनियम के नाम से जाना जाता है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने याचिका पर केंद्र और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया। पीठ ने सुनवाई के दौरान सवाल किया कि संविधान के अनुच्छेद 32 (मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए अदालत जाने का अधिकार) के तहत उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ याचिका कैसे दायर की जा सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट में 11 बार स्थगन के बाद गाडलिंग की जमानत अर्जी पर अब 3 सितंबर को सुनवाई होना तय

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एल्गार परिषद माओवादी संबंध मामले में आरोपी वकील सुरेंद्र गाडलिंग की जमानत अर्जी पर सुनवाई तीन सितंबर को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। सीजेआई बीआर गवई, न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ को बताया गया कि 26 अगस्त को न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश ने जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई होगी। वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद ग्रोवर ने आठ अगस्त को अपने मुवक्किल गाडलिंग की छह साल से अधिक की कैद का हवाला देते हुए सीजेआई के समक्ष शीघ्र सुनवाई के लिए मामले का उल्लेख किया था। ग्रोवर ने कहा, सुप्रीम कोर्ट में याचिका पर सुनवाई 11 बार स्थगित हो चुकी है।

### राम सेतु मामले में केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने और प्राचीन स्मारक के रूप में मान्यता देने के आग्रह वाली पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी की जनहित याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। स्वामी चिकित्सा कारणों से सुनवाई के समय उपस्थित नहीं हो सके, उनका प्रतिनिधित्व विभा मखीजा ने किया। याचिका में राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने और प्राचीन स्मारक की मान्यता देने के लिए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सर्वेक्षण कराने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की मांग की गई है।

## प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी मामले में भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने



हंगामा और उपद्रव कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को पिस्टल दिखाकर रोकता एक पुलिस अधिकारी।

गोपालगंज/पटना, एजेंसी

- भाजपा की राहुल से माफी की मांग, कांग्रेस ने यात्रा से घबराने का लगाया आरोप
- कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर हमला, बल प्रयोग कर पुलिस ने रोका कार्यकर्ताओं को

राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान एक मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किए जाने को लेकर भाजपा ने शुक्रवार को पटना में विरोध प्रदर्शन किया और राहुल गांधी से माफी की मांग की, तो कांग्रेस ने दावा किया कि यात्रा को मिले अपार जनसमर्थन से घबराकर सत्तारूढ़ दल हिंसा का सहारा लेने और झूठ फैलाने में जुट गया है।

राहुल गांधी ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय 'सदाकत आश्रम' पर भाजपा के विरोध प्रदर्शन का हवाला देते हुए कहा कि सत्य और अहिंसा के आगे, असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते तथा कांग्रेस सत्य एवं संविधान की रक्षा करती रहेगी। एक कथित वीडियो में दरभंगा शहर में यात्रा के दौरान मंच से एक व्यक्ति मोदी के खिलाफ हिंदी में अपशब्द कहते हुए दिखाई दे रहा है, जहां से राहुल गांधी, उनकी बहन प्रियंका वाद्रा और राजद नेता तेजस्वी यादव बुधवार को मोटरसाइकिल से मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुए थे। आरोपी की पहचान मोहम्मद रिजवी उर्फ रजा (20) के रूप में हुई है, जिसे दरभंगा शहर के सिंहवाड़ा इलाके से गिरफ्तार किया गया।

बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन और संजय सरावगी जैसे वरिष्ठ नेताओं तथा विधायक संजीव चौरसिया के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दो दिन पहले दरभंगा में हुई इस घटना के खिलाफ नारे लगाते हुए पटना में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम तक मार्च किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सदाकत आश्रम के दरवाज़े अंदर से बंद कर दिए। वहां पर दोनों तरफ से झड़प हुई। कांग्रेस ने दावा किया है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने सदाकत आश्रम के अंदर तोड़फोड़ की और उसके कार्यकर्ताओं पर हमले किए। दूसरी तरफ, भाजपा का कहना है कि कांग्रेस के लोगों ने पथराव किए। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्थिति नियंत्रण में आई।

पटना (मध्य) की एसपी दीक्षा ने बताया, मामूली झड़प में दोनों पक्षों के लोगों के घायल होने की शिकायतें मिली हैं। पूरे मामले की जांच की जाएगी। 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाल रहे राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सत्य और अहिंसा के आगे, असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है, हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, हमारी 'वोटर अधिकार यात्रा' की बढ़ती लोकप्रियता और उनके ख़िलाफ़ बढ़ते जनसमर्थन से बौखलाकर, भाजपा ने एक बार फिर हमें डराने-धमकाने के लिए अपने गुंडों को आगे किया है।

## जिला प्रशासन की मंजूरी के बिना नहीं बंद किए जाएंगे रैगिंग संबंधी मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की अध्यक्षता में यहां आयोजित एक सत्र में शैक्षणिक संस्थानों के परिसरों में रैगिंग रोकने के उपायों के तहत स्वास्थ्य एवं समावेशी केंद्र बनाने, संस्थानों से सबूत और जवाबदेही तय किए जाने के साथ वार्षिक रैगिंग रोधी रिपोर्ट मंगाने तथा शिकायतों को जिला प्रशासन की मंजूरी के बिना बंद न किए जाने के सुझाव दिए गए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी. रामसुब्रमण्यन ने उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। आयोग द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के अनुसार, उन्होंने कहा कि कई कानूनों, नियमों, समितियों और 2001 के दिशा-निर्देशों, आर. के. राघवन समिति और 2009 के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नियमों के बावजूद, उनका पालन कराना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। एनएचआरसी प्रमुख ने किसी भी तरह की रैगिंग को रोकने के लिए मजबूत निगरानी तंत्र बनाने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने पीड़ितों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए कानूनों को लागू करने, शिकायतों के निपटारे में अधिक संवेदनशीलता




- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिया शैक्षणिक परिसरों में कड़ा निगरानी तंत्र बनाने का निर्देश

और शिकायतकर्ताओं की पहचान उजागर न होने देने की आवश्यकता पर बल दिया। विभिन्न हितधारकों की सक्रिय भागीदारी से हुई चर्चा में कई सुझाव रखे गए हैं, जिनमें हर संस्थान की वेबसाइट पर यूजीसी की रैगिंग रोधी हेल्पलाइन का नंबर प्रदर्शित करना; अनिवार्य रूप से तत्काल पुलिस को सूचना देना; रैगिंग रोधी समितियों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व; और शिकायत के बाद पीड़ित की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल हैं।

अन्य सुझावों में नियमित ऑडिट, औचक निरीक्षण, सीसीटीवी निगरानी और परिसरों में पुलिस का निरीक्षण; प्रशिक्षित मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मौजूदगी में 'वेलनेस' और 'इंक्लूजन' सेंटर स्थापित करना; जिला प्रशासन की मंजूरी के बिना शिकायतों को बंद न करना; तथा संस्थानों से सबूत और जवाबदेही तय किए जाने के साथ वार्षिक रैगिंग रोधी रिपोर्ट मंगाना शामिल हैं।

## कोर्ट ने गौतम गंभीर की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। गंभीर ने अपनी याचिका में कोविड महामारी के दौरान कथित रूप से अवैध रूप से कोविड-19 दवाओं का भंडारण और वितरण करने के लिए उनके और उनके फाउंडेशन और अन्य के खिलाफ दाखिल आपराधिक शिकायत रद्द करने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने गंभीर और मामले में शिकायतकर्ता दिल्ली सरकार के औषधि नियंत्रण विभाग के वकील की दलीलें सुनीं।

## सैन्य प्रशिक्षण से चिकित्सा आधार पर निकाले गए अधिकारी कैडेट अब ले पाएंगे ईसीएचएस सुविधाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- लंबे समय से भूतपूर्व सैनिक का दर्जा मांग रहे थे दिव्यांग कैडेट

रक्षा मंत्रालय ने सैन्य प्रशिक्षण से संबंधित कारणों से चिकित्सा आधार पर प्रशिक्षण से छुट्टी पाने वाले अधिकारी कैडेट को पूर्व सैनिक अंशदान स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के अंतर्गत चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने की मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक पत्र से यह जानकारी सामने आई है।

हालांकि, रक्षा मंत्रालय के भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग (डीईएसडब्ल्यू) द्वारा शुक्रवार को जारी सूचना के अनुसार, ईसीएचएस सुविधा केवल संबंधित व्यक्तियों के लिए ही उपलब्ध होगी। यह कदम उन लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, जो पिछले कुछ दशकों से सैन्य संस्थानों से निकाले जाने के बाद दुश्वारियां झेल रहे हैं। उनमें से कई लोग बढ़ते चिकित्सा बिल से जूझ रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सा आधार पर निकाल दिए गए कैडेट लंबे समय से भूतपूर्व सैनिक का दर्जा मांग रहे हैं।

मंत्रालय ने कहा कि इस मंजूरी के साथ, ये कैडेट अब ईसीएचएस के तहत बेनकदी और व्यय की सीमा से परे स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं का लाभ उठाने के पात्र होंगे। इस पत्र में कहा गया है, मुझे सैन्य प्रशिक्षण के कारण उत्पन्न कारणों से चिकित्सा आधार पर प्रशिक्षण से वंचित कर दिये गये अधिकारी कैडेट को भूतपूर्व सैनिक अंशदान स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के अंतर्गत चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से अवगत कराने का निर्देश दिया गया है।

इसके अलावा, ईसीएचएस योजना में शामिल होने के लिए अधिकारी कैडेट से एकमुश्त सदस्यता शुल्क (अर्थात वर्तमान में ईएसएम अधिकारियों पर लागू 1.20 लाख रुपये) नहीं लिया जाएगा। हालांकि, इन सुविधाओं के लिए कुछ शर्तें लगाई गई हैं।

## कटरा में भारी बारिश के कारण वैष्णो देवी यात्रा चौथे दिन भी स्थगित रही

जम्मू, एजेंसी

- चेतावनी के बाद भी यात्रा न रोकने के आरोप श्राइन बोर्ड ने नकारे

जम्मू कश्मीर के कटरा क्षेत्र में शुक्रवार को भारी बारिश होने के चलते वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा लगातार चौथे दिन स्थगित रही। हाल में भूस्खलन के बाद यह यात्रा अस्थायी तौर पर रोक दी गयी थी। भूस्खलन से 34 लोगों की मौत हो गई तथा 20 घायल हो गए थे।

एक अधिकारी ने कहा, मौसम अब भी खराब है इसलिए तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर यात्रा को स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। कटरा और त्रिकुटा पहाड़ियों पर शुक्रवार सुबह से भारी बारिश हो रही है। अंतिम रिपोर्ट आने तक बारिश नहीं रुकी थी। इन्हीं पहाड़ियों पर वैष्णो देवी मंदिर स्थित है। तीर्थस्थल के मार्ग में मंगलवार को बादल फटने से हुए भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गयी थी और 20 अन्य घायल हो गए थे। श्राइन बोर्ड ने मौसम संबंधी सलाह की अनदेखी कर और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा की कीमत पर यात्रा को जारी रखने की अनुमति देने के आरोपों का खंडन किया है। उसने दावा किया कि 26 अगस्त को भूस्खलन से पहले ही दोपहर में तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गयी थी।

**आरटीआई से खुलासा** | आधे से भी कम कचरे का हो पाया प्रसंस्करण, शेष कचरे को लैंडफिल पर डाल दिया गया

# केदारनाथ : यात्रा के तीन महीने में ही 2022 से ज्यादा कचरा

नई दिल्ली, एजेंसी

केदारनाथ धाम में चालू यात्रा के शुरुआती तीन महीनों में ही जितना कचरा उत्पन्न हुआ है, वह 2022 के कचरे की मात्रा को पार कर चुका है। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, इस कचरे का बड़ा हिस्सा बिना शोधित किए आधार शिविर के पास डाला गया है।

पर्यावरणविद अमित गुप्ता की ओर से दायर एक आरटीआई (सूचना का अधिकार) आवेदन के जवाब में नगर पंचायत केदारनाथ ने बताया कि मई से जुलाई 2025 के बीच इस हिमालयी धाम में कुल 17.6 मीट्रिक टन कचरा उत्पन्न हुआ। इसमें से केवल 7.1 मीट्रिक टन का पुनर्चक्रण हो सका जबकि 10.5 मीट्रिक टन कचरा बिना शोधन के फेंक



दिया गया। आंकड़ों के अनुसार मई में 8.4 मीट्रिक टन, जून में 5.6 मीट्रिक टन और जुलाई में 3.6 मीट्रिक टन कचरा पैदा हुआ। इन महीनों में क्रमशः 3.2, 2.4 और 1.5 मीट्रिक टन कचरे का ही प्रसंस्करण हुआ। शेष कचरे को आधार शिविर के पास बनाए गए नए 'लैंडफिल' स्थल पर डाला गया जिसकी क्षमता 1,500 फुट है।

### 48 दिनों में 3000 करोड़ का हुआ कारोबार

समुद्रतल से 3,584 मीटर की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ मंदिर चार धाम यात्रा के सबसे प्रमुख स्थलों में एक है। यह हर साल अप्रैल या मई में खुलता है और बर्फबारी के कारण अक्टूबर या नवंबर में बंद कर दिया जाता है। इस वर्ष जुलाई के अंत तक 14 लाख से अधिक श्रद्धालु धाम पहुंच चुके हैं, जो चार धाम स्थलों में सर्वाधिक है। यह तीर्थयात्रा स्थानीय अर्थव्यवस्था का भी बड़ा सहारा है। वर्ष 2025 की यात्रा के शुरुआती 48 दिनों में परिवहन, आतिथ्य, घोड़े-खच्चर और हेलीकॉप्टर सेवाओं से करीब 300 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ।

आंकड़ों के अनुसार 2022 में केदारनाथ में 13.85 मीट्रिक टन कचरा उत्पन्न हुआ। गुप्ता को पहले मिले आरटीआई जवाबों से पता चला था कि 2022 से 2024 के बीच धाम में कुल 72.53 मीट्रिक टन कचरा पैदा हुआ, जिसमें से केवल 32 प्रतिशत का शोधन हो सका और शेष 68 प्रतिशत बिना शोधन के फेंक दिया गया। इन तीन वर्षों में केदारनाथ में 49.18 मीट्रिक टन जैविक और 23.35 मीट्रिक टन अजैविक कचरा जमा हुआ। इसके बावजूद न तो कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज हुई और न ही किसी पर जुर्माना लगाया गया। गुप्ता ने कहा, ''केदारनाथ में समुचित कचरा शोधन सुविधा नहीं है, जिसके कारण भारी मात्रा में कचरा सीधे लैंडफिल में डाला जा रहा है। एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराने की आवश्यकता है।

## आतंकवादियों के बिहार में प्रवेश से पुलिस का इन्कार

**पटना।** बिहार पुलिस ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादियों के नेपाल से राज्य में प्रवेश से इंकार किया है।

एडीजी कानून-व्यवस्था पंकज दराद ने बताया कि नेपाल से बिहार में तीन आतंकवादियों के प्रवेश करने का कोई सबूत नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि जांच से पता चला है कि तीन आतंकवादी दुबई से काठमांडू पहुंचे थे और फिर वे मलेशिया के लिए रवाना हो गए। उल्लेखनीय है कि गुरूवार को पुलिस ने बिहार में नेपाल के रास्ते तीन आतंकवादियों के घुसने के बाद पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी किया था।

## जांच रिपोर्ट के निहितार्थ

बीते बरस संभल शहर में हुए दंगों की न्यायिक जांच रिपोर्ट शोचनीय है। रिपोर्ट गोपनीय है, तथापि उसके कुछ निष्कर्ष सार्वजनिक किए गए हैं। रिपोर्ट की खबर के बाद पुलिस-प्रशासन द्वारा वहां चौकसी बढ़ाना एक उचित कदम है। फिलहाल संभल में कोई बड़ी गड़बड़ी होने की चिंता से अधिक चिंतनीय बात न्यायिक जांच रिपोर्ट के कई खुलासे हैं। 100 से अधिक बयानों और कई ऐतिहासिक विवरणों तथा वर्तमान साक्ष्यों को जुटाकर आयोग ने इस संदर्भ में जो निष्कर्ष निकाले हैं, वे बताते हैं कि वहां सब कुछ ठीक नहीं है। 29 नवंबर 2024 को गठित इस न्यायिक जांच आयोग ने 271 दिन बाद मुख्यमंत्री को 450 पन्नों का दस्तावेज सौंपा है। यह दस्तावेज खुद न्यायिक जांच आयोग, सरकार, सुरक्षा-व्यवस्था, संभल प्रशासन, पुलिस, सामाजिक समरसता और बदलती जनसांख्यिकी के बारे में कई विचारणीय मुद्दे पेश करता है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हिंसा पूर्व-नियोजित साजिश थी। एक राजनीतिक दल के विशेष सांसद द्वारा नमाजियों को भड़काऊ बयानों के बल पर उकसाया जाना और बहुत व्यापक दंगे की योजना, जिनके लिए बाहरी उपद्रवियों को बुलाया गया था। हालांकि पुलिस की मौजूदगी के कारण व्यापक दंगा टल गया। आयोग दंगे से और ज्यादा नुकसान न पहुंचे, इसके लिए फौरी तौर पर पुलिस प्रशासन को श्रेय तो देता है, पर दूसरी तरफ यह कहकर उसकी कमजोरी भी दर्शाता है कि संभल में आतंकवादी गिरोह सक्रिय हैं। रिपोर्ट में अल-कायदा, हरकत-उल-मुजाहिदीन जैसे संगठनों के संभल में जड़ें जमा चुकने का उल्लेख है और उस मौलाना का भी जिक्र है, जिसे अमेरिका द्वारा आतंकवादी घोषित किया गया है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि वहां हथियार और नशे का धंधा भी जबरदस्त तरीके से फल-फूल रहा है। अवैध हथियार और नारकोटिक्स गैंग बेखौफ तरीके से कार्यरत हैं। बेशक इन सब को रोकने की जिम्मेदारी संभल के पुलिस प्रशासन की ही है, इसलिए आयोग के इस निष्कर्ष का निहितार्थ यही निकलता है कि यह सब पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है।

रिपोर्ट बताती है कि आजादी के वक्त संभल शहर के नगर पालिका क्षेत्र की जनसांख्यिकी 55 प्रतिशत मुस्लिम और 45 प्रतिशत हिंदू की थी। अब रिपोर्ट के अनुसार मुस्लिम आबादी लगभग 85 प्रतिशत और हिंदू मात्र 15 प्रतिशत रह गए हैं। वास्तविकता यह है कि संभल जिले में तो हिंदू बहुसंख्यक हैं, लेकिन शहर में मुस्लिम बहुलता है। बार-बार दंगे, भले वे शिया-सुन्नी के बीच हों या हिंदू-मुस्लिम के बीच, राजनीतिक हिंसा, सुरक्षा-धारणा, स्थानीय राजनीति और नगर-ग्रामीण सामाजिक संरचना में इस अंतर ने शहर से हिंदुओं के पलायन का कारण होने का संकेत दिया है। पढ़े-लिखे हिंदुओं के शहर छोड़ने का एक बड़ा कारण आर्थिक-रोजगार संबंधी अवसरों की कमी भी है। फिलहाल शहर-स्तरीय जनसंख्या का आधिकारिक अंतिम आंकड़ा 2011 का ही है। जांच आयोग का आंकड़ा सूत्रों पर आधारित है। फिलहाल यह रिपोर्ट निर्णायक नहीं है, अब जब स्वयं मुख्यमंत्री इसे पढ़कर इससे सहमत होंगे, सरकार किसी विधानसभा सत्र में इस रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखकर सार्वजनिक करेगी तभी इसका सांगोपांग विवेचन हो सकेगा।

### प्रसंगवश

## महज आंकड़े भर नहीं होते गुमशुदा लोग

30 अगस्त का दिन हर वर्ष दुनिया को उस कड़वी हकीकत की याद दिलाता है, जिसमें लाखों लोग अचानक गायब हो जाते हैं। फिर उनका कोई अता-पता नहीं मिलता। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2010 में संकल्प 65/209 के तहत इस दिन को 'अंतर्राष्ट्रीय जबरन गुमशुदगी के पीड़ितों का दिवस' घोषित किया था। तब से हर वर्ष यह दिन न केवल उन लोगों की याद में मनाया जाता है, जो लापता हो गए बल्कि उन परिवारों की पीड़ा को भी सामने लाता है, जो अपने प्रियजनों की वापसी की प्रतीक्षा में अनिश्चितता और वेदना की लंबी सुरंग में जी रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने इसे एक गंभीर मानवाधिकार संकट माना है, क्योंकि जबरन गुमशुदगी न केवल व्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि पूरे परिवार और समुदाय को असहाय बना देती है।



योगेश गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

वैश्विक स्तर पर स्थिति अत्यंत भयावह है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों के अनुसार, हर साल पूरी दुनिया में 10 लाख से भी ज्यादा लोग रहस्यमय ढ़ंग से लापता हो जाते हैं। इनमें से कुछ मामलों में अपहरण, मानव तस्करी, युद्ध और आंतरिक संघर्ष जैसी वजहें होती हैं, जबकि बड़ी संख्या में गुमशुदगी की वजह कभी स्पष्ट नहीं हो पाती।

भारत में हर वर्ष लाखों लोग रहस्यमय ढ़ंग से लापता होते हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो और राज्य सरकारों के आंकड़े इस भयावह सच्चाई को रेखांकित करते हैं। महाराष्ट्र में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच 37695 (प्रतिदिन औसतन 103) महिलाएं और लड़कियां लापता हुईं, जिनमें से चार हजार से अधिक नाबालिग लड़कियां थीं। हालांकि राज्य सरकार का दावा है कि लगभग 90 प्रतिशत मामलों में गुमशुदा लोग वापस मिल गए, लेकिन शेष बचे 10 प्रतिशत की त्रासदी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ये परिवार अनिश्चितता की आग में किस तरह झुलसते होंगे।

दिल्ली जैसे महानगरों में भी स्थिति गंभीर है। 2025 के पहले सात महीनों में केवल राष्ट्रीय राजधानी में 7880 से अधिक लोग गायब हो गए, जिनमें 4753 महिलाएं और 3133 पुरुष थे। बाहरी उत्तरी दिल्ली जिले में सबसे अधिक 908 मामले दर्ज हुए, जबकि नई दिल्ली जिले में 85 मामले सामने आए। राष्ट्रीय अपराध अनुसंधान ब्यूरो के अनुसार 2020 में 1714 मामले दर्ज हुए थे, 2021 में 2189 और 2022 में 2250। यह लगातार बढ़ती प्रवृत्ति बताती है कि सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक स्तर पर कहीं न कहीं गहरी कमियां हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि बड़ी संख्या में आरोपी अदालतों से बरी हो जाते हैं, क्योंकि साक्ष्य पर्याप्त नहीं होते या केस सही ढंग से नहीं दर्ज होते।

इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए तत्काल और व्यापक कार्रवाई की आवश्यकता है। पुलिस की क्षमता में सुधार, तकनीकी साधनों जैसे जीपीएस, फेस रिकग्निशन और मोबाइल ऐप्स का उपयोग, राज्यों के बीच बेहतर समन्वय और गैर-सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी आवश्यक है। गरीबी उन्मूलन, शिक्षा तक पहुंच और कानून प्रवर्तन की मजबूती जैसे मूलभूत कारणों पर गंभीरता से काम करना होगा। मीडिया की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह समस्या केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है बल्कि मानवाधिकार, सामाजिक न्याय और गरिमा का प्रश्न है। इस समस्या का समाधान तभी संभव है, जब सरकार, नागरिक समाज, मीडिया और आम जनता मिलकर एक साझा प्रयास करें।



खुश रहना बहुत सरल है, लेकिन सरल होना बहुत मुश्किल।
-रवींद्र नाथ टैगोर, साहित्यकार

## राष्ट्रहित को समर्पित संघ के 100 साल






अरविंद रावल
लेखक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आगामी विजयादशमी पर अपनी स्थापना के सौ बरस पूर्ण करने जा रहा है। संघ न केवल भारत देश, बल्कि विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन बन चुका है। देशभर में आरएसएस की स्थापना का शताब्दी वर्ष मनाने के लिए सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के मार्गदर्शन में बैठकों का दौर आरंभ भी हो चुका है। यह एक ऐसा सामाजिक संगठन है, जो जाति-धर्म के नाम पर टुकड़ों में बंटे, बिखरे लोगों को एकजुट करता है और उनमें अपने राष्ट्र की निस्वार्थ सेवा के लिए व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण तक का पाठ सिखाता है।

आरएसएस की स्थापना सन 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. बलिराम हेडगेवार जी द्वारा इसी महान उद्देश्य को लेकर की गई थी। अपने सौ बरस के सफर में आरएसएस अपने कार्यकर्ता के समर्पण, त्याग और अनुशासन के बल पर आज एक वटवृक्ष बनकर दुनिया के कई देशों में फैल चुका है। देश में जब-जब भी विपदाएं आईं, तब सरकार से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से अपनी जान की प्रवाह किए बिना विपदाओं में उम्मीदों का सहारा बनकर खड़े हुए हैं। संघ के द्वारा किए गए कार्यों की विपक्ष के नेता तक खुले मन से प्रशंसा करते रहे हैं।

देश में जब भी कहीं भीषण बाढ़ आई हो, सूखा पड़ा हो या भूकंप जैसी त्रासदी हुई हो, या फिर कोई गंभीर बीमारी ही क्यों न फैली हो, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यकर्ता देश में आई हर विपदा में सबसे पहले सहारा बनकर खड़ा होता है। बिना जाति-धर्म पूछे अपनी जान की बाजी लगाकर सेवा कार्यों में जुट जाता है। आरएसएस के कार्यकर्ता बिना सरकारी सहायता के अपने स्वयं सेवकों और समाज के बूते आपदा पीड़ित लोगों के भोजन, वस्त्र और इलाज तक का उचित प्रबंध करते हैं। ऐसा एक बार नहीं पिछले सौ वर्षों में अनेकों बार देखने को मिला है। अहम बात यह है कि संघ ने कभी इसका श्रेय भी नहीं लिया है। उसके स्वंयसेवक पूरे मनोयोग से सेवा कार्य करते हैं। स्थितियां सामान्य होने पर शांत भाव से लौट पड़ते हैं। आरएसएस देश को जोड़ने वाला, मजबूती प्रदान करने वाला संगठन है, जो बिना जाति-धर्म का भेद किए देश के हर वर्ग और समाज के विकास में सहयोग प्रदान करता है।

वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में कुछ अवसरवादी सत्ता स्वार्थी राजनीति से जुड़े नेताओं ने अपने वोट बैंक की राजनीति के चक्कर में देश को जातियों में विभक्त कर आरएसएस को देश विरोधी संगठन बताने से भी गुरेज नहीं किया है। इतना ही नहीं कुछ राजनीतिक दलों ने तो सिर्फ एक जाति-धर्म के वोट बैंक के सहारे सत्ता में बने रहने की चाहत में ही अपने राज्यों में राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ पर प्रतिबंध लगाने का भी प्रयास कालांतर में किया है। वर्तमान में राजनीति से जुड़े कुछ लोग एक विशेष वर्ग के वोट बैंक पर अपना आधिपत्य जमाने के लिए आरएसएस को केवल हिंदुओं का संगठन बताकर उसके खिलाफ आए दिन जहर उगला करते हैं।

आरएसएस एक हिंदुत्ववादी विचारधारा वाला संगठन है, जिसका उद्देय सभी धर्म और जाति के लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत कर राष्ट्र को एकजुट कर मजबूती प्रदान करना है। आज की राजनीति में जितने भी विपक्षी नेता हैं, उनमें अधिकांशतः जात-पात और संकीर्ण मानसिकता की राजनीति करते हैं और आरएसएस को भाजपा का संगठन बताकर उस पर राजनीति करने की कोशिश में लगे रहते हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक सामाजिक संगठन है न कि राजनीतिक संगठन। आरएसएस भाजपा का या भाजपा के लिए कार्य करने वाला कोई संगठन नहीं है, बल्कि भाजपा को आरएसएस से मिलती-जुलती विचारधारा वाली पार्टी कह सकते हैं। आरएसएस का दायरा समूचा देश और देश में रहने वाले सभी जाति-धर्मों के लोग हैं। उसका प्रयास है कि लोगों के बीच मानवीय प्रेम और राष्ट्रीय एकता बनी रहे। उसके स्वयं सेवक यही भावना लोगों के बीच ले जाते हैं। यही वजह है कि संघ सौ साल बाद भी एक जीवंत और सक्रिय संगठन बना हुआ है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एकमात्र ऐसा संगठन है, जो दिखावा नहीं करता और न ही कभी अपना बखान करता है। आरएसएस के कार्य और उनके कार्यकर्ताओं की जमीनी धरातल पर गांव-गांव, गली-गली में मौजूदगी यह बताती है कि वह कितने शांत रूप से सक्रिय है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा देश के सभी वर्गों और धर्मों के लोगों को सच्चे राष्ट्र हित के उद्देश से परिचय करवाकर राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की विचारधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रहित के कार्यों के लिए आरएसएस शुरू से ही सरकार के सहयोग में रहा है और हमेशा रहेगा।

संघ प्रमुख मोहन भागवत की अगुवाई में संघ अपना 100वां स्थापना दिवस मनाएगा। निश्चित ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष हमारे देश में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ सालों की यात्रा का बड़े गर्व से बखान किया है। देश को आरएसएस पर गर्व है और उम्मीद है कि सभी जाति-वर्ग और समाज के लोग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एकजुट होकर संघ का शताब्दी वर्ष हर्षोल्लास से मनाएंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत कर राष्ट्र को मजबूती प्रदान करना है। संगठन आगामी विजयादशमी पर स्थापना के सौ बरस पूरे करने जा रहा है।

### आमने सामने



बिहार सीता माता की धरती है और सीता माता की धरती पर माता का अपमान यह बहुत बड़ी नीचता है। पीएम की माता को गाली देकर बिहार को और बिहार के वैभव को राजद और कांग्रेस वालों ने तारतार कर दिया।
-नित्यानंद राय
केंद्रीय मंत्री

यह बयान किसने दिया या किसका यह बयान है, इसकी जांच होनी चाहिए। कांग्रेस का कोई व्यक्ति नहीं चाहेगा कि प्रधानमंत्री या उनके निजी परिवार पर अपशब्द कहे जाएं। यह कांग्रेस की संस्कृति नहीं है। कार्रवाई कीजिए।
-दिग्विजय सिंह
कांग्रेस नेता



## याददाश्त नहीं क्षमता की परीक्षा लेगा सीबीएसई



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र पत्रकार

सीबीएसई ने एक साहसिक निर्णय लिया है। अगले शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा नौ के विद्यार्थियों को 'ओपन बुक असेसमेंट' (ओबीए) के तहत प्रमुख विषयों में खुली किताब लेकर परीक्षा देने की अनुमति होगी। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अनुसार, ओपन बुक असेसमेंट वह परीक्षा है, जिसमें छात्र प्रश्नों के उत्तर देते समय पाठ्यपुस्तक, कक्षा नोट्स, पुस्तकालय की पुस्तकें जैसी संदर्भ सामग्री का उपयोग कर सकते हैं। वास्तव में सीबीएसई की इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों में रटने की प्रवृत्ति को कम करना (टू रिड्यूस टेंडेंसी आफ क्रेमिंग इन स्टूडेंट्स) और योग्यता-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस संबंध में बोर्ड का मानना है कि इससे बच्चों में परीक्षा के प्रति तनाव घटेगा। छात्रों की वैचारिक समझ मजबूत होगी और ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग बढ़ेगा।

यह प्रस्ताव दिसंबर 2023 में स्वीकृत एक पायलट प्रोजेक्ट के बाद आया है, जिसमें कक्षा 9 से 12 तक ओपन-बुक परीक्षाओं का परीक्षण किया गया था, जिसमें छात्रों का प्रदर्शन 12 प्रतिशत से 47 प्रतिशत के बीच रहा। वास्तव में यह संसाधनों के प्रभावी उपयोग और विषय अवधारणाओं को समझने में चुनौतियों का संकेत देता है। सीबीएसई का यह ओपन-बुक असेसमेंट फॉर्मेट भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे मुख्य विषयों को कवर करेगा।

एग्जाम के दौरान छात्र टेक्स्ट बुक, क्लास नोट्स और अन्यत्र स्वीकृत रिसोर्सेज का संदर्भ ले सकते हैं। सीबीएसई ने कहा है कि ये स्कूलों पर निर्भर करता है कि इस फॉर्मेट को अपनाना है या नहीं। असेसमेंट हर शैक्षणिक सत्र में होने वाली तीन पेन-पेपर टेस्ट का हिस्सा होगा। सीबीएसई ने बताया है कि दूसरी बार वाली परीक्षा स्टूडेंट्स के लिए ऑप्शनल होगी। दूसरे चरण की परीक्षाएं सुधार के लिए होंगी।

सीबीएसई के इस फैसले के दूरगामी प्रभावों पर शिक्षा जगत में एक गंभीर बहस छिड़ गई है। क्या सीबीएसई का यह प्रयोग वास्तव में बच्चों को सशक्त बनाएगा या उन्हें आत्मनिर्भरता और स्मरण शक्ति से दूर ले जाएगा? हाल-फिलहाल, सीबीएसई का यह मानना है कि यह बदलाव छात्रों के मानसिक दबाव को कम करेगा, खासकर उन विषयों में जहां तथ्यों की मात्रा या संख्या अधिक है। सीबीएसई के इस बदलाव से छात्रों में समस्या समाधान कौशल विकसित हो सकेगा। बोर्ड का यह दावा है कि सैंपल पेपर और प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से छात्रों को संदर्भ सामग्री का सही उपयोग सिखाया जाएगा। साथ ही, स्कूलों को इस पद्धति को लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, हालांकि इसे अनिवार्य नहीं किया गया है।

इस पद्धति के खतरे भी कुछ कम नहीं हैं। इससे आत्मनिर्भरता में कमी आएगी। नौवीं कक्षा वह आधारभूत स्तर है, जहां छात्रों को विषयों की गहराई में जाने, तथ्यों को याद रखने और तर्कशक्ति विकसित करने की आदत डाली जानी चाहिए। यह नई व्यवस्था बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर अवश्य ही असर डालेगी, जैसा कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में यह सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। सीबीएसई के कक्षा नौ में इस बदलाव से छात्र 'ओपन बुक असेसमेंट' (ओबीए) के आदी हो जाएंगे और अगली कक्षा यानी कि बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में कहीं न कहीं कठिनाई महसूस करेंगे।

अमेरिका और यूरोप के कुछ हिस्सों में ओपन बुक परीक्षा पद्धति पहले से प्रचलित है, लेकिन वहां यह केवल उच्च शिक्षा स्तर (कॉलेज और यूनिवर्सिटी) में ही लागू होती है, जहां छात्र परिपक्व, शोधोन्मुख और विश्लेषणात्मक सोच में दक्ष होते हैं। नीदरलैंड की ज्यादातर यूनिवर्सिटीज, सिंगापुर और हांगकांग के कई संस्थान और कनाडा के कुछ राज्यों में हाईस्कूल स्तर तक यह सिस्टम अपनाया जाता रहा है। स्कूली स्तर पर, खासकर 14-15 साल के किशोरों में, यह पद्धति अनुशासन और स्मरण शक्ति के विकास में बाधा डाल सकती है।

आज भारत में स्कूली स्तर पर बच्चों में रटने की प्रवृत्ति कहीं अधिक है, लेकिन इस प्रवृत्ति को कम करने के लिए समझ पर ध्यान केंद्रित करना, विभिन्न शिक्षण विधियों का उपयोग करना और एक संरचित अध्ययन कार्यक्रम बनाना बहुत महत्वपूर्ण है। यदि वास्तव में सीबीएसई का उद्देश्य रटने की प्रवृत्ति को कम करना है तो इसे धीरे-धीरे और वैकल्पिक रूप में लागू किया जाना चाहिए। अमेरिका और यूरोप की भांति इसे देश में पहले उच्च कक्षाओं में प्रयोगात्मक तौर पर शुरू किया जाए। कक्षा 9 में ओबीए के बजाय प्रोजेक्ट-आधारित मूल्यांकन, केस स्टडी और मौखिक परीक्षा जैसे तरीकों को बढ़ावा दिया जा सकता है।

व्यावहारिक गतिविधियां, समस्या-समाधान अभ्यास और इंटरैक्टिव शिक्षण अनुभव, 9वीं कक्षा के छात्रों के लिए उपयोगी और महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि हम छात्रों में संदर्भ सामग्री का सही इस्तेमाल सिखाने के साथ-साथ बिना किताब के उत्तर देने की क्षमताएं भी विकसित करें। शिक्षा की गुणवत्ता और स्तर को बनाए रखने के लिए संतुलित, चरणबद्ध और परीक्षण-आधारित दृष्टिकोण को अपनाया जाना बहुत ही महत्वपूर्ण और आवश्यक है। परीक्षा प्रणाली में ऐसा नवाचार सीबीएसई ने पहली बार नहीं किया है। करीब आठ-दस साल पहले भी ओपन टेक्स्ट बेस्ड असेसमेंट (ओटीबीए) भी कमोबेश इसी तरह का था, जिसमें नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के कुछ विषयों में विद्यार्थियों को संदर्भ सामग्री चार माह पहले ही दे दी जाती थी। दो-तीन साल बाद ही इसे हटा दिया गया था।

सीबीएसई अगले सत्र से कक्षा नौ के विद्यार्थियों को साथ में किताब लेकर परीक्षा की अनुमति देने वाला है। 'ओपन बुक असेसमेंट' का मसकद छात्रों को दबाव मुक्त करना है।

### सोशल फोरम

## लिंकन ने कहा- मैं आपके जूते ठीक कर सकता हूं



तर्कशील सोसायटी
फेसबुक

अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन एक बार संसद में बोल रहे थे। इस पर एक सामंती मानसिकता वाले सांसद ने लिंकन को टोकते हुआ कहा, "ज्यादा जोर से मत बोलो लिंकन! ये मत भूलना कि तुम्हारे पिता हमारे घर के जूते सिलते थे। अपनी हैसियत मत भूलो!"

लिंकन ने जवाब दिया, "महोदय! मुझे पता है कि मेरे पिता आपके घर में आपके परिवार के लिए जूते बनाते थे और यहां कई अन्य लोग भी होंगे, जिनके जूते उन्होंने बनाए होंगे। वह इसलिए क्योंकि जिस तरह से उन्होंने जूते बनाए, कोई और नहीं कर सकता। वह एक निर्माता थे। उनके जूते सिर्फ जूते नहीं थे, उन्होंने अपनी पूरी आत्मा उनमें डाली। मैं आपसे पूछना चाहता हूं, क्या आपको कोई शिकायत है? क्योंकि मुझे पता है कि कैसे जूते बनाना है। अगर आपको कोई शिकायत है तो मैं जूते की एक और जोड़ी बना सकता हूं, लेकिन जहां तक मुझे पता है, किसी ने कभी भी मेरे पिता के जूते के बारे में शिकायत नहीं की है। वह एक प्रतिभाशाली जूता निर्माता थे और मुझे अपने पिता पर गर्व है।"

उस सामंती सांसद को राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन से ऐसे जवाब की उम्मीद कतई नहीं थी। उनकी बात सुनकर वो सामंती सांसद चुप हो गया।

उस भाषण को अमेरिका के इतिहास में बहुत मान दिया जाता है। उसी भाषण से एक थ्योरी निकली Dignity of Labour और इसका ये असर हुआ की जितने भी कामगार थे, उन्होंने अपने पेशे को अपना सरनेम बना दिया। जैसे कि शूमाकर, जांनिटर, बुचर, टेलर, आयरन स्मिथ आदि।

श्रम को सम्मान दिया जाता है अमेरिका के अंदर। इसीलिए वो अमेरिका है।

### सामयिकी

## वैष्णो देवी हादसा: शोक के साथ बदलाव की जरूरत

'जय माता दी', नारों से चौबीस घंटे गुंजायमान रहने वाला माता वैष्णो देवी मंदिर का मार्ग अब बेइंतहा शोक और सन्नाटे में डूबा हुआ है। 26 अगस्त को आए विनाशकारी भूस्खलन ने न केवल 34 जिंदगियां लील लीं, बल्कि हजारों परिवारों को अनिश्चितता और भय के अंधेरे में धकेल दिया। मृतकों में 18 महिलाएं हैं। ताजा हादसे ने माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के कामकाज पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या उसकी नीतियां सही हैं? क्या लगातार निर्माण कार्य और बढ़ती दुकानें त्रिकुटा पर्वत पर उचित हैं? क्या भक्तों की संख्या बढ़ाने के लिए पहाड़ और पेड़ों का दोहन उचित है? क्या त्रिकुटा पर्वत पर भोजनालय चलाने और अन्य कामों के लिए डीजल वाहनों के आने देने की परमिशन देना उचित है? क्या बाणगंगा से लेकर ऊपर दरबार तक बढ़ती जा रही गंदगी पर किसी का ध्यान है? शायद नहीं।



मनोज कुमार अग्रवाल
वरिष्ठ पत्रकार

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नियंत्रण वाले वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के उस फैसले पर सवाल उठाया, जिसमें भारी बारिश की चेतावनी के बावजूद तीर्थयात्रा जारी रखने की अनुमति दी गई थी। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जब हमें मौसम के बारे में पता था, तो लोगों को यात्रा मार्ग पर क्यों नहीं रोका गया? उन्हें सुरक्षित स्थान पर क्यों नहीं ले जाया गया?

जिस रास्ते से चौबीस घंटे सातों दिन-रात श्रद्धालु 'जय माता दी' बोलते हुए आगे बढ़ते थे, वहां कुदरत के कहर ने गहरा घाव दिया है, जिसे हजारों परिवार जीवन भर नहीं भुला पाएंगे। श्रद्धालु टिप्पणी कर रहे हैं- यह क्यों मां? मां के घर में यह कैसी आपदा है? क्या दोषी हम हैं? दुर्गा सप्तशती के आखिर में मां से क्षमा मांगने के लिए क्षमा प्रार्थना मंत्र का पाठ किया जाता है। भूल में हुई अपनी गलती के लिए क्षमा मांगी जाती है। क्या यह भूल हमसे हुई है? सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। कटरा का रहने वाला शख्स रोते हुए बता रहा है कि कैसे मां के घर त्रिकुटा पर्वत को विकास के नाम पर बर्बाद कर दिया गया है।

सोशल मीडिया पर एक कटरावासी ने साफ-साफ कहा कि श्राइन बोर्ड की किताबों से लेकर रामायण तक में साफ-साफ लिखा है कि मां वैष्णो देवी प्रभु श्रीराम के लिए तपस्या कर रही हैं। श्रीराम ने उन्हें वादा किया था कि कलियुग में जब वो लौटेंगे तो माता को स्वीकार करेंगे। ऐसे में माता की तपस्या को प्रदूषण, गाड़ियों के हॉर्न, पेड़ों की कटाई और लगातार हो रहे निर्माण से क्यों बाधा पहुंचाई जा रही है? मां गुस्से में हैं। कारण उनकी हजारों सालों की तपस्या में बाधा आ रही है। श्राइन बोर्ड भीड़ बढ़ाने के लिए त्रिकुटी पर्वत को व्यवसाय के रूप में चलाने लगा है। गरीब भक्तों के लिए इंतजाम के नाम पर कुछ नहीं किया जा रहा है।

बाणगंगा से लेकर भैरवनाथ तक हर जगह पहाड़ पर कूड़े के ढेर दिख रहे हैं। एक शख्स ने बताया कि त्रिकुटा पर्वत पर हर जगह पानी है। हर जगह से पानी गिरता रहता है। पेड़ों के कारण वातावरण एकदम साफ-सुथरा था, मगर व्यावसायिकता सब कुछ बर्बाद कर रही है। अगर अब भी श्राइन बोर्ड और सरकार न जागी तो और बड़ा अनर्थ हो जाएगा। माता ही चली जाएंगी तो इन रोशनियों को देखने कौन आएगा? कौन त्रिकुटा पर्वत पर आएगा? सबसे जरूरी है कि मां की तपस्या में बाधा न पड़े। इसके लिए सभी को आगे आना होगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# पुरातत्व शिल्प सौंदर्य और जैन कला का अद्भुत संगम देवगढ़

ललितपुर जिला मुख्यालय से 33 किलोमीटर की दूरी पर बेतवा के तट पर विन्ध्याचल की दक्षिण-पश्चिम पर्वत श्रृंखला पर देवगढ ऐतिहासिक स्थान है। इसका प्राचीन नाम लुअच्छागिरि है। 1974 तक यह नगर झांसी जिले में आता था। झांसी यहां से लगभग 123 किलोमीटर दूर है। इस जगह का उल्लेख गुप्त, गुर्जर, प्रतिहार, गोंड, मुस्लिम शासकों और अंग्रेजों के समय में भी मिलता है। 8वीं से 17वीं शताब्दी तक यह स्थान जैन धर्म का प्रमुख केन्द्र था। पहले प्रतिहारों बाद में चंदेलों ने यहां शासन किया।

### अतिशय क्षेत्र देवगढ़ के कर्णाली किले में स्थित 31 जैन मंदिरों में 8वीं से 17वीं शताब्दी की करीब दो हजार मूर्तियां



### भगवान विष्णु को समर्पित गुप्त काल का दशावतार मंदिर

बेतवा नदी के किनारे बसा छोटा सा शहर देवगढ़ दशावतार मंदिर और जैन मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। दशावतार मंदिर भगवान विष्णु और उनके दस आध्यात्मिक रूपों को समर्पित है। यह मंदिर गुप्त काल का है और उत्तर भारत में अपनी तरह का पहला मंदिर है। दशावतार मंदिर से हमने जैन मंदिर पहुंचने के लिए ऑटो से करीब 1.5 किलोमीटर की यात्रा की। दोनों तरफ जबरदस्त हरियाली वाला जंगल के बीच दूर से सुनाई पड़ती बेतवा नदी की आवाज, इस इलाके को बहुत ही शांत और रमणीय बनाती है। हलांकि यहां रहने और खाने-पीने की कोई खास सुविधा नहीं है।

### 31 जैन मंदिर, 19 मान स्तम्भ और दीवालों पर उत्कीर्ण 200 अभिलेख

- देवगढ़ में बेतवा नदी के किनारे 41 में से बचे 31 जैन मंदिर दर्शनीय हैं। यहां 19 मान स्तम्भ और दीवालों पर उत्कीर्ण 200 अभिलेख सहित कुल 500 अभिलेख प्राप्त हुए हैं। जैन मंदिरों के ध्वंसावशेष यहां बहुतायत में विद्यमान हैं। यहां प्रतिहार, कल्चुरि और चंदेलों के शासनकाल की प्रतिमाएं और अभिलेख बिखरे पड़े हैं। बिखरी हुई मूर्तियों को संग्रहालय में सुरक्षित रखा गया है। देवगढ़ पुरातत्वविदों का एक महत्वपूर्ण कला केंद्र है। इसे बेतवा नदी का आइसलैंड भी कहा जाता है।

### दो भाइयों के बनवाए सात भोंयरे

- देवगढ़ के 31 जैन मंदिर लोगों को काफी आकर्षित करते हैं। कर्णाली किला एक पहाड़ी पर स्थित है, जहां से बेतवा नदी का सुंदर नजारा देखा जा सकता है। छठी से सत्रहवीं शताब्दी तक यह स्थान जैन धर्म का प्रमुख केन्द्र था। मंदिर में जैन धर्म से संबंधित अनेक चित्र बने हुए हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र' में सात भोंयरे (भूमिगत स्थान) बहुत प्रसिद्ध हैं, जो पावा, देवगढ़, सेरोंन, करगुवां, बंधा, पपौरा और थूवोन में स्थित हैं। कहा जाता है कि यह सात सात भोंयरे दो भाइयों अर्थात 'देवपत' और 'खेवपत' द्वारा निर्मित किए गए हैं।



### गुफा मंदिर, राज और नहरघाटी के नीचे बेतवा नदी का मनोरम

लगभग 8 वीं से 17 वीं शताब्दी तक यह स्थल जैन मतावलंबियों (दिगंबर) का एक केन्द्र रहा है। यहां चट्टानों को काटकर बनाए गये गुफा मंदिर (सिद्ध की गुफा), राजघाटी, नहरघाटी आदि भी हैं। बेतवा नदी पहाड़ियों के नीचे बहती है और नीचे जाने के लिए पत्थरों को काट कर सीढ़ियां बनाई गयी हैं। सीढ़ियों से नीचे उतरते समय बाईं तरफ चट्टानों को तराश कर छोटे छोटे कमरे बना दिए गये हैं, जिनमें जैन मुनि एकांत में प्रकृति का आनंद लेते हुए अपनी साधना में निमग्न रहते थे। चट्टानों पर लगभग 8 वीं शताब्दी की ब्राह्मी लिपि में कई जगह लेख भी खुदे हैं।



### 40 जैन मंदिरों में छोटे-बड़े मिलाकर अब 31 ही बचे

पहाड़ी के ऊपर की समतल भूमि पर अनेकों मंदिर बने हुए हैं। बहुत सारे तो ध्वस्त हो गये हैं। एक तरफ कुछ भग्नावशेष दिखे, जिसे वराह का मंदिर बताया गया, लेकिन इसका केवल अब चबूतरा बचा हुआ है। यहां कहा जाता है कि कुल 40 जैन मंदिर और थे। जिनमें छोटे बड़े मिलाकर 31 बचे हैं।

### संग्रहालय में प्राचीन कलाओं का इतिहास

- देवगढ़ के आसपास एकत्र की गई मूर्तियों को पास बने संग्रहालय में संरक्षित किया गया है। देवगढ़ और आसपास की खुदाई से प्राप्त की गई मूर्तियों को यहां देखा जा सकता है, जो प्राचीन शिल्प की झलक दिखाती हैं।

### सहस्त्रकूट खंभे पर एक हजार जैन मुनियों की उकेरी आकृति

- शांतिनाथ जी का मंदिर यहां सबसे उल्लेखनीय है। यहां मनौती के रूप में खंभों का निर्माण कराने की परंपरा रही है, जिन्हें मानस्तम्भ कहा जाता है। ऐसे ही मनौती में शिलाखंड दिए जाने की भी प्रथा थी। चारों तरफ से दिखने वाली "सर्वतोभद्र" प्रतिमा तथा 1000 जैन मुनियों की आकृति उकेरी हुई "सहस्त्रकूट" खंभे विशिष्ट हैं।



लेखक – रोहित टंडन
उद्यमी कानपुर

---




# चल सको तो चलो, गांव बुलाते हैं

पिछले दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खेत में पटेला लगाने की तस्वीरें वायरल हुई थीं। इसके साथ ही, गढ़वाल के एक कर्नल की खेती-बाड़ी की चर्चा भी खूब हो रही है। कुछ इन्हीं की तरह हैं, उत्तराखंड के कुमाऊं अंचल के सेवानिवृत आईएएस अधिकारी रमेशचंद्र पाठक, वह पिछले 12 वर्षों से चुपचाप पैतृक गांव मल्ला डौणू, तहसील बेरीनाग, जिला पिथौरागढ़ की मिट्टी से रिश्ता निभा रहे हैं।

**आईएएस अधिकारी के रूप में बड़े पदों पर रहने के बाद अन्य अधिकारियों के तरह महानगरों के बजाय गांव लौटने और खेती करने के पीछे की वजह?**

- एक सामान्य किसान परिवार में मेरा जन्म हुआ। पिता ईश्वरी दत्त पाठक और मां खष्टी देवी खेती ही करते थे। मैं हमेशा जमीन से जुड़ा रहा। सेवाकाल में भी बराबर गांव आता-जाता रहा इसलिए अपनी मिट्टी से प्रेम बना रहा।

**अपनी शिक्षा के बारे में बताएं**

- बचपन में छानी यानी झोपड़ी में पढ़ाई की। 13 वर्ष में हाईस्कूल की परीक्षा पास कर ली थी। इंटर तक की पढ़ाई स्कॉलरशिप और 'पुअर ब्वॉयज फंड' से हुई। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, इसलिए आगे की पढ़ाई के लिए पिता ने जमीन गिरवी रख दी। दो विषयों से एमए करने के साथ एलएलबी किया।

**पिथौरागढ़ के दुर्गम गांव में रहने के बावजूद आईएएस बनने का विचार कैसे आया**

- 1974 में बागेश्वर में बैंक से वेतन निकालते समय एक अखबार में यूपीपीसीएस का विज्ञापन देखा। बिना ज्यादा जानकारी के फॉर्म भर दिया। लेकिन तब यह भी पता नहीं था कि डिप्टी कलेक्टर क्या होता है। बिना किसी तैयारी के पहले प्रयास में ही प्री और रिटर्न निकाल लिया। लेकिन परीक्षा में पूर्ण रूप से सफलता नहीं मिली। इसके बाद परीक्षा को गंभीरता से लिया। पढ़ाने के साथ खुद पढ़ना शुरू किया। 1977 में डिप्टी कलेक्टर पद पर चयन हो गया।

**आप किन-किन महत्वपूर्ण पदों पर रहे**

- उत्तराखंड बनने के बाद राज्य के पहले लेबर कमिश्नर के रूप में काम करने के साथ ही, गन्ना आयुक्त, डीएम चंपावत, समाज कल्याण निदेशक, सचिव, परिवहन आयुक्त जैसे पदों पर कार्य किया।

**अभी किस उपज की खेती की है।**

- अभी खेतों में धान, उड़द, भट्ट की बुआई की है। गुड़ाई भी खुद ही करते हैं। खेती में लागत अधिक है, फिर भी इसे अपनाया है।

**प्रशासनिक अनुभव गांव में कुछ काम आया।**

- सेवानिवृत्ति के बाद अपनी प्रशासनिक क्षमता व अनुभव के जरिए गांव में सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रयास किए। आज गांव में शहर जैसी कई सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**पहाड़ के गांवों से पलायन क्यों हो रहा है।**

- पलायन रोकने का सबसे सशक्त उपाय है, महिलाओं और बेटियों को खेती-बाड़ी से जोड़ना और गांव के प्रति गर्व की भावना पैदा करना। अगर एक पूर्व आईएएस अधिकारी गांव में रहकर अपने खेत में काम कर सकता है, तो बाकी क्यों नहीं? पलायन तब तक नहीं रुकेगा, जब तक हम युवाओं और महिलाओं को गांव से जोड़ने के ठोस प्रयास नहीं करेंगे। मेरे जैसे न जाने कितने लोगों ने गांव में पढ़ाई कर उच्च पद हासिल किए और आज भी कर रहे हैं। इसलिए बच्चों की पढ़ाई के नाम पर पलायन सिर्फ आरामतलब जिंदगी जीने का एक बहाना है।

**आज के युवाओं के लिए क्या संदेश देना चाहेंगे।**

- यही कि समय सबसे बड़ा धन है, इसे गंवाए नहीं। मेहनत, सादगी और आत्मसंस्कार ही जीवन को सार्थक बनाते हैं। अपना आहार, विहार, विचार व संस्कार अच्छा रखें जीवन आनंदमय रहेगा।



लेखक – हरीश उप्रेती करन, हल्द्वानी

---

# युवाओं के सामने लक्ष्यहीनता बड़ी चुनौती हार न मानें, क्षमताएं पहचान कर आगे बढ़ें

**आज तमाम विषय युवा पीढ़ी के सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़े हैं। इसमें लक्ष्यहीनता गंभीर चुनौती है। युवाओं को समझना होगा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और क्षमताओं को निखारने का जरिया है। इसके लिए बचपन से ही अपने रुचियों और क्षमताओं को पहचानने का प्रयास करना चाहिए।**

### स्कूल-कॉलेज करें करियर काउंसलिंग, विश्वविद्यालयों में रोजगारपरक कोर्स

- स्कूलों और कॉलेजों में करियर काउंसलिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए, जहां छात्रों को करियर विकल्पों और उनके लिए आवश्यक कौशल के बारे में जानकारी मिले। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को इस तरह के कोर्स शुरू करने चाहिए, जो रोजगार से जुड़े हों। शिक्षण संस्थानों को स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देना चाहिए, जहां युवा अपने व्यावसायिक विचारों को हकीकत में बदल सकें।
- **कमियां पहचानें अध्ययन समूह बनाएं मॉक टेस्ट से करें प्रगति का मूल्यांकन:** यूपीएससी मुख्य परीक्षा में उत्तर लेखन बहुत महत्वपूर्ण है। रोज उत्तर लिखने का अभ्यास करें और अपनी कमियां पहचानें। समान विचारधारा वाले दोस्तों के साथ अध्ययन समूह बनाएं। नियमित मॉक टेस्ट देकर अपनी प्रगति का मूल्यांकन करें और कमजोरियों पर काम करें।

### बेरोजगारी, जरायम और नशे की रोकथाम

- उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी नौकरी न मिलना युवाओं में हताशा और अवसाद का कारण बनता है, जिससे कुछ युवा जरायम की दुनिया या नशे के जाल में फंस जाते हैं। यह गंभीर सामाजिक समस्या है, ऐसे युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य परामर्श और सहायता प्रदान की जानी चाहिए। पुलिस और नागरिक संगठनों को मिलकर नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। समुदायों और परिवारों को भी युवाओं पर नजर रखने और उन्हें सही रास्ते पर लाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। नशे के शिकार युवाओं के लिए पुनर्वास और परामर्श केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। इस संबंध में पुलिस द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को मोटिवेशन क्लास देना सराहनीय पहल हो सकता है। मैं इस दिशा में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

### बिना कोचिंग भी क्रैक कर सकते यूपीएससी परीक्षा

- यूपीएससी परीक्षा को सबसे कठिन माना जाता है। आम धारणा है कि इसे बिना महंगी कोचिंग के क्रैक करना संभव नहीं है। लेकिन यह सच नहीं है। दृढ़ संकल्प, सही रणनीति और अनुशासित स्व-अध्ययन के साथ बिना कोचिंग के भी इस परीक्षा को पास किया जा सकता है। इसके लिए यूपीएससी के विस्तृत पाठ्यक्रम को समझें। हर विषय के लिए सही अध्ययन सामग्री चयनित करें। इंटरनेट पर मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री, वीडियो व्याख्यान, मॉक टेस्ट और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का बुद्धिमानी से उपयोग करें। दैनिक समय सारिणी बनाकर सख्ती से पालन करें। प्रत्येक विषय को पर्याप्त समय दें।

### असफलता अंत नहीं है, दिखाती उज्ज्वल भविष्य के लिए रास्ता

- यूपीएससी परीक्षा में यदि कोई युवा इसमें सफल नहीं हो पाता है, तो भी सफलता के कई रास्ते हैं। हर एक को अपनी क्षमता के अनुसार उन्हें खोजना चाहिए। राज्य स्तरीय सिविल सेवा परीक्षा (पीसीएस), बैंकिंग, रेलवे, एसएससी और विभिन्न सरकारी विभागों में तमाम अवसर उपलब्ध हैं।

### पुलिस सिर्फ कानून-व्यवस्था के लिए नहीं, सामाजिक सुधार भी दायित्व



- एक पुलिस अधिकारी होने के नाते, मेरा मानना है कि पुलिस केवल कानून और व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे सामाजिक सुधार और सामुदायिक विकास में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, तभी हम एक साथ मिलकर, युवाओं के लिए सुरक्षित, सशक्त और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। यह सिर्फ पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज, शिक्षाविदों, परिवारों और सबसे बढ़कर, स्वयं युवाओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें उन्हें यह विश्वास दिलाना होगा कि उनकी क्षमताएं असीमित हैं और वे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।

लेखक – मणिकांत मिश्रा, आईपीएस
एसएसपी, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड

---



### फुदकने और उड़ने के लिए तैयार हैं हम...

इस तस्वीर में अशरीरी या टेलरबर्ड से मिलती-जुलती प्रजाति अशरीरी प्रिनिया के बच्चे घोंसले से बाहर आने की कोशिश कर रहे है। अशरीरी प्रिनिया कीटभक्षी चिड़िया है। इसकी बाई लगभग 14 सेमी होती है। ऊपरी हिस्सा स्लेटी ग्रे और पंख भूरे रंग के होते हैं। पेट और गला हल्के पीला सफेद रंग का होता है। इसका घोंसला गोलाकार होता है। यह चित्र पाठक रवि गौतम, कानपुर ने भेजा है।

# लोग कहते हैं, लावारिस शवों का वारिस

किसी लावारिस शव का सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करने से बड़ा पुनीत कार्य और क्या होगा। यही सोच थी, जिसे अपने साथियों के साथ मिलकर आगे बढ़ाया। इस काम से मन को बड़ी शांति और संतुष्टि मिलती है। बीते 15 माह में 208 से ज्यादा लावारिस शवों का सम्मानजनक तरीके से अंतिम संस्कार कराया है।

हल्द्वानी शहर के तिकोनिया में मेरा निवास है। कोविड-19 महामारी के दौरान जब अधिकांश लोग अनजाने खौफ के कारण घरों में कैद थे, तब मैं टीम के साथ सड़कों पर मौजूद था। दर्जनों लावारिस शवों का अंतिम संस्कार और सैनिटाइजेशन का कार्य कराया। मेरा यह काम न किसी गैर सरकारी या स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ) के अंतर्गत आता है, न ही मैं किसी तरह का कोई सरकारी अनुदान या मदद लेता हूं। बेशक इस काम में समाज के विभिन्न वर्गों का आर्थिक सहयोग मिलता है। पहले हल्द्वानी के टनकपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में लकड़ी की चिता सजाकर अंतिम संस्कार करते थे, लेकिन अब विद्युत शवदाह गृह में भी लावारिस शवों को सम्मानजनक विदाई दी जाती है।

### मैं अकेला ही चला था...

- मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंजिल मगर लोग साथ आते गए और कारवां बनता गया... मेरी शुरू से ही लोगों की निस्वार्थ मदद करने की सोच रही है। कोई मुझे लावारिस शवों का वारिस कहता है तो कोई और कुछ। बस यही बातें मेरा उत्साह बढ़ाती हैं। अब काफी लोग मुझसे जुड़ने लगे हैं। नगर आयुक्त ऋचा सिंह, नवीन मंडी सचिव दिग्विजय सिंह देव, वन विभाग के रेंजर मुकुल शर्मा, संतोष बल्यूटिया, अमित रस्तोगी, हरीश चन्द्र जोशी, वंश गौनियां, विजय पालीवाल, दिलीप कपूर, संजय जायसवाल, राजपाल लैधा, मयंक शर्मा, इंजीनियर दिनेश सिंह, बीडी छिमवाल, अशोक कटारिया, राम रतन पांगती सहयोग करते हैं।



लेखक – हेमंत गौनिया, तिकोनिया हल्द्वानी

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 79,809.65 | 24,426.85 |
| गिरावट | 270.92 | 74.05 |
| प्रतिशत में | 0.34 | 0.30 |

सोना 1,03,670 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,19,000 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, शनिवार, 30 अगस्त 2025
www.amritvichar.com

# कारोबार

## उच्च शुल्क जोखिमों के बावजूद जीडीपी 6.3-6.8% की दर से बढ़ेगी: नागेश्वरन

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने उच्च अमेरिकी शुल्क की वजह से जोखिम पैदा होने के बीच शुक्रवार को भरोसा जताया कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.3 से 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है लेकिन अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत का आयात शुल्क लगाए जाने से वृद्धि अनुमान पर थोड़ी प्रतिकूलता आ सकती है।

नागेश्वरन वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहने के आंकड़े सामने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा, अमेरिका की तरफ से लगाए गए उच्च आयात शुल्क



● मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा- शुल्क लगाए जाने से वृद्धि अनुमान पर थोड़ी प्रतिकूलता आ सकती

'अस्थायी' ही साबित होंगे क्योंकि दोनों देश जुर्माने के तौर पर लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क को हटाने और उसके बाद द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, रूसी कच्चे तेल के संबंध में लगे अतिरिक्त शुल्क को लेकर थोड़ी अनिश्चितता है, लेकिन सामान्य तौर पर बातचीत चल रही है और उम्मीद है कि हम निकट भविष्य में किसी प्रकार का समाधान देखेंगे। नागेश्वरन ने कहा, हमारा मानना है कि चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि लक्ष्य, खासकर पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन को देखते हुए, 6.3-6.8 प्रतिशत के दायरे में बना रहेगा।

अप्रैल-जून तिमाही में देश की जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है जो रिजर्व बैंक के 6.5 प्रतिशत अनुमान से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि देश के जीडीपी वृद्धि अनुमान में बड़ी गिरावट की आशंका नहीं है। उन्होंने कहा कि शुल्क से जुड़े प्रभाव वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही तक सीमित रह सकते हैं। हालांकि अमेरिकी शुल्क अधिक समय तक लागू रहने की स्थिति में कुछ नकारात्मक जोखिम देखने को मिल सकते हैं।

## मुंबई-अहमदाबाद ही नहीं, देश में 7000 किमी दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

● जापानी अखबार योमिउरी शिंबुन द्वारा लिए गए साक्षात्कार में पीएम मोदी ने बताया विजन इंडिया

तोक्यो, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई-अहमदाबाद उच्च-गति रेल भारत और जापान के बीच एक प्रमुख परियोजना है और हमारा कुछ वर्षों में यात्री सेवाएं शुरू करने का लक्ष्य है। मोदी ने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद उच्च-गति रेल (बुलेट ट्रेन) परियोजना जारी है। हमारा लक्ष्य देश में उच्च-गति रेल का 7,000 किलोमीटर लंबा नेटवर्क बनाना है।

जापान के अखबार 'योमिउरी शिंबुन' को दिए गए साक्षात्कार में मोदी ने कहा कि इसका अधिकतर हिस्सा 'मेक इन इंडिया' के माध्यम से होगा, ताकि यह कार्यक्रम टिकाऊ एवं व्यवहारिक हो। मैं इस प्रयास में



जापान में अपने समकक्ष के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

जापानी कंपनियों की सक्रिय भागीदारी का स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-जापान सहयोग में उच्च-गति रेल से आगे परिवहन के अन्य क्षेत्रों को भी जोड़ने की क्षमता है, जिसमें बंदरगाह, विमानन, जहाज विनिर्माण, सड़क परिवहन, रेलवे और लॉजिस्टिक जैसे क्षेत्र शामिल हैं जहां भारत ने महत्वाकांक्षी पहल की है। मोदी ने जापानी अखबार को बताया कि स्पष्ट रूप से, इनमें से कई क्षेत्रों में जापान की प्रौद्योगिकी बढ़त, भारत की व्यापकता, विनिर्माण एवं नवाचार शक्ति के साथ मिलकर दोनों पक्षों के लिए अपार मूल्य सृजित कर सकती है।

अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए भारत के व्यापक दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर मोदी ने कहा कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा हमारे वैज्ञानिकों के दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और नवाचार की गाथा है। मोदी ने साथ ही कहा कि भारत और जापान के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग सफलता की एक और बड़ी कहानी है, दोनों देशों का हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता में साझा हित है। उन्होंने कहा, आज हमारी साझेदारी तीनों सेनाओं तक फैली हुई है। हम नियमित रूप से द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय अभ्यास करते हैं। हम एक मजबूत रक्षा उपकरण तथा प्रौद्योगिकी सहयोग का निर्माण कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि आर्थिक साझेदारी भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी के प्रमुख स्तंभों में से एक है।

### जापान पीढ़ियों से विश्वसनीय साझेदार

मोदी ने कहा, विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं के रूप में, हम एक-दूसरे की वृद्धि, प्रतिस्पर्धात्मकता एवं गतिशीलता में योगदान दे रहे हैं। जापान पीढ़ियों से भारत के बुनियादी ढांचे के विकास में एक विश्वसनीय साझेदार रहा है। जापान मोटर वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, रसायन, वित्त एवं दवा सहित प्रमुख क्षेत्रों में भारत के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का एक प्रमुख स्रोत भी रहा है। भारत में जापानी कंपनियों की संख्या लगातार बढ़कर लगभग 1,500 हो गई है, जबकि 400 से अधिक भारतीय कंपनियां जापान में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि स्पष्ट रूप से यह तो महज शुरुआत है, वास्तविक संभावनाएं इससे कहीं अधिक हैं। मोदी ने कहा, हमें बड़ा लक्ष्य रखना चाहिए और महत्वाकांक्षी बने रहना चाहिए। सरकारों, व्यवसायों एवं लोगों के बीच तालमेल हमारी आर्थिक साझेदारी को व्यापकता एवं गति प्रदान कर सकता है।

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2570, राज श्री 1810, फ़ॉर्चून कि. 2200, रविन्द्रा 2650, फॉर्चुन 13केजी 1930, जय जवान 1915, सचिन 2000, सूरज 1915, अवसर 1870, उजाला 1890, गृहणी 13 केजी 1835, क्लासिक (केजी) 2050, मोर 2105, चक्र टिन 2315, ब्लू 2065, आशीर्वाद मस्टर्ड 2470, स्वास्तिक 2510

**किराना ( प्रतिकु) :** हल्दी निजामाबाद 14500, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि0) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 400-600, मखाना 900-1100

चावल ( प्रतिकु ) : डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1 केजी,5केजी ) 10300, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली, 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छाँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9000-11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 10300, उड़द धोवा इंदौर 13000, उड़द धोवा 10000-11000,चना काला 6950, दाल चना 7500, दाल चना मोटी 7850, मलका विदेशी 7400, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7000, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 9200, मोटा हीरा 11200, अरहर गोला मोटा 8500, अरहर पटका मोटा 8900, अरहर कोरा मोटा 9400, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300

**चीनी :** डालमियां 4420, पीलीभीत 4340, सितारगंज 4300, धामपुर 4420

## भारतीय अर्थव्यवस्था को लगे पंख

### जीडीपी वृद्धि दर जून तिमाही में उम्मीद से बेहतर 7.8% पर, ट्रंप ने कहा था डेड इकॉनमी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उम्मीद से बेहतर 7.8 प्रतिशत रही। अमेरिका के भारी शुल्क लगाए जाने से पहले की पांच तिमाहियों में यह सबसे अधिक है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर रही। इसमें व्यापार, होटल, वित्तीय और रियल एस्टेट जैसी सेवाओं से भी मदद मिली। बता दें कि ट्रंप ने कुछ दिन पहले भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी बताया था।

भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, क्योंकि अप्रैल-जून में चीन की जीडीपी वृद्धि 5.2 प्रतिशत रही थी। जीडीपी निश्चित अवधि में देश की सीमा में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले उच्चतम जीडीपी वृद्धि 2024 के जनवरी-मार्च में 8.4 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 1.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही




में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर मामूली रूप से बढ़कर 7.7 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 7.6 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महीने की शुरुआत में 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इसके मुताबिक वृद्धि दर पहली तिमाही में 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.3 प्रतिशत रह सकती है।

आधिकारिक आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में अप्रत्याशित रूप से मजबूत प्रदर्शन के बाद आने वाली तिमाहियों में वृद्धि दर कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने के जरिये राहत देने के प्रस्ताव के बावजूद, सरकारी पूंजीगत व्यय में सालाना आधार पर कम वृद्धि और अमेरिकी शुल्क व जुर्माने से निर्यात पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के कारण आने वाली तिमाहियों में वृद्धि दर में कमी आने की आशंका है। उन्होंने कहा, लगातार अनिश्चितता के बीच, हम वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने जीडीपी वृद्धि अनुमान को छह प्रतिशत पर बनाए रखे हुए हैं। अपेक्षा से अधिक जीडीपी वृद्धि दर से उन उम्मीदों को फिलहाल खत्म कर दिया है कि शुल्क संबंधी उथल-पुथल के कारण अक्टूबर 2025 की नीति समीक्षा में मौद्रिक ढील दी जा सकती है।

### राजकोषीय घाटा जुलाई के अंत तक पूरे साल के लक्ष्य का 29.9% पर

**नई दिल्ली।** केंद्र का राजकोषीय घाटा जुलाई के अंत तक पूरे साल के लक्ष्य का 29.9 प्रतिशत पहुंच गया। लेखा महानियंत्रक ( सीजीए) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह कहा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार महीनों में यह बजट अनुमान ( बीई ) का 17.2 प्रतिशत था। इससे पहले पहली तिमाही ( अप्रैल-जून) के अंत तक घाटा पूरे वर्ष के लक्ष्य का 17.9 प्रतिशत था। वास्तविक घाटा या सरकार के व्यय और राजस्व के बीच का अंतर वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जुलाई अवधि में 4,68,416 करोड़ रुपये था। केंद्र का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ होगा। सरकार को जुलाई 2025 तक 10.95 लाख करोड़ ( बजट अनुमान 2025-26 की कुल प्राप्तियों का 31.3 प्रतिशत) मिले। इसमें 6.61 लाख करोड़ का कर राजस्व ( केंद्र को), 4.03 लाख करोड़ का गैर-कर राजस्व और 29,789 करोड़ रुपये की गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियां शामिल थीं।

### औद्योगिक ऋण वृद्धि जून में घटकर 7.6 % पर

**मुंबई।** उद्योगों को बैंक ऋण की वृद्धि जून 2025 में घटकर 7.6 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले 11.3 प्रतिशत थी। आरबीआई ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। इसके मुताबिक व्यक्तिगत ऋण खंड समग्र अग्रिमों की तुलना में तेज़ी से बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से यह भी पता चला कि बैंक ऋण वृद्धि जून 2024 में 15 प्रतिशत से घटकर जून 2025 में 9.9 प्रतिशत रह गई। केंद्रीय बैंक ने कहा कि नीतिगत दरों में ढील के साथ नौ प्रतिशत से कम ब्याज दर वाले ऋणों का हिस्सा जून 2025 में बढ़कर 54.1 प्रतिशत हो गया, जो पिछले वर्ष इस अवधि में 43.2 प्रतिशत था। आरबीआई ने कहा, मौद्रिक नीतिगत उपायों के अनुरूप, बकाया ऋण पर भारांश औसत उधार दर ( डब्ल्यूएएलआर ) अप्रैल-जून 2025 के दौरान 0.39 प्रतिशत तक कम हो गई। सभी प्रमुख क्षेत्रों में यह कमी देखी गई। व्यक्तिगत ऋणों में समग्र ऋण की तुलना में तेजी से वृद्धि जारी रही, और जून 2025 तक कुल ऋण में उनकी हिस्सेदारी धीरे-धीरे बढ़कर 32 प्रतिशत हो गई।

## व्यापार समझौते पर बात जारी, विभेदकारी शर्तों पर नहीं झुकेंगे : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

● उद्योग मंत्री ने कहा- भारत और अमेरिका के बीच बातचीत जारी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत जारी है लेकिन भारत कभी भी विभेदकारी शर्तों के आगे नहीं झुकेगा। इसके साथ ही गोयल ने भरोसा जताया कि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क का देश की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर नहीं पड़ेगा।

गोयल ने यहां एक उद्योग सम्मेलन में कहा, अगर कोई अच्छा मुक्त व्यापार समझौता करना चाहता है तो हम हमेशा तैयार हैं। लेकिन अगर कोई भेदभाव करेगा तो हम न झुकेंगे और न ही कमजोर पड़ेंगे, बल्कि मिलकर आगे बढ़ेंगे। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इस कदम को भारत पर दबाव बनाने की रणनीति माना जा रहा है ताकि प्रस्तावित व्यापार समझौते में अमेरिका को कृषि और डेयरी के संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक बाजार पहुंच मिल सके। भारत ने इन शुल्कों को अनुचित और अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा है कि किसानों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं किया जाएगा।



### निर्यात में विविधता लाने के प्रयास

गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि निर्यात में विविधता लाने के प्रयास किए जा रहे हैं और इस साल का निर्यात आंकड़ा वित्त वर्ष 2024-25 के 825 अरब डॉलर के रिकॉर्ड से आगे निकल जाएगा। वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी अभी भी कम है लिहाजा किसी तरह की घबराहट की जरूरत नहीं है। भारत ने कोविड-19 महामारी और परमाणु प्रतिबंधों जैसे गतिरोधों का पहले भी बखूबी सामना किया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.38 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.38 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 695.11 अरब डॉलर पर था। जारी आंकड़ों के अनुसार, 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.65 अरब डॉलर घटकर 582.25 अरब डॉलर रहीं।

डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी



● भारतीय रिजर्व बैंक ने जारी किए आंकड़े

मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 66.5 करोड़ डॉलर घटकर 85 अरब डॉलर रहा। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.74 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में आईएमएफ के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 2.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.73 अरब डॉलर पर रहा।

### हल्द्वानी मंडी

**चावल :** चावल : शरबती- 5000, मसूरी- 4500, बासमती- 9200, परमल- 3300

दाल दलहन : काला चना- 7700, साबुत चना दाल- 7000, मूंग साबुत- 9000 राजमा- 12300-14200, दाल उड़द- 9200, साबुत मसूर दाल- 7200, मसूर दाल- 7100, उड़द साबुत- 8100, काबुली चना- 10500, अरहर दाल- 11200 लोबिया/करमानी- 9200

## ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पाबंदी को लेकर विस्तृत दिशानिर्देश मांगे

**नई दिल्ली।** बैंकों एवं वित्तीय सेवा कंपनियों ने शुक्रवार को वित्तीय सेवा विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ हुई बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से पैसे से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध लागू करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश मांगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि इन वित्तीय सेवा कंपनियों ने पाबंदी का आदेश लागू करने के लिए जरूरी व्यवस्था तैयार करने को अतिरिक्त समय देने की भी मांग की। सरकार ने हाल ही में 'ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन एवं विनियमन अधिनियम' के तहत सभी तरह की ऑनलाइन मनी गेमिंग पर रोक लगा दी है। यह कदम आत्महत्या की घटनाओं और भारी आर्थिक नुकसान की बार-बार आई शिकायतों के बाद उठाया गया है। सूत्रों ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से इस कानून के प्रावधानों को समझने और यह जानने पर चर्चा हुई कि बैंक और वित्तीय कंपनियां इसे किस तरह लागू करेंगी। एक अधिकारी ने कहा, संक्रमण काल की व्यवस्थाओं और संभावित चुनौतियों पर भी बात हुई।

## बैटरी की विशाल फैक्ट्री लगाएगा रिलायंस 30 लाख टन हरित हाइड्रोजन का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) अपने स्वच्छ ऊर्जा कारोबार को बढ़ाने के लिए तेजी से कदम उठा रही है। कंपनी 2026 में एक विशाल बैटरी उत्पादन क्षमता वाला संयंत्र, सिंगापुर के आकार से तीन गुना बड़ी सौर ऊर्जा परियोजना और 2032 तक 30 लाख टन हरित हाइड्रोजन क्षमता शुरू करने की योजना बना रही है।

कंपनी कोयला, पेट्रोल जैसे जीवाश्म ईंधन से दूरी बना रही है। आरआईएल की वार्षिक आम बैठक में उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे और रिलायंस के कार्यकारी निदेशक अनंत

● वार्षिक आम बैठक में उद्योगपति मुकेश अंबानी ने दी जानकारी



अंबानी ने कहा कि कंपनी दुनिया का सबसे एकीकृत नया ऊर्जा परिवेश बना रही है - रेत और इलेक्ट्रॉन से लेकर हरित अणुओं तक। कंपनी स्वच्छ ऊर्जा के हर एक हिस्से के उत्पादन में निवेश कर रही है - ऐसे मॉड्यूल जो सूर्य के प्रकाश को बिजली में बदल देंगे, ऐसी बैटरियां जो ऊर्जा भंडारण कर सकें, ऐसे इलेक्ट्रोलाइजर जो नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करके पानी के अणुओं को विभाजित करके भविष्य का ईंधन हाइड्रोजन बना सकें।

### रिलायंस इंटेलिजेंस देगा हर जगह एआई सुविधा

अंबानी ने एआई के लिए एक नई अनुषंगी 'रिलायंस इंटेलिजेंस' के गठन की शुक्रवार को घोषणा की। यह देश में बड़े पैमाने पर एआई बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगी ताकि हर जगह, हर किसी को एआई क्षमता मुहैया कराई जा सके। कहा कि रिलायंस इंटेलिजेंस अनुषंगी गीगावाट-स्तर के एआई-सक्षम डेटा केंद्र बनाएगी, जो स्वच्छ ऊर्जा से संचालित होंगे और प्रशिक्षण एवं अनुमान के लिए डिजाइन किए गए होंगे।

## सोना 2,100 रुपये उछलकर 1,03,670 प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर, चांदी 1,000 फिसली

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टॉकिस्टों की लिवाली जारी रहने और रुपये के विनिमय दर में गिरावट के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 2,100 रुपये उछलकर 1,03,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,01,570 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 2,100 रुपये उछलकर 1,03,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए सर्वकालिक उच्च



स्तर पर पहुंच गई। एक दिन पहले यह 1,01,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इससे पहले, 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना आठ अगस्त को क्रमशः 1,03,420 रुपये और 1,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर थे। उस समय सोने की कीमतों में 800 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई थी। इससे पहले सात अगस्त

● कमजोर रुपये और विदेशी बाजारों में सकारात्मक रुख के चलते सोने की कीमतों में तेजी

को सोने की कीमत में 3,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की भारी वृद्धि दर्ज की गई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, कमजोर रुपये और विदेशी बाजारों में सकारात्मक रुख के चलते घरेलू बाजारों में सोने की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी गई और यह नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।उन्होंने कहा, भारतीय रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। इससे देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क के प्रभाव को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

**टैरिफ का असर** | टेक्सटाइल और होजरी उद्योग पर पड़ी मार, निर्यातकों व उद्यमियों ने आर्थिक सहायता देने की उठाई मांग

## लोन, छंटनी और घाटा, कारोबार रह गया आधा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर के औद्योगिक क्षेत्रों का माहौल बदल गया है। मशीनों का शोर मध्यम हो गया और कर्मचारियों के मन में बेचैनी फैल गई है। कब किस वक्त किस कर्मचारी की नौकरी चली जाए इस संशय में वे घिरे हुए हैं। टेक्सटाइल, होजरी और गारमेंट्स से जुड़े निर्यातक और निर्यात क्षेत्र के उद्यमी भी तनाव में हैं। अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ से निर्यात ऑर्डर कम हो गए हैं।

सबसे ज्यादा ज्यादा प्रभावित ऐसे निर्यातक और उद्यमी हैं, जिनकी प्रोडक्शन यूनिट सीधेतौर पर अमेरिका की बाजार पर निर्भर हैं। हालात को भांपते हुए उद्यमी व



निर्यातक अब सरकार से आर्थिक सहयोग की मांग उठा रहे हैं। उद्यमी और कर्मचारियों को लोन, छंटनी और घाटा का डर सता रहा है। शहर से अमेरिका को 25 सौ करोड़ रुपये का कारोबार होता है। इसमें 15 फीसदी की हिस्सेदारी टेक्सटाइल, होजरी और गारमेंट्स की है। शहर में लेदर के बाद टैरिफ से सबसे ज्यादा प्रभावित सेक्टर इसे ही माना जा रहा है। उत्पादन कम हुआ है। इसके अलावा निर्यातक और उद्यमी ऑर्डर के अगेंस्ट लिए गए लोन और उसके ब्याज को भी बड़ी मुसीबत मान रहे हैं। अमेरिका के खरीदारों से भविष्य में भी ऑर्डर न मिलने के डर से स्टॉक को डोमेस्टिक बाजार में उतारने की भी योजना पर विचार चल रहा है। कर्मचारियों को भी दो से तीन महीनों में नोटिस दिए जाने की भी चर्चा औद्योगिक क्षेत्र में आम बनी हुई है। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के पास भी काम कम हो गया है। ढुलाई का काम करने वाले श्रमिक भी प्रभावित हो रहे हैं।

### नया बाजार अब नहीं आसान

टैरिफ व पेनाल्टी के बाद उपजे हालात से निर्यातक नए बाजार की ओर से रुख करने का मन बना रहे हैं। उनका मानना है कि इस तरह से अमेरिका की बाजार छूटने से उपजे हालात से हुए नुकसान की भरपाई की जा सकती है। हालांकि निर्यातक यह भी मान रहे हैं कि अमेरिका की तरह दूसरे विदेशी बाजार में निर्यात कारोबार करना आसान नहीं है। इसमें निर्यातक तीन से चार महीने का समय सिर्फ 'बिजनेस ट्रस्ट' में निकल जाने की बात कह रहे हैं। उनका कहना है कि इस समय अवधि में कारोबार छिटक भी सकता है।

### ब्रांड नेम में फंसे उत्पादक

अमेरिका की ओर से टैरिफ और पेनाल्टी लगाए जाने के बाद शहर की प्रोडक्शन यूनिट्स में भारी मात्रा में स्टॉक की मौजूदगी है। स्टॉक की यह मौजूदगी ऐन वक्त पर अमेरिकी खरीदारों की ओर से ऑर्डर कैंसिल किए जाने पर है। इनमें कई यूनिट्स ऐसी हैं जहां पर स्टॉक को टैरिफ व पैनाल्टी तिथि लागू होने के पहले भेजा नहीं जा सका है। इन स्टॉक्स में अमेरिकन कंपनी के ब्रांड नेम भी अंकित है जिन्हें नियम के तहत भारतीय बाजार में बेचा नहीं जा सकता। इस तरह के स्टॉक पर निर्यातक व उत्पादक दोनों ही फंस गए हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इजराइली ड्रोन विस्फोट में दो लेबनानी सैनिक मरे

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के नक़ौरा शहर में गुरुवार रात एक इज़रायली ड्रोन के गिरने के बाद उसकी जांच कर रहे दो लेबनानी सैनिकों की मौत हो गई जबकि अन्य दो सैन्यकर्मी घायल हो गए। लेबनानी सेना के मुताबिक इजराइली ड्रोन उस समय गिरा जब वह एक उत्खनन मशीन पर विस्फोटक बम गिराने की कोशिश कर रहा था। एजेंसी ने कहा कि एम्बुलेंस तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुई। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने सैनिकों की मौत और दो अन्य के घायल होने पर गहरा दुख व्यक्त किया। यह चौथी घटना है जिसमें लिटानी नदी के दक्षिण क्षेत्र में तैनाती शुरू करने के बाद से सैन्य कर्मियों की मौत हुई है।

### मॉरिटानिया में नौका पलटी, 49 की मौत

**नुआकशोत।** अफ्रीकी देश गाम्बिया से प्रवासियों को ले जा रही एक नौका के इस हफ्ते समुद्र में पलट जाने से उसमें सवार कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई। तट रक्षक बल के प्रमुख मोहम्मद अब्दुल्ला ने बताया कि नौका गाम्बिया से चली थी और मंगलवार सुबह महेजरात तट के पास पलट गई। अब्दुल्ला ने कहा, नाव एक हफ्ते पहले गाम्बिया से रवाना हुई थी। इसमें सेनेगल और गाम्बिया के नागरिकों सहित 160 प्रवासी सवार थे। जब प्रवासियों ने महेजरात तट के पास लाइटें जलती देखीं, तो उन्होंने नौका के एक हिस्से की ओर जाने की कोशिश की, जिससे वह पलट गई।

### पोलिश एफ-16 विमान गिरा, पायलट की मौत

**वारसॉ।** पोलैंड का एक एफ-16 लड़ाकू विमान गुरुवार को राडोम अंतरराष्ट्रीय एयर शो पूर्वाभ्यास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें पायलट की मौत हो गई। दुर्घटना गुरुवार दोपहर हुई, विमान रनवे से टकराने से पहले नीचे उतरा और उसमें विस्फोट हो गया। दुर्घटना का कारण अभी अज्ञात है। मध्य पोलैंड के राडोम में 30-31 अगस्त को एयरशो राडोम 2025 का आयोजन होने वाला है जिसमें 20 देशों के 150 से ज्यादा विमान हिस्सा लेंगे। यह पोलैंड में अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन है।

### पाकिस्तान : बारिश और बाढ़ से 22 की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में गत 24 घंटे के दौरान 22 लोगों की मौत हो गई जबकि प्रांतीय राजधानी लाहौर के कम से कम नौ रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए हैं। पंजाब सरकार के बयान में कहा गया है, प्रांत में कम से कम 1,700 गांव जलमग्न हो गए हैं, जबकि हजारों एकड़ भूमि पर लगी फसलें डूब गई हैं। सेना ने अब तक दस लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है।

# सिगरेट पीने को 1000 डॉलर रिश्वत भारतीय महिला को पांच साल जेल

**सिंगापुर, एजेंसी**

- **सिंगापुर की अदालत ने सुनाई सजा, मादक पदार्थों की है आदी**

सिंगापुर में भारतीय मूल की एक महिला को 2022 में सिगरेट पीने की अनुमति देने के लिए पुलिस अधिकारियों को 1,000 सिंगापुरी डॉलर की रिश्वत देने के आरोप में 68 महीने जेल की सज़ा सुनाई गई है। मादक पदार्थों का सेवन करने वाली महिला जमानत पर बाहर थी।

द स्ट्रेट्स टाइम्स समाचार पत्र रिपोर्ट के अनुसार 42 वर्षीय राधिका राजवर्मा को बृहस्पतिवार को दोषी ठहराया गया। नशीली दवाओं के सेवन को लेकर वह 2018 से कई बार जेल जा चुकी है। उसे आखिरी बार 2020 में एक प्रकार के मादक पदार्थ मेथामफेटामीन के सेवन का दोषी ठहराया गया था। उसे जून 2022 में ज़मानत पर रिहा किया गया था। बाद में उसे फिर गिरफ्तार कर लिया गया।

उप लोक अभियोजक एमिली कोह ने कहा कि राधिका को चार अक्टूबर, 2022 को गिरफ्तारी के बाद पुलिस वाहन में चढ़ने से पहले कुछ सिगरेट पीने की अनुमति दी गई थी। वाहन गंतव्य के पास पहुंचा तो उसने एक और सिगरेट मांगी लेकिन अधिकारियों ने उसे अनुमति नहीं दी। इसके बाद राधिका ने उन्हें 1,000 सिंगापुरी डॉलर की रिश्वत की पेशकश की। एक स्थानीय अदालत ने उसे पांच साल, आठ महीने और चार हफ्ते जेल की सजा सुनाई।

## एक बार फंसने के बाद निकलना मुश्किल

शाहजहांपुर के कारोबारी सचिन ग्रोवर के पत्नी और मासूम बेटे के साथ आत्महत्या करने के फैसले ने एक बार फिर सवाल खड़ा किया है कि सूदखोरों को लोगों को लूटने और आखिर कितनी जानें लेने की छूट दी जाएगी। वैसे तो ये गैरकानूनी धंधा देश के लगभग सभी राज्यों में फैला हुआ है और हर साल सैकड़ों लोगों को जान गंवाने को मजबूर कर देता है लेकिन महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में सूदखोरी की वजह से सबसे ज्यादा घटनाएं होती हैं। किसान और छोटे व्यापारी सूदखोरों का सबसे ज्यादा शिकार होते हैं क्योंकि इसी तबके को पैसे की सबसे ज्यादा आकस्मिक जरूरत पड़ती है। सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार भी एक कारण है जिसने सूदखोरी को एक गंभीर सामाजिक और आर्थिक समस्या बना दिया है, इसमें कानून की भूमिका आमतौर पर तब शुरू होती है जब लोग आपराधिक घटनाओं के शिकार हो जाते हैं।

# सूदखोरों का शिकंजा



### कितना भयावह सूदखोरी का जाल

- सूदखोर सालाना 60 से लेकर 200-300% तक ब्याज वसूलते हैं। कई मामलों में चौथाई या आधी रकम तक हर महीने ब्याज के तौर पर देना पड़ती है।
- सूदखोर किसी वित्तीय संस्था के नियमों से नहीं बंधे होते, वे नकद कर्ज देते हैं और ब्याज पर ब्याज की वसूलते हैं, इससे मूलधन कभी खत्म ही नहीं होता।
- समय पर ब्याज न देने पर मूलधन में जोड़कर नया ब्याज लगाया जाता है, मूलधन का उपयोग होने से पहले ही ब्याज की अच्छी-खासी देनदारी हो है

### सूदखोरी से मौतें

- नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार 2022 महाराष्ट्र में 4,064 किसान आत्महत्याएं कीं जिनके पीछे प्रमुख वजह महाजनों का कर्ज न चुका पाना थी।
- वर्ष 2019 में उस्मानाबाद और विदर्भ क्षेत्रों में भी सूदखोरों का कर्ज न चुका पाने के कारण सैकड़ों किसानों के आत्महत्या करने की खबरें रिपोर्ट हुईं।
- वर्ष 2015 से 2023 के बीच अनुमानित 30,000 से अधिक किसानों ने आत्महत्याएं की, जिनमें निजी साहूकारों का दबाव एक बड़ा कारण रहा।

### क्रूरता भरा उत्पीड़न

- तमिलनाडु और तेलंगाना में सूदखोर कर्जदार के घर ड्रम बजाकर या माइक लगाकर उसका अपमान करते हैं। कर्जदारों की तस्वीर के पोस्टर भी चिपका दिए जाते हैं।
- मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और यूपी में कर्जदारों को बुरी तरह पीटने, जंजीरों से बांधने, आत्महत्या के लिए मजबूर करने की घटनाएं आम हैं।
- घर का कीमती सामान, बर्तन, अनाज या खेती के उपकरण ले जाना, महिलाओं को अपमानित किया, कपड़े खींचे या गांवभर में बदनाम करने की भी घटनाएं होती हैं।

### सरकार के कदम

- कई राज्यों में मनीलेंडिंग एक्ट है जिसके तहत बिना लाइसेंस के ब्याज पर पैसे देने को अपराध माना गया है।
- सरकारें कभी-कभी कर्ज माफ करती हैं, हालांकि सूदखोरों के कर्जदारों को इसका कोई लाभ नहीं होता।
- सरकार ने बैंकिंग और आसान लोन उपलब्ध कराने की कोशिश की है ताकि लोग सूदखोरी पर निर्भर न रहें।

### इसलिए कर्ज लेते हैं लोग

- बैंक लोन लेने में समय और शर्तें सख्त हैं। आपातकालीन स्थितियों में लोग दस्तावेज जुटाने और लंबी भागदौड़ का इंतजार नहीं कर सकते।
- भ्रष्टाचार भी बड़ा कारण है, सरकारी कार्यालयों, बैंकों में कमीशनखोरी आम है, सख्त कार्रवाई भी नहीं होती।
- कई गरीब और छोटे व्यापारी औपचारिक बैंकिंग तंत्र से बाहर हैं, किसानों को कृषि कार्यों के लिए पैसों की आकस्मिक जरूरत पड़ती है।

# ट्रंप के स्वास्थ्य पर उठे सवालों के बीच वेंस बोले- शीर्ष पद संभालने को तैयार

## उपराष्ट्रपति ने कहा- 200 दिन का कार्यकाल राष्ट्रपति पद संभालने का प्रशिक्षण

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि उनकी वर्तमान भूमिका ने उन्हें किसी भी 'भयावह त्रासदी' की स्थिति में देश का शीर्ष पद संभालने के लिए तैयार किया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वास्थ्य बहुत अच्छा है और उम्मीद है कि वह अपना कार्यकाल पूरा करेंगे।

उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बृहस्पतिवार को यूएसए टुडे समाचार पत्र को दिए साक्षात्कार में 79 वर्षीय ट्रंप के स्वास्थ्य के बारे में चल रही अटकलों को खारिज किया। उपराष्ट्रपति ने कहा, राष्ट्रपति का स्वास्थ्य बहुत अच्छा है और मुझे उम्मीद है कि ट्रंप अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। इसके साथ उन्होंने कहा कि उनकी वर्तमान भूमिका ने उन्हें आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रपति पद संभालने के लिए सबसे बेहतर तरीके से तैयार किया है।

अमेरिकी इतिहास के सबसे युवा उपराष्ट्रपतियों में से एक वेंस ने कहा, ईश्वर न करे कि कोई भयावह त्रासदी घटित हो, मैंने पिछले 200 दिनों में जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उससे बेहतर प्रशिक्षण के बारे में नहीं सोच सकता। ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में 41 वर्षीय वेंस को अपने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' आंदोलन का सबसे संभावित उत्तराधिकारी बताया था। इसी के साथ उन्होंने 2028 के राष्ट्रपति चुनाव में उपराष्ट्रपति की संभावनाओं के बारे में अटकलों को हवा दे दी है।

उपराष्ट्रपति ने हालांकि इन अटकलों को खारिज कर दिया कि उनकी नजर पहले से ही ओवल ऑफिस यानी अमेरिकी राष्ट्रपति पद पर है। वेंस की यह टिप्पणी विपक्षी डेमोक्रेट पार्टी द्वारा ट्रंप के स्वास्थ्य और उम्र को लेकर व्यक्त की गई चिंता के बीच आई है। ट्रंप पदभार ग्रहण करने वाले सबसे उम्रदराज़ अमेरिकी राष्ट्रपति हैं, और उनके विरोधियों द्वारा उनकी सेहत को लेकर अक्सर सवाल उठाए जाते रहे हैं।



अमेरिका के मिड सिटी स्टील में एक कार्यक्रम को संबोधित करते जेडी वेंस।

### ट्रंप ने पूर्व उपराष्ट्रपति हैरिस की सुरक्षा वापस ली



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की सीक्रेट सर्विस सुरक्षा वापस ले ली है। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्व उपराष्ट्रपतियों को पद छोड़ने के बाद अधिकतम छह महीने तक संघीय सरकार की सुरक्षा मिलती है, जबकि पूर्व राष्ट्रपतियों को आजीवन सुरक्षा मिलती है। सूत्रों का कहना है कि तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुपचुप तरीके से एक निर्देश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत हैरिस के लिए छह महीने से अधिक समय तक सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।

### भारत की तेल लॉबी ने उसे रूस की तेल रिफाइनरी में बदला

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** यूक्रेन संघर्ष को मोदी का युद्ध बताने के एक दिन बाद अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने भारत पर रूस के लिए तेल धन शोधन केन्द्र होने का आरोप लगाया है। नवारो ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर एक लंबे लेख में रूस से भारत की तेल खरीद और नई दिल्ली के ऊंचे टैरिफ के बारे में बात की। नवारो ने कहा कि 50 प्रतिशत शुल्क में अनुचित व्यापार के लिए 25 प्रतिशत और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए 25 प्रतिशत शुल्क एक प्रत्यक्ष प्रतिक्रिया थी। नवारो ने दावा किया, भारत की बड़ी तेल लॉबी ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को क्रेमलिन के लिए एक विशाल रिफाइनिंग केंद्र और तेल धन शोधन केंद्र में बदल दिया है। भारतीय रिफाइनरियां किफायती दरों पर रूसी तेल खरीदती हैं, उसका प्रसंस्करण कर यूरोप, अफ्रीका तथा एशिया को तेल का निर्यात करती हैं। उन्होंने दावा किया, भारत अब प्रतिदिन 10 लाख बैरल से ज्यादा परिष्कृत पेट्रोलियम निर्यात करता है, जो उसके द्वारा आयातित रूसी कच्चे तेल की मात्रा के आधे से भी ज्यादा है। इससे होने वाली आय भारत के राजनीतिक रूप से जुड़े ऊर्जा क्षेत्र के दिग्गजों को मिलती है और सीधे पुतिन के सैन्य कोष में जाती है।

## श्रीलंका में दो और पूर्व सांसद नेता भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका में भ्रष्टाचार के आरोपों में पूर्व सांसदों की गिरफ्तारी का सिलसिला जारी है और शुक्रवार को दो और नेताओं को स्थानीय अदालत में आत्मसमर्पण करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

ये गिरफ्तारियां पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिन बाद हुई हैं। पूर्व मंत्री राजिता सेनारत्ने और पूर्व सांसद एवं बौद्ध भिक्षु अथुरालिये रत्ना दोनों फरार थे और अपने-अपने मामलों की सुनवाई के दिन उन्होंने अदालत में शुक्रवार को आत्मसमर्पण किया। पुलिस ने बताया कि मजिस्ट्रेट अदालत ने सेनारत्ने को नौ सितंबर तक हिरासत में भेज दिया जबकि उपनगरीय नुगेगोडा अदालत ने रत्ना को 12 सितंबर तक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। वरिष्ठ नेता सेनारत्ने पर 2013 में मत्स्य पालन मंत्री रहते हुए रेत खनन के लिए एक कोरियाई कंपनी को नियमों का उल्लंघन कर ठेका देने का आरोप है।

# ई- 3 देशों ने ईरान पर प्रतिबंध लगाने की प्रक्रिया शुरू की

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



- **तेहरान ने जताई नाराजगी, गंभीर परिणामों की दी चेतावनी**

ईरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने के कूटनीतिक प्रयासों में आई रुकावट के बीच फ्रांस, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम ने उस पर संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध फिर से लगाने की प्रक्रिया शुरू की है। स्नैपबैक प्रतिबंधों को लागू करने का अमेरिका ने स्वागत किया है।

तेहरान ने इस कदम की निंदा की है और चेतावनी दी है कि प्रतिबंधों को दोबारा लागू करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ई3 देशों ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सूचित किया कि वे स्नैपबैक तंत्र को सक्रिय कर रहे हैं जिसके अंतर्गत 2015 के ईरान परमाणु समझौते में पहले हटाए गए सभी संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को फिर से लागू किया जाएगा। इस तंत्र को उस समझौते के भाग के रूप में शामिल किया गया था जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना कहा जाता है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 2018 में इस समझौते से बाहर निकलने के बाद ईरान ने परमाणु समझौते का तेजी से उल्लंघन किया है। फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों ने एक संयुक्त बयान में कहा, ईरान की ओर से जेसीपीओए का गैर-अनुपालन स्पष्ट रूप से एवं जानबूझकर किया जा रहा है और ईरान में प्रमुख प्रसार संबंधी चिंताजनक स्थल अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी से बाहर हैं। बयान में कहा गया, ईरान के पास अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार के लिए कोई नागरिक औचित्य नहीं है इसलिए उसका परमाणु कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय शांति सुरक्षा के लिए स्पष्ट खतरा बना हुआ है।

# आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता के लिए भारत चीन का साथ काम करना महत्वपूर्णः मोदी

**तोक्यो, एजेंसी**

- **प्रधानमंत्री ने तोक्यो में दिए एक साक्षात्कार में की टिप्पणी**
- **कहा- बहुध्रुवीय एशिया और विश्व के लिए ऐसा होना आवश्यक**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन का मिलकर काम करना वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से, आपसी सम्मान, हित और संवेदनशीलता के आधार पर आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।

जापान की यात्रा के दौरान 'द योमिउरी शिंबुन' को दिए एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री ने कहा कि दो पड़ोसी और विश्व के दो सबसे बड़े देश होने के नाते भारत और चीन के बीच स्थिर, पूर्वानुमानित और मैत्रीपूर्ण संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति एवं समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। चीन के साथ संबंधों में सुधार के महत्व पर पूछे गए सवाल पर मोदी ने कहा, राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर मैं यहां से तियानजिन जाऊंगा, जहां मैं शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। पिछले वर्ष कजान में राष्ट्रपति शी के साथ मेरी बैठक के बाद से हमारे द्विपक्षीय संबंधों में सतत और सकारात्मक प्रगति हुई है।

उन्होंने कहा कि दो पड़ोसी और विश्व के दो सबसे बड़े राष्ट्रों के रूप में भारत और चीन के बीच स्थिर, पूर्वानुमानित और सौहार्दपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक बहुध्रुवीय एशिया और बहुध्रुवीय विश्व के लिए भी महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा, विश्व अर्थव्यवस्था में मौजूदा अस्थिरता को देखते हुए, भारत-चीन जैसी दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का मिलकर काम करना जरूरी है, ताकि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाई जा सके। उन्होंने कहा कि भारत आपसी सम्मान, हित और संवेदनशीलता के आधार पर द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से आगे ले जाने के लिए और रणनीतिक संवाद को बढ़ाने हेतु तैयार है ताकि दोनों देशों की विकास संबंधी चुनौतियों का समाधान किया जा सके।



जापान में प्रधानमंत्री मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, साथ में जापानी पीएम इशिबा।

# इजराइल ने गाजा के सबसे बड़े शहर को खतरनाक युद्धक्षेत्र घोषित किया

**गाजा सिटी, एजेंसी**

- **दो बंधकों के शव बरामद होने के बाद सैन्य अभियान में तेजी लाने का जताया संकल्प**

इजराइल ने शुक्रवार को गाजा के सबसे बड़े शहर गाजा सिटी को खतरनाक युद्धक्षेत्र घोषित कर दिया और कहा कि वह योजनाबद्ध आक्रमण के प्रारंभिक चरण में है। इस कदम की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की जा रही है। यह शहर उन जगहों में से एक है जहां इज़राइल ने पिछले महीने सुबह 10 बजे से रात आठ बजे तक भोजन और सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए लड़ाई रोक दी थी।

इजराइली सेना ने कहा कि उसने दो बंधकों के शव बरामद किए हैं। इसके साथ ही इसने अपने सैन्य अभियान में और तेजी लाने का संकल्प लिया। सैन्य प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने कहा, हम तब तक अपने हमले तेज करते रहेंगे जब तक कि हम सभी अपहृत बंधकों को वापस नहीं ले आते और हमास को खत्म नहीं कर देते। इजराइल ने शुक्रवार को कहा कि उसकी सेना ने दो बंधकों के शव बरामद कर लिए हैं, जिनमें एक इजराइली व्यक्ति भी शामिल है, जो 7 अक्टूबर, 2023 को हुए हमले में मारा गया था।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि किबुत्ज़ बेरी के इलान वेइस और एक अन्य अज्ञात बंधक के शव इजराइल लाए गए हैं। गाजा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी में रणनीतिक रोक लागू रही। इन तीन जगहों पर लाखों विस्थापित लोग शरण लिए हुए हैं।

## पाकिस्तान भारत के साथ सम्मानजनक तरीके से वार्ता के लिए तैयारः डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश कश्मीर समेत सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ गरिमापूर्ण और सम्मानजनक तरीके से समग्र बातचीत के लिए तैयार है। हालांकि, उन्होंने ज़ोर दिया कि पाकिस्तान बातचीत के लिए गिड़गिड़ाएगा नहीं।

उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, पाकिस्तान अपने दीर्घकालिक रुख के अनुरूप जम्मू-कश्मीर विवाद सहित सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ गरिमापूर्ण और सम्मानजनक तरीके से समग्र वार्ता के लिए तैयार है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पाकिस्तान के साथ केवल पाक के कब्जे वाले कश्मीर की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा।

## दिसंबर में भारत आएंगे पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्षिक शिखर बैठक के लिए भारत आएंगे। पुतिन के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के सहयोगी यूरी उशाकोव ने एक ब्रीफिंग में यह घोषणा की।

तास की रिपोर्ट के अनुसार उशाकोव ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति की 31 अगस्त से एक सितंबर तक चीन के तियानजिन में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर 10 से ज्यादा द्विपक्षीय बैठकें निर्धारित हैं, जिनमें श्री मोदी के साथ भी बैठक शामिल हैं। पुतिन एक सितंबर को एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर मोदी से भेंट करेंगे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 अगस्त, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी 10 .46 तक तत्पश्चात अष्टमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 02 .37 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** — आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत निर्मित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा। अविवाहित लड़कियों का विवाह तय हो सकता है।

**वृष** — आज विरोधियों से सावधान रहें। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ घूमने जा सकते हैं। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। व्यापारिक यात्रा हो सकती है। नकदी की समस्या हल हो सकती है।

**मिथुन** — आज आपकी दिनचर्या अत्यंत अनुशासित रहेगी। किसी मित्र के यहां से दावत का आमंत्रण मिल सकता है। बातचीत के दौरान किसी की बुराई या चुगली न करें। परिवार का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। प्रशासन से जुड़े लोग अपने कार्यों से संतुष्ट रहेंगे।

**कर्क** — आज कारोबार में आय की निरंतरता बनी रहेगी। वैवाहिक जीवन सामान्य बना रहेगा। मन शांत रखने के लिए संगीत का आनंद उठा सकते हैं। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में कुछ खटपट जैसी संभावना बन सकती है।

**सिंह** — आज अचल संपत्ति से संबन्धित विवादों के उभरने की संभावना बन रही है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अपनी समस्याओं को स्वयं हल करें तथा दूसरों से अधिक उम्मीद न रखें। बुरी संगत से दूर रहें वरना प्रतिष्ठा को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

**कन्या** — आज कारोबार में बेहतरीन लाभ मिलने की संभावना है। बच्चे पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। सहयोगी आपसे अत्यधिक प्रभावित रहेंगे। स्वास्थ्य पहले की तुलना में अच्छा रहेगा। जीवनसाथी आपका अत्यधिक ध्यान रखेगा।

**तुला** — आज स्वास्थ्य के प्रति उदासीन न रहें। ससुराल पक्ष में कुछ तनाव होने की संभावना है। पढ़ाई को लेकर विद्यार्थी अत्यंत गम्भीर रहेंगे। आपको कड़वे वचन बोलने से बचना चाहिए। जीवनसाथी और परिजनों की थोड़ी चिंता रहेगी।

**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। रुके हुए कार्य पुन : प्रारम्भ हो सकते हैं। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। यदि आपने छुट्टी के लिए आवेदन किया है तो वो मान्य हो सकता है। आज आप अत्यधिक चुस्त-दुरुस्त महसूस करेंगे।

**धनु** — आज परिवार के लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं। मौसम में परिवर्तन के कारण वायरल बुखार की चपेट में आने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपको काफी परेशानियां झेलनी पड़ेंगी। लोग आपसे इस समय कुछ अधिक ही अपेक्षा रख रहे हैं।

**मकर** — आज घर में उत्सव का वातावरण रहेगा। बच्चे आपकी आज्ञा का पालन करेंगे। प्रेमीजन को प्रपोज कर सकते हैं। व्यापार को लेकर की गई यात्रा सफल सिद्ध होगी। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मधुर होंगे। फिल्म उद्योग से जुड़े लोग किसी बड़े प्रोजेक्ट की शुरुआत कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही भविष्य में परेशानी का कारण बन सकती है। जिस कार्य के प्रति मन में आत्मविश्वास न हो उसे तुरन्त न करें। व्यापार में अनुभवी लोगों की सलाह लेना हितकर होगा। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिलने की संभावना बन रही है।

**मीन** — आज पति-पत्नी आपसी झगड़ा सुलझा सकते हैं। परिस्थितियों के लगातार अनुकूल होने से आप अत्यंत उत्साहित रहेंगे। व्यस्तता के बावजूद परिवार व बच्चों को समय अवश्य देंगे। पेटदर्द और एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

## सुडोकू -84

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 7 | | 5 | | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 1 | | | |
| 2 | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | | 2 | 5 | 4 | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | 6 | 1 | | | 8 | | |
| 5 | | | | 7 | | | | 2 |
| 4 | | | 9 | | 3 | | 6 | |
| | | | | 1 | 8 | | 9 | |

## सुडोकू - 83 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 9 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 8 | 3 |



> इस साल राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि हमारे खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करें, एक खेल जरूर खेलें या व्यायाम करे। स्वस्थ दिमाग और शरीर की ओर पहला कदम बढ़ाएं।
>
> -सचिन तेंदुलकर


# स्टेडियम

बरेली, शनिवार, 30 अगस्त 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**हाईलाइट**

### राजकंवर व अंकुर ने जीते स्वर्ण पदक

**शिमकेंट :** युवा पिस्टल निशानेबाज राजकंवर सिंह संधू ने शुक्रवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में 25 मीटर सेंटर फायर स्पर्धा में शीर्ष स्थान किया, जबकि पूर्व विश्व चैंपियन अंकुर मित्तल ने डबल ट्रैप में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने इस तरह से गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं में अपना दबदबा जारी रखा। भारत ने महिला डबल ट्रैप में भी क्लीन स्वीप किया। इसमें अनुष्का भाटी (93), प्रणिल इंगले (89) और हाफिज कॉन्ट्रैक्टर (87) ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किये। इस तिकड़ी ने 269 के कुल स्कोर के साथ टीम स्वर्ण पदक भी जीता।

### भारतीय भारोत्तोलकों ने सात पदक जीते

**अहमदाबाद :** भारतीय भारोत्तोलकों ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप के पांचवें दिन सीनियर वर्ग में एक रजत और एक कांस्य सहित कुल सात पदक जीते जबकि उभरते हुए स्टार साईराज परदेशी ने रिकॉर्ड प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। मौजूदा राष्ट्रीय खेलों के चैंपियन दिलबाग सिंह ने पुरुषों की 94 किग्रा स्पर्धा में कुल 342 किग्रा (153 किग्रा स्नैच + 189 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर रजत पदक जीता।

### भारत दिसंबर में मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली :** विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने शुक्रवार को यहां बताया कि भारतीय एथलेटिक महासंघ (एएफआई) अंतर्राष्ट्रीय अल्ट्रारनर सं (आईएयू) के सहयोग से दिसंबर में 50 किमी विश्व चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। सुमारिवाला ने कहा कि भारत आईएयू 50 किमी विश्व चैंपियनशिप की एक सीरीज की मेजबानी करेगा।

# एशिया कप में भारत का विजयी आगाज

## निचली रैंकिंग वाली चीन की टीम को 4-3 से हराया, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने लगाई हैट्रिक

**राजगीर (बिहार), एजेंसी**



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह (मध्य) जीत के बाद टीम के साथ जश्न मनाते हुए। एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक के बावजूद भारतीय टीम का एशिया कप हॉकी के पहले मैच में निचली रैंकिंग वाली चीन के खिलाफ प्रदर्शन निराशाजनक रहा हालांकि मेजबान ने 4-3 से जीत दर्ज की।

हरमनप्रीत ने 20वें, 33वें और 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए जबकि जुगराज सिंह ने 18वें मिनट में गोल दागा। हरमनप्रीत हालांकि एक पेनल्टी स्ट्रोक चूक गए। चीन के लिए डु शिन्हाओ (12वां), चेन बेन्हाइ (35वां) और गाओ जीशेंग (42वां) ने गोल किए। पिछले दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम भले ही मैच जीत गई हो लेकिन प्रदर्शन एकदम लचर रहा और उसने चीन को मैच में बने रहने के मौके दिए। भारतीय टीम 11 में से चार पेनल्टी कॉर्नर ही भुना सकी।

भारत ने आक्रामक शुरुआत की और पहले ही मूव पर पहला मौका बनाया। मनदीप सिंह ने संजय को गेंद सौंपी लेकिन चीन के गोलकीपर वेइहाओ यांग ने उनका शॉट बचा लिया। भारत ने दबाव बनाये रखा और पहला पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया। मनदीप ने इस पर गोल कर दिया था लेकिन चीन के रेफरल के बाद उसे अमान्य करार दिया गया। कुछ मिनट बाद दिलप्रीत सिंह ने करीब से रिवर्स हिट लगाई लेकिन चीन के गोलकीपर ने उसे बचाया। चीन ने पहले पेनल्टी कॉर्नर पर 12वें मिनट में बढ़त बनाई। पहले क्वार्टर से एक मिनट बाकी रहते भारत के पास फिर मौका था लेकिन पहले अभिषेक का शॉट वेहाओ ने बचाया और फिर दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत की फ्लिक बाहर से निकल गई। दूसरे क्वार्टर के तीन मिनट के भीतर भारत ने बराबरी की जब जुगराज ने गोल दागा। दो मिनट बाद भारत को चौथा पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार हरमनप्रीत ने कोई चूक नहीं की। एक मिनट बाद मिला एक और पेनल्टी कॉर्नर हालांकि बेकार गया। चीन को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन शॉट बाहर निकल गया। भारत को हाफटाइम से तीन मिनट पहले फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन हरमनप्रीत की फ्लिक को वेइहाओ ने बायीं ओर डाइव लगाकर बचाया।

तीसरे क्वार्टर के तीसरे मिनट में भारत ने हरमनप्रीत के गोल के दम पर बढत पुख्ता की। दो मिनट बाद हालांकि चीन के लिए चेन ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। भारत के पास 39वें मिनट में एक और गोल करने का मौका था लेकिन पेनल्टी स्ट्रोक पर हरमनप्रीत का निशाना चूका और गेंद पोस्ट से टकरा गई। भारत को अब रविवार को जापान से खेलना है।

### टीम का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं : फुल्टन

**राजगीर :** भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन पुरुष हॉकी टीम के एशिया कप के पहले मैच में कमजोर चीन के खिलाफ प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं है, लेकिन उन्हें इस बात की खुशी है कि टीम ने अपना अभियान जीत के साथ शुरू किया। विश्व रैंकिंग में सातवें पायदान पर काबिज भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में 23वें नंबर के चीन के खिलाफ 4-3 की संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। फुल्टन ने मैच के बाद मीडिया से बातचीत में कहा हमारे लिए मैच का पहला हाफ अच्छा था, हम अच्छी स्थिति में थे और फिर कुछ गलतियां कीं। हमारे पास सुधार करने का मौका था। यह अच्छा रहा कि दूसरे हाफ में हमें कुछ पेनल्टी कॉर्नर मिले और हमने उन्हें गोल में बदला। पेनल्टी स्ट्रोक चूकना दुर्भाग्यपूर्ण था। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने तीन पेनल्टी कॉर्नर गोल में बदले लेकिन दूसरे हाफ में एक पेनल्टी स्ट्रोक पर चूक गए।

# राजीव शुक्ला बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष बने

- एशिया कप से पहले बड़ा बदलाव रोजर बिन्नी ने छोड़ा पद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



राजीव शुक्ला। एजेंसी

एशिया कप 2025 में भारत का पहला मैच यूएई के साथ 10 सितंबर को है, जिसे शुरू होने में अब दो हफ्ते से भी कम का समय बचा है। इस बीच राजीव शुक्ला को बीसीसीआई का कार्यवाहक अध्यक्ष बना दिया गया है। रोजर बिन्नी ने अध्यक्ष का पद छोड़ दिया है। अध्यक्ष पद का चुनाव सितंबर में हो सकता है।

जानकारी के मुताबिक 27 अगस्त को राजीव शुक्ला के नेतृत्व में बीसीसीआई के अधिकारियों की बैठक हुई थी। इस दौरान भारतीय टीम के टाइटल स्पॉन्सर के रूप में ड्रीम11 से करार खत्म होने और नए करार को तलाशने पर भी चर्चा हुई। बता दें कि 2022 में सौरभ गांगुली के अध्यक्ष पद से हटने के बाद रॉजर बिन्नी ने ये पद संभाला था। वह 70 साल से अधिक के हो चुके हैं।

राजीव शुक्ला का जन्म 13 सितंबर, 1959 को हुआ था। वह अभी 66 साल के हैं। वह पहले पत्रकार थे, जो बाद में राजनीती में आए और फिर भारतीय क्रिकेट में एक खास जगह बनाई। वह 2015 में आईपीएल चेयरमैन नियुक्त किए गए. 18 दिसंबर, 2020 को उन्हें बीसीसीआई का उपाध्यक्ष बनाया गया था. वर्तमान में वह छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसदों में से एक हैं।

नियम के अनुसार, किसी भी बीसीसीआई पदाधिकारी को 70 साल की उम्र के बाद पद छोड़ना होता है। 19 जुलाई 1955 को जन्में रोजर बिन्नी 70 साल के हो चुके हैं, ऐसे में वह अध्यक्ष पद पर बने रहने के अयोग्य हैं। खबर के मुताबिक नए अध्यक्ष चुने जाने तक राजीव शुक्ला कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे। ध्यान रहे बीसीसीआई लोढ़ा समिति की सिफारिशों पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बने संविधान पर ही चलता है। जिसके अनुसार बीसीसीआई पदाधिकारियों के पद पर बने रहने की अधिकतम आयु 70 वर्ष है।

# थलाइवाज ने टाइटंस को हराया

**प्रो कबड्डी लीग**

**विशाखापट्टनम :** अपने दो स्टार रेडरों-अर्जुन देसवाल और कप्तान पवन सेहरावत के शानदार खेल की बदौलत तमिल थलाइवाज ने शुक्रवार को विश्वनाध स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के पहले मुकाबले में मेजबान तेलुगू टाइटंस को 38-35 से हरा दिया।

रोमांच से भरे मुकाबले में कई बार पासा पलटा पर मैच का परिणाम पवन के सुपर रेड से हुआ। टाइटंस के लिए भरत हुड्डा ने 11 अंक जुटाकर टाइटंस को मैच में लगातार बनाए रखा जबकि कप्तान विजय मलिक ने 6 अंक के साथ उनका अच्छा साथ दिया पर उनकी मेहनत बेकार चली गई। एक समय टाइटंस 7 अंक की लीड के साथ जीत की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन थलाइवाज ने आलआउट लेते हुए न सिर्फ पासा पलटा बल्कि परिणाम भी पलट दिया। देसवाल ने मैच की अपनी दूसरी रेड पर भरत को आउट कर थलाइवाज को आगे कर दिया।

# मेजर ध्यानचंद को मिले भारत रत्न

**नई दिल्ली :** उनके नाम पर राष्ट्रीय खेल सम्मान, उनका जन्मदिन 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस और देश भर में अनेक स्टेडियमों पर उनका नाम लेकिन हॉकीप्रेमियों को यह कचोटता है कि तमाम आंदोलनों, आरटीआई और अपीलों के बावजूद मेजर ध्यानचंद को आज तक भारत रत्न क्यो नहीं मिल सका? केंद्र सरकार ने 2021 में देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार कर दिया। सवाल यह है कि जनभावना को देखते हुए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिये उनके नाम पर विचार क्यो नहीं किया जा रहा।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और तीन बार के ओलंपियन दिलीप टिर्की ने 2016 में इस मांग को लेकर जंतर मंतर पर आंदोलन की अगुवाई की और संसद में भी मसला उठाया लेकिन हर कोशिश नाकाम रही। टिर्की ने कहा ध्यानचंद अपने दौर में दुनिया के सबसे बड़े खिलाड़ी थे। देश के सबसे बड़े खेल पुरस्कार उनके नाम से, नेशनल स्टेडियम उनके नाम से तो भारत रत्न क्यो नहीं। लगातार तीन ओलंपिक (1928, 1932 और 1936) में स्वर्ण पदक दिलाने में ध्यानचंद सूत्रधार रहे।

# सिंधु की छठे पदक की उम्मीद टूटी

**विश्व बैडमिंटन**

**पेरिस, एजेंसी**



बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के महिला क्वार्टर फाइनल में पीवी सिंधु रिटर्न करती हुईं।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में छठा पदक जीतने का सपना शुक्रवार को इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से तीन गेम तक चले कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हारने से टूट गया। सिंधू 2019 की विश्व चैंपियन हैं। इस प्रतियोगिता में पांच बार की पदक विजेता सिंधू रिकॉर्ड छठे पोडियम स्थान पर पहुंचने की उम्मीद कर रही थीं। लेकिन फिनिशिंग लाइन पर लड़खड़ा गईं और 64 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त वर्दानी से 14-21, 21-13, 16-21 से हार गईं।

हैदराबाद की 30 वर्षीय सिंधु ने 2013 में ग्वांग्झू में अपना पहला पदक जीता था। एक साल बाद उन्होंने कोपेनहेगन में एक और कांस्य पदक अपने नाम किया। फिर ग्लासगो (2017) और नानजिंग (2018) में उपविजेता रहीं तथा 2019 में बासेल में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। लगातार ओलंपिक (रियो 2016 में रजत और तोक्यो 2020 में कांस्य) में पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधू 2022 राष्ट्रमंडल खेलों का खिताब जीतने के बाद से मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। चोटों, रैंकिंग में गिरावट और लगातार कोचिंग बदलावों ने पेरिस ओलंपिक की तैयारी में उनकी लय को बिगाड़ दिया है जहां उनका सपना तीसरा ओलंपिक पदक जीतना है। वर्दानी के खिलाफ इस मैच से पहले उनका रिकॉर्ड 2-2 की बराबरी पर था। सिंधु को अंक हासिल करने में काफी संघर्ष करना पड़ा। इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने मुश्किल क्षणों में संयम दिखाया और अपना पहला विश्व चैंपियनशिप पदक पक्का किया। वर्दानी ने शुरुआती गेम में एंगल और स्मैश का इस्तेमाल करके सिंधु पर दबाव बनाया। सिंधु की कई गलतियों के कारण इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने जीत हासिल कर ली।

### ध्रुव- तनिषा की जोड़ी भी बाहर

ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी चेन तांग जी और तोह ई वेई की मलेशियाई जोड़ी से सीधे गेम में हारकर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गई। इससे भारतीय जोड़ी के इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला मिश्रित युगल पदक जीतने की उम्मीद भी टूट गई। उन्हें दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 37 मिनट में 15-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

**डायमंड लीग** | **चोपड़ा ने कहा- विश्व चैंपियनशिप तक हासिल कर लेंगे लय**

# फाइनल में टाइमिंग अच्छी नहीं रही

**ज्यूरिख, एजेंसी**



भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने स्वीकार किया कि डायमंड लीग फाइनल में उनकी टाइमिंग अच्छी नहीं थी लेकिन उन्हें उम्मीद है कि अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप तक वह लय हासिल कर लेंगे। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा लगातार तीसरी बार डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे।

जर्मनी के जूलियन वेबर ने 90 मीटर से अधिक के दो थ्रो फेंककर खिताब जीता। चोपड़ा पांचवें दौर तक तीसरे स्थान पर थे लेकिन 85.01 मीटर के थ्रो के साथ वह दूसरे स्थान पर पहुंचे। लंदन ओलंपिक 2012 के स्वर्ण पदक विजेता त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट 84.95 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को फाइनल के बाद कहा आज टाइमिंग अच्छी नहीं रही और रनअप खराब रहा। अभी हालांकि विश्व चैम्पियनशिप में तीन सप्ताह का समय है और मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगा। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा ने इस साल दोहा डायमंड लीग में पहली बार 90 मीटर की बाधा पार की लेकिन वह कई बार कह चुके हैं कि लगातार इस आंकड़े तक पहुंचने के लिये उन्हें अपनी तकनीक में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा यह उतना बुरा नहीं था। लेकिन हम विश्व चैम्पियनशिप के काफी करीब है लिहाजा सुधार जरूरी है। कुछ चीजें अच्छी रही और कुछ नहीं। आखिरी प्रयास में मैंने 85 मीटर का थ्रो फेंका, लेकिन मैं जूलियन के लिये बहुत खुश हूं जिसने 91 मीटर का थ्रो फेंका। हम तीन सप्ताह बाद फिर मिलेंगे।

### दूसरे स्थान पर करना पड़ा संतोष

डायमंड लीग फाइनल 2025 के पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में भारत के नीरज चोपड़ा ने 85.01 मीटर थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं जर्मनी के जूलियन वेबर ने 91.51 मीटर का थ्रो कर खिताब अपने नाम किया। लेट्ज़िग्रुंड स्टेडियम में हुए मुकाबले में भारत के नीरज चोपड़ा ने प्रतियोगिता की शुरुआत अच्छी की थी और पहले प्रयास में 84.35 मीटर फेंका। हालांकि बीच के तीन प्रयासों में लगातार फाउल के कारण वे पीछे रह गए। पांचवां थ्रो भी नाकाम रहा, लेकिन नीरज ने छठे और अंतिम प्रयास में शानदार वापसी करते हुए 85.01 मीटर की दूरी दर्ज की और दूसरे स्थान पर रहे।

# डोना को हराकर गॉफ तीसरे दौर में

**न्यूयॉर्क :** गत चैंपियन कोको गॉफ ने क्रोएशिया की डोना वेकिच को हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। आर्थर ऐश स्टेडियम में गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में अमेरिकी दिग्गज गॉफ ने पहले सेट में कड़ी टक्कर दी और फिर लय में आकर क्रोएशिया की डोना वेकिच को 7-6(5), 6-2 से हराकर मैच अपने नाम कर लिया। गॉफ का अगला मुकाबला 28वीं वरीयता प्राप्त पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेच से होगा। वहीं, जापान की नाओमी ओसाका 2021 के बाद पहली बार अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई जिन्होंने हैली बापटिस्टे को 6-3, 6-1 से हराया।

वीनस विलियम्स ने युगल मैच जीता। उन्होंने लैला फर्नांडिज के साथ मिलकर उन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एन किचेनोक और एलेन पेरेज की जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराया।

विंबडन पुरुष एकल खिताब विजेता यानिक सिनेर ने अलेक्सेइ पोपिरिन को 6-3, 6-2, 6-2 से मात दी। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने जैकब फीयर्नली को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया।


